सुप्रभात
रांची, शनिवार
20.01.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 188

12 गणतंत्र दिवस पर दो महिला पायलट उड़ायेंगी फाइटर जेट

न्यूज डायरी

इडी दफ्तर नहीं पहुंचे साहेबगंज के डीसी

रांची। इडी के दूसरे समन पर भी साहेबगंज उपायुक्त रामनिवास यादव शुक्रवार को इडी ऑफिस नहीं पहुंचे। अवैध खनन मामले में उनसे पूछताछ करने वाली थी। इडी ने 17 को उन्हें दूसरा समन भेजकर 11 बजे रांची जोनल ऑफिस आने को कहा था। इससे पहले इडी ने डीसी को 11 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। तब भी वह नहीं पहुंचे थे।

एक राष्ट्र, एक चुनाव यहां उचित नहीं: खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि कांग्रेस 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का पुरजोर विरोध करती है। समिति के सचिव नीतेन चंद्र को भेजे सुझाव में उनका यह भी कहना था कि एक साथ चुनाव कराने का विचार संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध है।

जेजेएमपी के चार सदस्य गिरफ्तार, हथियार बरामद

मेदिनीनगर। पुलिस ने जेजेएमपी के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से हथियार भी बरामद किया है। गिरफ्तार नक्सलियों से पूछताछ जारी है। गिरफ्तार नकसिलियों में राजू कुमार साव, धर्मेंद्र भुइयां, जगन उरांव और सतन उरांव हैं।

व्यवसायी हत्याकांड के विरोध में थाना का घेराव

मेदिनीनगर। छतरपुर में व्यवसायी शुभम गुप्ता की हत्या के विरोध में परिजन, व्यवसायी एवं स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा है। हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने तीन घंटे तक थाने का घेराव किया। इस क्रम में थाना प्रभारी को बर्खास्त करो, डीएसपी मुदार्बाद के नारे लगाये। बाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप से धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

एसबीआइ के सीएसपी से 4.40 लाख की लूट

मेदिनीनगर। छतरपुर थाना क्षेत्र के खजुरी नौडीहा पुलिस पिकेट के समीप एसबीआई के एक ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएसपी) में शुक्रवार को दिनदहाड़े 4.40 लाख की लूट हो गयी। सूचना के बाद पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुट गयी है। लूट के बाद संचालक को बंद करके अपराधी फरार हो गये।

हजारीबाग डेली मार्केट में आग, करोड़ों की क्षति

हजारीबाग। डेली मार्केट में लगी आग में डेढ़ दर्जन से अधिक दुकानें जलकर राख हो गयीं। आग से करीब डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान है। जो दुकानें जलीं हैं, सभी मनिहारी की दुकानें थीं। लगभग हर दुकान में 10 से 15 लाख रुपए मूल्य के सामान थे। लोगों ने आग को बुझाने की कोशिश की, लेकिन धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दमकल वाहनों ने पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन बहुत ज्यादा फायदा नहीं हुआ। जब तक आग पर काबू पाया जाता, 15 दुकानें जलकर खाक हो चुकीं थीं।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 58,400 रु./10 ग्राम
चांदी : 75,000 रु./प्रति किलो

मुख्यमंत्री के बुलावे पर आज इडी करेगी पूछताछ

पुलिस घेरे में सीएमओ जायेंगे इडी अधिकारी

आदिवासी संगठनों में आक्रोश, रांची में प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को पूछताछ के लिए सीएम हेमंत सोरेन ने पत्र भेज कर 20 जनवरी को सीएम आफिस ही बुलाया है। इडी के अधिकारी शनिवार को दोपहर 12 बजे सीएम हाउस पहुंचेंगे, इसके बाद आवास में ही सीएम से पूछताछ होगी। सीएम से पूछताछ को ले कर किसी भी आशंका को देखते हुए रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित इडी दफ्तर की सुरक्षा काफी कड़ी कर दी गयी है। शहर में भी सुरक्षा कड़ी है। सीएम का बयान दर्ज होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इडी अब आगे कौन सा कदम उठायेगी। इसके पहले सीएम ने इडी के सात समन को गैर संवैधानिक बताते हुए नजरअंदाज कर दिया था।

सुरक्षा कड़ी

पूछताछ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर इडी ने मुख्य सचिव, डीजीपी और रांची एसएसपी को पहले ही भी पत्र भेजा था। उसी आलोक में रांची पुलिस ने सीएम हाउस, इडी आफिस के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। इडी के अफसर जो सीएम हाउस में पूछताछ के लिए जायेंगे, उनके लिए भी इडी कार्यालय से सीएम हाउस तक विशेष तौर पर स्कॉट की व्यवस्था की गयी है।

राजभवन के बाहर प्रदर्शन

इधर, सीएम को इडी के द्वारा प्लगातार परेशान किये जाने को ले कर आदिवासी संगठनों में आक्रोश है। शुक्रवार को आदिवासी संगठनों ने एक आदिवासी सरकार और आदिवासी मुख्यमंत्री को अस्थिर करने का प्रयास का आरोप लगाते हुए मोरहाबादी मैदान से राजभवन तक मार्च किया। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि इडी हेमंत सोरेन को तंग करेगी तो उनके समर्थक राज्य भर में उग्र प्रदर्शन करेगी। जहरीला तीर चलेगा। शुक्रवार को इडी-सीटी होश में आओ, केंद्र सरकार मुदार्बाद जैसे नारों के साथ तख्तियां लेकर हजारों की संख्या में आदिवासी संगठनों ने प्रदर्शन किया। संगठनों ने कहा कि पूरा आदिवासी समाज हेमंत सोरेन के साथ खड़ा है।

नींबू पहाड़ अवैध खनन मामले की जांच पर रोक

हाइकोर्ट ने कहा, सीबीआइ ने जांच की नहीं ली सहमति

अगली सुनवाई 9 को

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। साहिबगंज जिला स्थित नींबू पहाड़ पर हुए अवैध खनन मामले में बिना राज्य सरकार की सहमति और बगैर हाइकोर्ट आदेश के सीबीआइ द्वारा एफआईआर दर्ज करने को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने नींबू पहाड़ पर अवैध खनन को लेकर सीबीआइ द्वारा की जा रही जांच पर रोक लगा दी। साथ ही सीबीआइ को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई अब 9 फरवरी को होगी।

सरकार ने दी थी चुनौती : राज्य सरकार ने सीबीआइ द्वारा नींबू पहाड़ में अवैध खनन मामले में दर्ज एफआईआर को कानून सम्मत नहीं बताते हुए इसे चुनौती दी थी। कहा था कि बिना सरकार की सहमति और बगैर हाई कोर्ट के अनुमति के ही सीबीआइ ने प्राथमिकी दर्ज किया है, जो गलत है। वहीं विजय हांसदा मामले में हाईकोर्ट ने सिर्फ यही आदेश दिया था कि विजय हासदा किस कारण से नींबू पहाड़ में अवैध खनन मामले की जांच सीबीआइ जांच के आग्रह को वापस लेना चाहते हैं इसकी प्रारंभिक जांच की जाये। मामले में राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महाधिवक्ता राजीव रंजन, मनोज कुमार एवं अशोक कुमार यादव ने पैरवी की।

(शेष पेज 11 पर)

भारत पेरिस ओलंपिक से बाहर, जापान ने भी दी मात

रांची। भारतीय हॉकी फैंस के लिए शुक्रवार बेहद बुरा दिन रहा। भारतीय महिला हॉकी टीम इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले पायेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम ने ओलंपिक में हिस्सा लेने का आखिरी मौका गंवा दिया। क्वालिफर्स मुकाबले में जापान के हाथों 0-1 से मिली हार के बाद भारत ने प्वाइंट्स टेबल में 4 नंबर पर फिनिश किया। 2020 टोक्यो ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम नंबर 4 पर फिनिश करने में कामयाब रही थी और उसने फैंस को इस गेम के साथ दोबारा जुड़ने की नयी उम्मीद दी थी, लेकिन 3 साल बाद फैंस के हाथ निराशा आयी। जापान के खिलाफ नंबर तीन के लिए क्वालिफाई की लड़ाई में भी भारतीय टीम विफल रही।

रांची को मिला स्मार्ट सिटी इंडिया अवार्ड

ग्रीनफील्ड टाउनशिप के प्रोत्साहन के लिए मिला सम्मान

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। स्मार्ट सिटी के विकास की राह में रांची स्मार्ट सिटी के द्वारा नित प्रतिदिन नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसे राष्ट्रीय स्तर पर हमेशा सराहना मिलती है। इसी क्रम में रांची स्मार्ट सिटी एकबार फिर राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में पिछले तीन दिनों से आयोजित 31 वां कन्वर्जेंस इंडिया और 9वीं स्मार्ट सिटी इंडिया एक्सपो में रांची को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को कनन्वर्जेंस इंडिया कार्यक्रम में रुस के मास्को शहर के मंत्री सर्गेई चेरेमिन के द्वारा यह सम्मान दिया गया। रांची स्मार्ट सिटी की ओर से सीईओ अमित कुमार और जीएम (टेक्निकल) राकेश कुमार नंदक्योलियार नें सम्मान ग्रहण किया। यह अवार्ड स्टेट ऑफ ऑर्ट ग्रिनफिल्ड टाउनशिप के लिए दिया गया। वेस्ट वाटर को रीसाइकिल कर पुनः सेकेंड्री वाटर के रुप में आपुर्ति की व्यवस्था की गयी है। पूरे स्मार्ट सिटी में सोलर एनर्जी को प्रोत्साहित किया गया है।

क्या है ग्रिन बिल्डिंग इनिशिएटिव : दरअसल रांची स्मार्ट सिटी का यह मैनडेट है कि 656 एकड़ जमीन पर विकसित हो रहे एबीडी क्षेत्र में निर्मित होनेवाली हर बिल्डिंग कम से कम ग्रिहा 2 रेटिंग का होना चाहिए,डेवल पर अगर चाहे तो वो ग्रिहा 5 रेटिंग तक बिल्डिंग का निर्माण कर सकते हैं। इसके साथ हीं इस नए क्षेत्र में ग्रिन इनिशिएटिव के रुप में कई कदम उठाए गए हैं।

(शेष पेज 11 पर)

लालू-तेजस्वी को समन इडी ने 29-30 को बुलाया

नयी दिल्ली। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। इडी ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव को अपने पटना कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने को लेकर फिर से समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को दी जानकारी में बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के मामले में दोनों को पटना कार्यालय में उपस्थित होने के लिए नया समन जारी किया है। लालू को 29 और तेजस्वी यादव को 30 जनवरी को बुलाया गया है। इडी ने समन देने के लिए लालू प्रसाद यादव की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित आधिकारिक आवास पर गयी थी।

भये प्रगट कृपाला, दीन दयाला...

रामलला की तस्वीर आयी सामने, मनमोहक मुस्कान और चेहरे से झलक रहा तेज



तीर-धनुष, चेहरे पर मधुर मुस्कान, माथे पर तिलक समेत विराजे प्रभु श्रीराम

एजेंसी

अयोध्या। राममंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। इससे पहले भगवान श्रीराम की भव्य और अद्भुत मूर्ति की पहली पूर्ण तस्वीर सामने आयी है। रामलला की मूर्ति काफी आकर्षक लग रही है। चेहरे पर मुस्कान भगवान राम की विनम्रता और मधुरता के बारे में बताती है। रामलला का स्वरूप साक्षात राम भगवान की तरह ही प्रतीत होता है। पहली नजर में रामलला की ये मूर्ति देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर देती है। धनुष तीर लेकर खड़े हैं श्रीराम। आस्था और आध्यात्म की झलक इस मूर्ति से झलकती है, जो पहली ही नजर में राम भक्तों को आकर्षित करती है। भगवान राम के मस्तक पर लगा तिलक सनातन धर्म की विराटता को दर्शाता है, जो देखने वालों को भक्ति की एक अलग दुनिया में ले जाता है। गुरुवार को विशेष पूजा-अर्चना के बाज मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया गया था।

प्रतिमा पर ऊं, गणेश, चक्र, शंख, गदा, स्वास्तिक और हनुमान की आकृति

मूर्ति में ऊं, गणेश, चक्र, शंख, गदा, स्वास्तिक और हनुमान की आकृति बनी हुई है।राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा और दोपहर एक बजे समाप्त होगा। दरअसल, प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित हजारों लोग शामिल होंगे। मैसूर स्थित मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा बनायी गयी भगवान राम की मूर्ति 51 इंच की है। राम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार राम मंदिर में 16 सेरामलला के लिए अनुष्ठान शुरू हुआ है, जो 21 जनवरी तक चलेगा। रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए जरूरी हर अनुष्ठान 121 आचार्य के नेतृत्व में चल रहा है।

पीएम मोदी होंगे शामिल

पीएम मोदी 22 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। मौसम को देखते हुए एक दिन पहले भी पीएम अयोध्या पहुंच सकते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के अगले दिन अगले दिन मंदिर जनता के लिए खोले जाने की उम्मीद है।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले भावी खतरे की आशंका पर अयोध्या में हाई अलर्ट

भगवान श्रीराम और माता जानकी के लिए पहुंच रहे अनोखे उपहार

अयोध्या राम मंदिर
रामलला आ रहे हैं...

एजेंसी

अयोध्या। अपने भगवान राम के स्वागत के लिए अयोध्या नगरी दुल्हन की तरह सज चुकी है। 22 प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के बाद प्रभु श्री रामलला को मंदिर में विराजमान हो जायेंगे। ऐसे में राम मंदिर के लिए देश-विदेश से कई उपहार आ रहे हैं। माता सीता की जन्मभूमि नेपाल से भी भर-भर के उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। अयोध्या के दौरे के दौरान श्रीलंका से आए प्रतिनिधिमंडल अपने साथ अशोक वाटिका से एक चट्टान भी उपहार के रूप लेकर आये हैं। वहीं राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। गृह मंत्रालय को अयोध्या में संदिग्ध सिक्योरिटी ब्रिच संबंधी इनपुट के बाद अलर्ट जारी किया गया है। अलर्ट जारी करने के साथ अयोध्या और उसके आसपास पुलिस और अन्य सिक्योरिटी बलों की संख्या बढ़ा दी गयी है।

अयोध्या पहुंच रहे हैं अनोखे उपहार : राम मंदिर के लिए देश-विदेश से कई उपहार आ रहे हैं। इनमें 44 फीट ऊंचा ध्वज, 2100 किलो का घंटा, 108 फीट लंबी अगरबत्ती, 1100 किलो का दीपक, मथुरा के 200 किलो लड्डू, हैदराबाद से सोने के जूते, अलीगढ़ से का 10 फीट ऊंचा ताला, माता की साड़ी प्रमुख है। हैदराबाद के भक्त अपने भगवान राम के लिए सोने की जूतियां ले कर आये हैं। अपने कारसेवक पिता की इच्छा पूरी करने के लिए हैदराबाद के 64 वर्षीय चल्ला श्रीनिवास शास्त्री अयोध्या सोने की जूतियां लाये हैं। श्रीलंका से अशोक वाटिका की एक चट्टान भी उपहार के रूप में आया है।

(शेष पेज 11 पर)

दिन में तीन बार होगी आरती

श्रीराम मंदिर में पूरे दिन में तीन बार आरती होगी। श्रद्धालुओं को प्रदान की गयी सूची से अपनी पसंदीदा आरती का चयन करने की सुविधा दी गयी है। यह सुनिश्चित करता है कि श्रद्धालु उद्घाटन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व में पूरी तरह से शामिल हो सकें, जिससे अयोध्या में ऐतिहासिक श्री राम मंदिर के प्रति जुड़ाव और भक्ति की भावना को बढ़ावा मिले। तीन दैनिक आरती समारोह क्रमशः सुबह 6:30 बजे, दोपहर 12:00 बजे और शाम 7:30 बजे निर्धारित है।

धनबाद में तीसरे दिन भी आइटी रेड, करोड़ों नकद व जेवरात मिले

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद । आयकर विभाग का छापा शुक्रवार को तीसरे दिन भी धनबाद में जारी है। अब तक करोड़ों रुपए नगद और करोड़ों के जेवरात मिल चुके हैं। यह रेड टैक्स चोरी को लेकर की जा रही है। बुधवार की सुबह से ही जिले में आईटी की रेड चल रही है। कोयला कारोबारी अनिल गोयल और दीपक ोद्दार के ठिकाने पर आईटी की लंबी रेड गुरुवार की रात भी जारी रही। बुधवार को जहां करीब 3 करोड़ नकद रुपए मिलने की बात सामने आई थी, वहीं गुरुवार को एक करोड़ नगद रुपए के बरामद होने की बात कही जा रही है। वहीं बरामद जेवरात की कीमत भी करोड़ों में बतायी जा रही है। जेवरात का आकलन किया जा रहा हैं। आकलन होने के बाद इनके कागजातों की जांच की जायेगी। इसके साथ ही कोयला आधारित कारोबारियों के प्रतिष्ठानों से भारी मात्रा में कोयले का स्टॉक बरामद हुआ है। कोयला कंपनी बीसीसीएल और सीसीएल से कोयले की मापी कराई जा रही है। इस बड़ी कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप है। मिली जानकारी के अनुसार अभी यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। आईटी विभाग को दर्जन भर बैंक लॉकर मिले हैं। इन बैंक लॉकरों की जांच पड़ताल कर रही है। इसके साथ ही जमीन से जुड़े कई दस्तावेज आईटी की टीम को हाथ लगे हैं।

खबर एक नजर में

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने मंत्री बन्ना गुप्ता से औपचारिक मुलाकात की

रांची। स्वास्थ्य विभाग में प्रधान सचिव के पद पर अजय कुमार सिंह शुक्रवार को योगदान दे दिया बताते चलें कि राज्य के ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह राज्य के स्वास्थ्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अधिसूचना जारी होने के दूसरे ही दिन उन्होंने स्वास्थ्य जी के पद पर योगदान दे दिया। इस मौके पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने उनसे मिलकर बधाई दी है।

राजकुमारी देवी एवं गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका पर 2 फरवरी को सुनवाई

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी एवं वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में प्रार्थी की ओर से बहस की गई, जो अभी भी जारी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 2 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। यहां बता दे की पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने गेंदा राम और राजकुमारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद इन दोनों की ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है।

सीए मुकेश मित्तल की जमानत पर दो को सुनवाई

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बताया गया की याचिका की त्रुटि दूर कर ली गई है। इसके बाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले के चार्जशीटेड आरोपी मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 2 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।

इडी की पूछताछ से अराजक माहौल बनाने की कोशिश : प्रतुल

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि ईडी की पूछताछ से अराजक माहौल बनाने की कोशिश की गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रायोजित आक्रोश प्रदर्शनों के नाटकों पर लगाम लगे। उन्होंने कहा कि राजभवन के पास हुए प्रदर्शन में आम आदिवासी नहीं बल्कि अधिकांश झामुमो कार्यकर्त्ता थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ईडी के पूछताछ के पहले सत्ताधारी गठबंधन द्वारा पूरे राज्य में आक्रोश और भय का जबरदस्ती माहौल दिखाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने ईडी के अधिकारियों पर हमले का आह्वान किया था। झामुमो के प्रवक्ता कह रहे कि जनता में आक्रोश है और कुछ भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि जनता में इस बात को लेकर भी आक्रोश है कि मुख्यमंत्री की सरकार ने चार वर्ष तक खूब भ्रष्टाचार किया। प्रतुल ने कहा कि चुनाव में प्रदेश के आदिवासी मूलवासी हेमंत सरकार को उखाड़ फेकेंगे।

राज्यपाल ने हजारीबाग में 69वां अक्षयपात्र केंद्रीयकृत रसोई केंद्र का किया शुभारंभ

एक लाख विद्यार्थियों को प्रतिदिन गर्म ताजा व पौष्टिक मध्याह्न भोजन मिलेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग/रांची। झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को हजारीबाग के मुकुंदगंज डेमोटांड में अक्षयपात्र केन्द्रीयकृत रसोई केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस केन्द्रीयकृत रसोई के माध्यम से पूरे जिले के एक लाख स्कूली बच्चों को गर्म, ताजा एवं पौष्टिक भोजन मिलेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से किचन का संचालन होगा। किचन के लिए अनाज एवं सब्जी की खरीदारी स्थानीय जगह से होगी जिससे यहां के किसानों को आर्थिक लाभ होगा तथा अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

राज्यपाल ने कहा कि एकीकृत रसोई से बच्चों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता समान रूप से मिलने से उनको संपूर्ण पोषण मिलेगा। उन्होंने विवेकानंद के वाक्य 'भूखे को उपदेश की जगह खाना मिले' का जिक्र करते हुए कहा कि इसी बात को समझते हुए अक्षय फाउण्डेशन किचन का संचालन न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी संचालित कर रहा है। हजारीबाग का यह केन्द्र झारखण्ड में इस तरह का पहला केन्द्रीयकृत किचन होगा जिसके माध्यम से एक समय पर एक लाख बच्चों के लिए पोषक भोजन तैयार कर उनके विद्यालयों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने अक्षय फाउण्डेशन के द्वारा एमडीएम की राशि में अक्षय के आधे से अधिक अंशदान के द्वारा भोजन की गुणवत्ता को सुनिश्चित कराये जाने की भी बात बताई।

अक्षयपात्र रसोई का लोकार्पण ऐतिहासिक : जयंत

सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि अक्षयपात्र रसोई का लोकार्पण राज्य एवं जिला के लिए एतिहासिक है। बच्चों को सीधे तौर पर पोषक एवं प्रचूर मात्रा में आहार उपलब्ध कराने सहित स्थानीय कृषकों एवं आमजनों को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा। पोषक आहार बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास में सहायक साबित होगा। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि अक्षयपात्र रसाई सेवा के तरीका है शिक्षा विभाग के लिए यह वरदान साबित होगा। साथ ही पौष्टिकता के मानकों पर यह केन्द्र खरा उतरेगा।

68 रसोई केंद्र पूरे देश में पूर्व से हैं संचालित

फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के द्वारा केन्द्रीकृत रसोई के बारे में जानकारी दी गई कि इस तरह के 68 केन्द्र पूरे देश में पूर्व से संचालित हैं। हजारीबाग में यह केन्द्र प्रतिदिन एक लाख सरकारी स्कूल के बच्चों को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराएगी, जिसमें तहत पहली से आठवी कक्षा के बच्चे शामिल हैं। इसके निर्माण एवं संचालन में भारतीय विमानन पतनण प्राधिकरण, सीडबी केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भागीदारी है। इस दौरान अतिथियों को केन्द्र के मशीनरी एवं कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। मौके पर डीएमएफटी मद से जिला के विभिन्न प्रखण्डों में 89 किचन शेड के शिलन्यास सहित जिला परिषद चौक स्थित पुस्तकालय एवं संग्राहालय का शिलन्यास किया गया।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पलामू कार्यक्रम मामले में प्रार्थी की आइए हाइकोर्ट में स्वीकृत

सोमवार तक फ्रेश संशोधन पिटीशन दाखिल करने का निर्देश, बुधवार को होगी फाइनल सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम सरकार) के 10 से 15 फरवरी 2024 के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने प्रार्थी कि उस हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकार कर लिया। जिसमें उसने 10 दिसंबर के पलामू उपयुक्त के आदेश को चुनौती दी है। इसी आदेश में उपयुक्त पलामू ने 3 जनवरी को हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम के संबंध में दिए गए वृहत एक्शन प्लान को 10 जनवरी को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने प्रार्थी की आईए को स्वीकार करते हुए उसे सोमवार तक फ्रेश पिटीशन दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की फाइनल सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है।

दरअसल, उपायुक्त, पलामू ने 10 जनवरी को कानून व्यवस्था की समस्या बताकर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द करने का आदेश दिया था। पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि पलामू, उपायुक्त द्वारा कई कारणों से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द किए जाने के बाद पंडित धीरेंद्र शास्त्री के पलामू में प्रस्तावित कार्यक्रम अब फरवरी 10 से 15 फरवरी 2024 निर्धारित है।

यह कार्यक्रम अब रैयती भूमि पर होगा, इसके लिए ग्राम सभा से अनुमति भी मिल गयी है। अब नया कार्यक्रम स्थल के लिए रैयती भूमि पर चयनित किया गया है, वहां इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ने जैसी कोई बात नहीं है। कार्यक्रम स्थल ग्राम ओरनार, चैनपुर ब्लॉक, पलामू में निर्धारित है। प्रार्थी ने इस कार्यक्रम को लेकर पलामू डीसी से अनुमति दिलाने का आग्रह कोर्ट से किया।

झारखंड में जियोग्राफिकल इंडीकेटर का बड़ा स्कोप : जीतेंद्र कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। उद्योग विभाग झारखंड सरकार के सचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि झारखंड में जियोग्राफिकल इंडीकेटर (जीआइ टैग) का बड़ा स्कोप है। राज्य में कई ऐसे प्रोडक्ट हैं, जिसे जीआइ टैग देकर उसे विश्वस्तर पर पहचान दी जा सकती है। राज्य में सोइराई व सोहबर और डोकरा कला को जीआइ टैग मिला है। कई ऐसे प्रोडक्ट को जीआइ टैग के चिन्हित किया गया है। किसी भी क्षेत्र का जो क्षेत्रीय उत्पाद होता है,

उससे उस क्षेत्र की पहचान होती है। उस उत्पाद की ख्याति जब देश-दुनिया में फैलती है तो उसे प्रमाणित करने के लिए एक प्रक्रिया होती है। इसकी जानकारी राज्यवासियों को नहीं है। बता दें कि उद्योग सचिव शुक्रवार को आड्रे हाउस में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की बौद्धिक संपदा यात्रा पर आयोजित सेमिनार में बोल रहे थे। एमएसएमई डीएफओ के एचओडी सह संयुक्त सचिव इंद्रजीत यादव ने कहा कि अपने नये आइडिया का पेंटेंट जरूर करवाएं, जिसे आपके नये आइडिया का लाभ देश और राज्य को मिले। पीएचडीसीसीआइ के सलाहकार डॉ एचपी कुमार ने कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) के बल विश्व स्तर पर कई बड़ी बड़ी कंपनियों ने परचम लहाराया है और वैल्यू बढ़ाया है। डॉ संजय कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर डॉ पियूष रंजन, एनयूएसआरएल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ एमआरएस मुर्ति,एसपी अग्रवाल, झारखंड चैंबर के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राजकुमार पोद्दार समेत अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

सिविल कोर्ट में सांसद गीता कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार

रांची। आयकर रिटर्न नहीं भरने से जुड़े एक मामले में आरोपी सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका को रांची की निचली अदालत ने स्वीकार कर लिया है। इससे गीता कोड़ा को बहुत बड़ी राहत मिली है। अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शुक्रवार को अपना सुरक्षित आदेश सुनाया। दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर 12 जनवरी को सुनवाई पश्चात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था।

राजद प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रदेश राजद कार्यालय में आहूत झारखंड प्रदेश राजद कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेने के लिए शनिवार को प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव शुक्रवार को रांची पहुंचे। प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि बैठक के उपरांत राजद का मिलन समारोह होगा। जिसमें अन्य दल के नेता कार्यकर्ता राजद की सदस्यता ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम में झारखंड प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री बिहार सरकार श्याम रजक मौजूद रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव करेंगे। बैठक में मंत्री, सभी पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य, जिलाध्यक्ष महानगर अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

प्रभारी का हुआ भव्य स्वागत : बैठक में शामिल होने के लिए शुक्रवार को झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर राजद नेताओं ने जोरदार स्वागत किया।

स्वागत करने में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा, युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, वरिष्ठ नेता कैलाश यादव, महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव, मीडिया प्रभारी अंजल किशोर सिंह, चंद्रशेखर भगत, लालू प्रसाद, रंजीत यादव, संतोष यादव, नागेश्वर यादव, चंदन शर्मा, रमाकांत शर्मा आदि शामिल थे।

उपराजधानी दुमका को मिली सौगात 24 जनवरी से पटना के लिए नयी ट्रेन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। दुमका से पटना जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। रेलवे की ओर से दुमका पटना एक्सप्रेस की शुरूआत 24 जनवरी से की जायेगी। इस संबध में रेलवे बोर्ड की ओर से जानकारी दी गयी है। जिसमें बताया गया है कि ट्रेन संख्या 13333 दुमका पटना एक्सप्रेस 24 जनवरी और ट्रेन संख्या 13334 पटना दुमका एक्सप्रेस 25 जनवरी से चलेगी। ट्रेन के लिये टाइम टेबल भी जारी कर दिया गया है।

जारी टाइम टेबल के मुताबिक ट्रेन संख्या 13333 दुमका पटना एक्सप्रेस दोपहर के 14:05 बजे खुलेगी। इस बीच यह ट्रेन बारापलासी, नोनीहाट, हंसडीहा, बराहाट, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, किऊल, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर (टी) से होते हुए रात 21:45 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। यह ट्रेन शाम के 16: 32 बजे भागलपुर पहुंचेगी। यहां पांच मिनट ठहराव के बाद रवाना हो जाएगी। ठीक इसी तरह से शाम के 17: 03 मिनट पर सुल्तानगंज पहुंचेगी। यहां ट्रेन का ठहराव दो मिनट का होगा।

ट्रेन संख्या 13334 पटना दुमका एक्सप्रेस पटना से सुबह 6: 40 बजे खुलेगी और दोपहर 13:30 बजे दुमका पहुंचेगी। इस दौरान सुल्तानगंज में ट्रेन 10: 06 पहुंचेगी और दो मिनट के ठहराव के बाद 10: 08 बजे आगे के सफर के लिए निकल जाएगी। भागलपुर में ट्रेन 11:05 बजे आएगी और पांच मिनट बाद 11:10 बजे यहां से रवाना हो जायेगी।

ट्रेन में एसी 3 टीयर के 6 कोच हैं। 3 टीयर स्लीपर कोच आठ हैं, एसी 2 टीयर के दो कोच हैं और एसी फर्स्ट क्लास का एक ही कोच लगा हुआ है। इसके अलावा, द्वितीय श्रेणी कम लगेज वैन 1, ब्रेक लगेज कम जनरेटर कार 1 व साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) के 3 कोच हैं। यानी कि ट्रेन में टोटल 22 डिब्बे हैं। ट्रेन में सफर के लिए बुकिंग की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गयी। आप चाहें तो पीआरएस काउंटर या इंटरनेट के माध्यम से रिजर्वेशन कर सकते हैं।

ग्रामीण विकास विभाग ने पिछले चार वर्षों के विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, उपलब्धियां गिनायीं

अबुआ आवास के 31 लाख आवेदन में 29.97 लाख का हुआ सत्यापन, अब बंजर भूमि पर कैक्टस लगाने की भी है योजना

मनरेगा में चार वर्षों में 4135 लाख मानव दिवस का हुआ सृजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि विभाग अबुआ आवास निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में लगातार तेजी ला रहा है। श्री चंद्रशेखर शुक्रवार को सूचना भवन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अबुआ आवास के प्राप्त 31 लाख आवेदन में 29.97 लाख का सत्यापन हुआ है। पिछले चार वर्ष की उपलब्धि और आगे की कार्ययोजना से अवगत कराते हुए श्री चंद्रशेखर ने कहा कि विभाग बंजर भूमि पर कांटा रहित कैक्टस के पौधे लगाने की योजना पर कार्य कर रहा है। यह पशु चारा के साथ वेगन लेदर निर्माण में भी काम आयेगा। उन्होंने कहा कि 4 वर्ष के भीतर मनरेगा के तहत अब तक 4135 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया है। मौजूदा वित्त वर्ष में मानव दिवस सृजन करते हुए कुल 2962.40 करोड़ रुपये की राशि का व्यय की जा चुकी है। वहीं शत-प्रतिशत मजदूरी का भुगतान किया गया है। इस वित्त वर्ष 1100 लाख से अधिक मानव दिवस सृजन का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। वहीं 4 वर्षों में मनरेगा की 23.73 लाख योजनाओं को पूर्ण किया जा चुका है। 6.85 लाख योजनाओं पर कार्य जारी है। मानव दिवस सृजन में महिलाओ की भागीदारी का प्रतिशत 47.87 है।

बिरसा हरित ग्राम योजना : दूसरी ओर बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत ग्रामीणों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से गत 4 वर्षों में कुल 1,31,850 एकड़ भूमि पर बागवानी के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 1,10,665 एकड़ भूमि पर बागवानी के माध्यम से अबतक कुल 1,27,381 परिवारों को लाभान्वित किया गया है।

नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना : नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत 4 वर्षों में जल संचयन एवं मृदा संरक्षण के उद्देश्य से पूरे राज्य में अब तक कुल 5,84,511 योजनाओं को पूर्ण किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 1,10,903 योजनाओं पर कार्य जारी है।

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना : मनरेगा से अभिसरण के माध्यम से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों को पशु शेड दिए जाने का प्रावधान है। इसके तहत 27786 योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। अबतक 13309 योजनाओं में शेड निर्माण पूर्ण किया जा चुका है।

आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण : मनरेगा तथा महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के साथ अभिसरण कर गत 4 वर्षों में कुल 1731 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है तथा 1571 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण जारी है।

बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन : बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन के तहत मनरेगा तथा राज्य योजना मद की राशि से बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन अन्तर्गत एक लाख सिंचाई कूप निर्माण किया जा रहा है।

बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन : मनरेगा अन्तर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन के माध्यम से राज्य भर में कुल 01 लाख कूपों का निर्माण 15 नवम्बर 2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 हजार एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 15 नवम्बर, 2024 तक में 50 हजार कूप का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है।

वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना : वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के माध्यम से इस वित्त वर्ष में 10 हजार अतिरिक्त वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान निर्माण का लक्ष्य है। 4 वर्षों में ग्रामीण युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अबतक कुल 4184 खेल मैदान तैयार हो चुके हैं। वहीं 5071 योजनाओं पर कार्य जारी है। पूर्व में पंचायत स्तर पर योजना का क्रियान्वयन किया जाता था, अब ग्राम स्तर पर क्रियान्वित हो रही है।

दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन : दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राज्य में 2.89 लाख सखी मंडलों का गठन किया गया है। इससे 32.94 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। विगत चार वर्षों में 1.18 लाख सखी मंडल का गठन कर 15.29 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। वहीं 5 लाख से अधिक महिला किसानों को लखपति महिला बनाया जा चुका है। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने महिला उत्पादक संगठन, जोहार परियोजना, झारखंड सूक्ष्म टपक सिंचाई परियोजना, महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, पलाश ब्रांड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बिरसा विशिष्ट जनजातीय विकास योजना एवं उड़ान परियोजना, प्रखंड भवन निर्माण कार्य आदि से जुड़ी जानकारी भी दी। इस अवसर पर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी सहित ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े अन्य अधिकारीगण भी मौजूद थे।

सामाजिक सुरक्षा की राशि बढ़ायी

सामाजिक सुरक्षा के तहत मनरेगा अन्तर्गत सृजित पद के विरुद्ध कार्यरत प्रति कर्मी को राज्य सरकार द्वारा दो वर्ष के लिए 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिए जाने तथा दुर्घटना से मृत्यु के उपरांत उनके वैध उत्तराधिकारी को 20 लाख की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का प्रावधान किया है। दुर्घटना में मृत्यु अथवा अप्राकृतिक मृत्यु, हत्या होने अथवा स्थायी रूप से विकलांग, अंगभंग हो जाने पर पहले राशि 75 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 2 लाख रुपया कर दिया गया है। दुर्घटना में आंशिक रूप से विकलांग होने पर पहले 37,500 रुपये दिये जाते थे। इसे बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। समान्य मृत्यु होने पर पहले 30 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 1 लाख कर दिया गया है। वहीं, मनरेगा योजना अन्तर्गत निर्मित डोभा, कुआं में डूबने से मनरेगा वाले मृतकों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान पहले 50 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 1 लाख कर दिया गया है।

सामाजिक अंकेक्षण इकाई का प्रभाव : मनरेगा के सामाजिक अंकेक्षण रिर्पोट के आधार पर गत 04 वर्षों में 803 मामलों में कुल 40,43,136 रुपये की रिकवरी की गई है। इसके साथ कार्रवाई के रूप में 04 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। 4570 कर्मियों पर अर्थदण्ड एवं 02 कर्मियों को सेवामुक्त किया गया है। गत 04 वर्षों में 08ण01ण2024 तक वित्तीय वर्षवार 2897 पंचायतों का सामाजिक अंकेक्षण किया जा चुका है। वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में पूर्ण आवासों का प्रतिशत 67.29 है। इसी तरह बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत चार वर्षों में लंबित आवास सहित कुल 33.795 आवास पूर्ण किये जा चुके हैं। पीएम जनमन योजना भी सुचारू गति से चल रही है।

ग्रामीण विकास विभाग लूट भ्रष्टाचार का बना अड्डा : सीपी

भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा- झामुमो सरकार के 4 साल में ग्रामीण विकास विभाग लूट, भ्रष्टाचार एवं घोटाले का अड्डा बन गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के 4 साल में ग्रामीण विकास विभाग लूट, भ्रस्टाचार एवं घोटाले का अड्डा बन गया है। श्री सिंह भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग गांव के विकास योजनाओं को गति देने का काम करता है लेकिन हेमंत सरकार में अभी तक मात्र 47 प्रतिशत राशि खर्च दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर हो रहा है लेकिन छह-छह माह बाद भी टेंडर को खोला नहीं गया है। उन्होंने कहा कि वीरेंद्र राम ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर थे, जिनके यहां अवैध रूप से कमाये हुए करोड़ों रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत मृत व्यक्ति के नाम पर पैसा निकाला गया है। यहां तक कि जो जेल मे बंद है, उनके नाम पर मनरेगा से पैसा निकासी की जा रही है। कागज पर डोभा बनाकर पैसा निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास सरकार के समय में ग्रामीण सड़कों, पुल पुलियों का निर्माण बड़े पैमाने पर हुआ। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार के समय शुरू किये गये ग्रामीण बागवानी, जोहार योजना को बंद कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जानबूझकर धरातल पर लागू नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि 4 साल से अनेक मनरेगा योजनाएं बंद पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन की गति काफी सुस्त है। कुल घरों की संख्या 61.77 लाख में 45.97 यानि 28.40 लाख घरों तक ही नल से जल पहुंचाया जा सका है, जबकि राष्ट्रीय औसत 70.15 है।

उन्होंने कहा कि पीएम आवास में झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना का हाल बुरा है बालू की अनुपलब्धता और अधिकारियों की लापरवाही के कारण कई जिलों में आवास पेंडिंग है पीएम आवास में बिचौलियावाद हावी है। कोडरमा में बिरहोर का आवास का पैसा बिचौलिये उठाकर खा गये। उन्होंने कहा कि पीएम उज्ज्वला योजना के तहत झारखंड में 35 लाख 27 हजार 135 गैस सिलेंडर कनेक्शन दिया गया, इसमें सबसे ज्यादा ग्रामीण लोगों को दिया गया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग केंद्र सरकार हर 2023-24 में में झारखंड को 3900 करोड़ से अधिक का अनुदान प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि पिछली रघुवर दास जी की सरकार में राज्य के सभी गांवों में स्ट्रीट लाइट, टंकी-पाइप लाइन के माध्यम से पानी और पेवर ब्लॉक की सड़कें बनाई गई थी। लेकिन आज ग्रामीण विकास की योजनाएं ठप हैं।

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो उपस्थित थे।

आस्था ग्रुप गम्हरिया में कल लांच करेगा आधुनिक रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट 'द वाटर मार्क'

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। कौशल सिंह द्वारा प्रोन्नत आस्था ग्रूप 21 जनवरी को देने जा रहा है जमशेदपुर एवं झारखंड के लोगों को एक शानदार रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट की सौगात द वॉटरमार्क। यह प्रोजेक्ट अभी तक के सारे बेंचमार्कों को मात और करेगा प्रीमियम लिविंग के नए युग की शुरूआत करेगा। आस्था ग्रुप के निदेशक सुंदर सिंह ने बताया कि सपनों को हकीकत में बदलने के लिए प्रसिद्ध आस्था ग्रूप तैयार है अपने नए प्रोजेक्ट द

ऐसा दिखेगा द वाटर मार्क रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट का भवन, आस्था ग्रुप के निदेशक सुंदर सिंह।

वॉटरमार्क के धमाकेदार लॉन्च के लिए। यह एक शानदार रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट है जो पूर्वी भारत में प्रीमियम लिविंग के अर्थ को पुरी तरह बदलने में सक्षम है। महालॉन्च की तिथि 21 जनवरी, 2024 की है जो अदित्यपुर में स्थित ऑटो क्लस्टर में शाम छह बजे से आयोजित होगी। यह हमारी परियोजनाओं के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है, जो प्रकृति एवं सुविधा के असाधारण मेल से बना एक संगीतपूर्ण अनुभव हैं। 21 जनवरी को हमारे साथ जरूर जुड़ें और खुद देखें द वॉटरमार्क के महालांच इवेंट को।

इस परियोजना की विशेषताएं

- सुरम्य 7 एकड़ क्षेत्र में फैला द वॉटरमार्क नौ जी+19 टॉवर्स के साथ विशाल 3 बीएचके अपार्टमेंट्स और मनमोहक रो हाउसेस की सुविधा प्रदान करता है।
- स्टेट ऑफ द आर्ट क्लब हाउस जो बैडमिंटन कोर्ट, स्विमिंग पूल, इंडोर गेम्स, लाउंज, जिमनेशियम आदि से सुसज्जित है, सुनिश्चित करता हैं कि रेजिडेंट्स एक शानदार जीवनशैली का आनंद ले सके।
- आकर्षक झील के दृश्य से समृद्ध वातावरण जो इसे यहां रहने वालों के लिए एक आदर्श, स्वच्छ एवं सुरम्य स्थान बनाती है।

हरियाली से भरपूर परिसर: प्रदूषण-मुक्त वातावरण में छिपा हुआ, द वॉटरमार्क निवासियों को प्राकृतिक सुरम्यता के बीच एक आश्रय प्रदान करता है।

भव्य पोडियम और पार्किंग: एक बड़े एकीकृत पोडियम, आधुनिक लैंडस्केपिंग के साथ और 2-स्तरीय बेसमेंट पार्किंग सुनिश्चित करता है कि हर कदम पर सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित रहे। आदित्यपुर के औद्योगिक केंद्र से मात्र 5-8 मिनट की दूरी पर स्थित होने के कारण यह प्रयोजना पूरी तरह से सिटी के सेंटर से कनेक्टेड है। आस्था ग्रुप के मार्केटिंग मैनेजर पंकज सिंह के अनुसार, द वॉटरमार्क बस एक परियोजना ही नहीं बल्कि यह एक शानदार तरीका है जीवन के आनंद को प्रकृति के गोद में रहकर अनुभव करने का।

स्पीड न्यूज

चुनाव समिति ने जारी की आदर्श आचार संहिता

जमशेदपुर। आज दिनाक 19 जनवरी को टाटा वर्कर्स यूनियन चुनाव संचालन समिति की पहली बैठक यूनियन चुनाव कार्यालय में हुई, जिसमे सर्वप्रथम चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों के बारे में समझा गया। तत्पश्चात टाटा वर्कर्स यूनियन के सभी सदस्यों के लिए चुनाव हेतु पहली अधिसूचना साथ ही आदर्श आचार संहिता की अधिसूचना जारी की गई। इसके पश्चात चुनाव कार्यक्रम पर चर्चा हुई। जल्द ही चुनाव कार्यक्रम के घोषणा की जाए इस पर चर्चा हुई।

राज्यपाल रघुवर दास से जमशेदपुर में मिले इंटक नेता राकेश्वर पांडेय

जमशेदपुर। रघुवर दास के ओडिशा के राज्यपाल बनने के पश्चात आज राष्ट्रीय इंटक के सचिव सह प्रदेश के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने उनके जमशेदपुर आवास पर मिल कर उनको अपनी ओर से शुभकामनाएं दिए। राकेश्वर पांडेय ने कहां की जमशेदपुर और झारखंड राज्य के लिए यह गर्व का विषय है कि अपने राज्य के पहले व्यक्ति है जो महामहिम के पद को सुशोभित कर रहे हैं। राकेश्वर पांडेय ने राज्यपाल रघुवर दास को बुके भेंट कर नव वर्ष की भी बधाई दी। रघुवर दास और राकेश्वर पांडेय ने एकांत में जमशेदपुर और ओडिशा से जुड़ी मजदूरों तथा श्रमिको के विषय पर भी चर्चा की।

अयोध्या के कार सेवकों की स्मृति में 78 यूनिट रक्तदान

जमशेदपुर। सामाजिक संस्था नई उड़ान के तत्वाधान में आज जमशेदपुर ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 78 यूनिट रक्त संग्रह कर अयोध्या के शहीद कार सेवकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर इंटर के प्रदेश अध्यक्ष राकेश बार पांडेय, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल सारंगी और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में नई उड़ान के अध्यक्ष संतोष कुमार,निशा सिंह, बबलू मिश्रा, पीहू ,बलजीत सिंह, तेजेंद्र सिंह साहू , चंदन दे एवं अन्य सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

अमेजन का श्रीराम अयोध्या प्रसाद के नाम पर लोगों से धोखा : कैट

जमशेदपुर। कनफेडरेशन ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट)ने आज एक चौंकाने वाले वक्तव्य में कहा है कि ऑमेजन इंडिया द्वारा अपने ई कॉमर्स प्लेटफार्म पर 'श्रीराम मंदिर अयोध्या प्रसाद' के नाम में मिठाई प्रसाद बेचा जा रहा है जो विशुद्ध रूप से देश के लोगों के साथ एक बड़ी धोखाधड़ी है और लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

श्री श्री रंकिणी मंदिर कदमा में 22 को होगा श्रीराम सहस्त्रनाम पाठ

जमशेदपुर। कदमा स्थित श्री श्री रंकिनी मंदिर में अयोध्या में श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दिनांक 22.01.2024 को श्री श्री रंकिणी मंदिर परिसर में श्री चिन्मया मिशन द्वारा सुबह 9:00 बजे से श्री राम सहस्त्रणाम का पाठ कराया जायेगा। तत्पश्चात संध्या 6:30 बजे से सामुहिक हनुमान चालिसा का पाठ किया जायेगा एवं दीपोत्सव के पश्चात प्रसाद वितरण किया जायेगा।

जोड़ा मंदिर में चलाया व्यापक स्वच्छता अभियान

जमशेदपुर। अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशव्यापी 'स्वच्छ तीर्थ' अभियान के तहत लौहनगरी जमशेदपुर की सामाजिक संस्था लोक समर्पण के द्वारा शुक्रवार को भालूबासा स्थित जोड़ा मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष ललित दास एवं संस्था के अन्य सदस्यों ने पूरे मंदिर परिसर में श्रमदान कर व्यापक साफ-सफाई की। वहीं, संस्था के सदस्यों ने मंदिर में उपस्थित दर्शनार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान 'स्वच्छ तीर्थ' का जिक्र करते हुए संस्था के अध्यक्ष ललित दास ने कहा कि श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा और उनके आगमन से पूरे भारतवर्ष एवं विश्वभर में उत्साह का वातावरण है।

आध्यात्म और विज्ञान का समन्वय है ज्योतिष शास्त्र : डॉ आलोक रंजन

राममंदिरम, बिष्टुपुर सभागार में दो दिवसीय 31वां एशियाई ज्योतिष सम्मेलन शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। आज 19 जनवरी 2024 को 11.20 बजे 31 एशियाई ज्योतिष सम्मेलन का आगाज ज्योतिष शिक्षण संस्थान जमशेदपुर के सभी विद्यार्थियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पूर्व कला एवं संस्कृति मंत्री वर्तमान विधायक सहरसा के डॉ आलोक रंजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अवसर पर देश बिदेश के साथ साथ बड़ी संख्या मे उपस्थित स्थानीय ज्योर्ति विंदों को संबोधित करते हुए डा. आलोक रंजन ने कार्यक्रम के संचालक प्रो एस के शास्त्री के ज्योतिष शस्त्र के क्षेत्र में योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन का महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने और उसके सफल होने के लिए ज्योर्तिविदों का सलाह काफी लाभप्रद होता हैं।

साथ ही उन्होंने आहवान किया कि जिस प्रकार डॉ एवं मरीज की कुंडलियों के मिलन उपरांत इलाज सफल होता देखा गया है उसी प्रकार से यदि सभी संस्थाएं अपने भर्ती कुण्डली से संस्था का तालमेल

सम्मेलन का उद्घाटन करते विधायक डॉ आलोक रंजन। साथ में हैं देश-विदेश से पधारें ज्योतिषिगण।

बैठाकर ज्योतिष सामंजस्य अनुरूप परामर्श देंगे तो दोनों यथा अभ्यर्थी एवं संस्था को विशेष लाभ मिलेगा। इसी तरह यदि स्कूल कालेज जैसे संस्थान भी विद्यार्थियों के लिए ज्योतिष परामर्श का लाभ उपलब्ध कराएंगे तो उनको उनके अकादमिक यात्रा के दौरान होने वाले चिंता अवसाद से मुक्ति मिलेगी। साथ ही आगे उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक स्वरुप में ज्योतिष को मन, शरीर और आत्मा के त्रितीयक संबंध को समझने का एक सटीक माध्यम माना जाता है, जिससे व्यक्ति अपने आत्मा की ऊँचाइयों की ओर बढ़ सकता है। वर्तमान परिदृश्य में ज्योतिष शास्त्र की व्यापकता के वाबजूद इसे वैज्ञानिक समुदाय में स्वीकृति सहज रूप से नहीं है बल्कि इसे आध्यात्मिक दृष्टिकोण से लेकर ही ग्रहों के प्रभाव का सामर्थ्य को पूर्ण रूप से मानने वाले लोग हैं। लेकिन यह भी सत्य है की जहां विज्ञान समाप्त होता है वहाँ से विज्ञान शुरू होता है और ज्योतिष विज्ञान और अध्यात्म दोनों का समन्वय है। अतः यह शास्त्र काफी महत्वपूर्ण हो जाता है और इसी वजह से शास्त्र से जुड़े आप ज्योतिर्विदों का पुरातन से ही समाज मे अलग सम्मानजनक स्थान है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के अलावा माननीय अतिथि के रूप में नेपाल से आए आचार्य लक्ष्मन पती, दिल्ली से ये डॉ भारत भूषण भारद्वाज एवं स्थानीय मुरलीधर केडिया, डॉ तपन राय भी मौजूद थे जिन्होंने अपने ज्योतिष अनुभवों को साझा किए। उद्घाटन उपरांत केसर के संस्थापक प्रो एस के शास्त्री द्वारा हिन्दी एवं बांग्ला में रचित पुस्तक हस्तरेखा संजीवनी का विमोचन किया गया।

आज के उद्घाटन स्तर उपरांत विदेशो से आए ज्योतिषियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष अबतक बांग्लादेश, नेपाल से कई ज्योतिसिगन पहुँच चुके है आने वाले दो दिनों में और भी बिदेशों यथा श्रीलंका आस्ट्रेलिया, कनाडा इत्यादे से आने का संभावना है। दूसरे सत्र में आए हुए ज्योतिषियों ने हस्तरेखा में अपने ज्ञान एवं शोध को साझा किए।

शाम पांच बजे से निशुल्क ज्योतिष परामर्श सेवा : अंत मे सैंकड़ों स्थानीय जनता ने 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक होने वाले निशुल्क ज्योतिष परामर्श का लाभ उठाने हेतु पंजीयन करवाया। निशुल्क ज्योतिष परामर्श कल दिनांक 20 जनवरी को भी 5 बजे संध्या से किया जाएगा जिसमे आने वाले जातक लाभ उठा सकते हैं।

व्यवसायी और उद्यमी किसी भी देश की रीढ़ होते हैं : पुष्पेंद्र

पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ को स्मृति चिह्न प्रदान करते सिंहभूम चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका।

महाराणा प्रताप जयंती समारोह में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ को सम्मानित करते शंभू सिंह, शिवशंकर सिंह व अरुण सिंह। सबसे बायें खड़े हैं विधायक सरयू राय।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर में प्रखर वक्ता एवं पत्रकार पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने व्यवसायी उद्यमियों को वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका विषय पर संबोधित करते हुये अपने विचार रखे। इस दौरान उन्होंने देश और राष्ट्र को परिभाषित करते हुये परिचर्चा में ओजस्वीपूर्ण संबोधन में उपस्थित सदस्यों के बीच जोश भरा। इसके अलावा श्री कुलश्रेष्ठ ने राजेंद्र सभागार में झारखंड क्षत्रिय संघ और हिन्दू पीठ के संयुक्त महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम को भी संबोधित किया। चैम्बर भवन में अपने संबोधन के दौरान पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने कहा कि सिंहभूम चैम्बर ने मुझे यहां व्यवसायी एवं उद्यमियों को संबोधित करने के लिये आमंत्रित किया इसके लिये मैं चैम्बर को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने सदस्यों को संबोधित करते हुये कहा नियति को कोई टाल नहीं सकता है अगर हमारे साथ घटना घटित होनी है तो वह होकर रहेगी। उन्होंने कहा कि व्यापारी किसी भी समाज और राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी होते हैं। देश और राष्ट्र अलग नहीं है यह दोनों समानार्थी शब्द हैं लेकिन इनके अर्थ अलग हैं। हमें राष्ट्र के प्रति पूरी तरह समर्पित होकर समर्पण भाव से अपने कर्तव्य निभाने हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व मे हथियारों की होड़ लगी है। क्योंकि विश्व के देशों की सरकारों की सोच है कि हथियार के बल पर देश मजबूत होता है। लेकिन हथियारों से देश मजबूत बनता है राष्ट्र नहीं है राष्ट्र को मजबूत बनाती है हमारी सोच और इसके प्रति हमारा समर्पण। हमें भारत में आक्रमणकारियों का इतिहास बढ़ाचढ़ाकर बताया गया और पढ़ाया गया जिसे जानकर हम गौरवान्वित महसूस करते रहे लेकिन हमें गौरव करना चाहिए हमारे सनातनी इतिहास पर। सनातन हिन्दुओं की कीमत को प्रति रुपए किलो चावल से आंका जा रहा है। सनातनी को जगाने के लिये किसी नये विचार की आवश्यकता नहीं है बस उन्हें जागृत करने और वास्तविकता से परिचित कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सनातनी का उदय होने से आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है जिसे हम नकार नहीं सकते। भारत फिर से विश्व गुरू बनने की राह पर है, पूरे विश्व को भारत राह दिखायेगा। में वर्ष 2013 में देश की संसद में कानून पास किया गया कि वक्फ बोर्ड एक निजी निकाय है जिससे उन्हें ऐसी शक्ति हासिल प्राप्त हो गई कि अगर वक्फ बोर्ड के दो सदस्य यह बोल दें कि आप अभी जो निवास कर रहे हैं वह वक्फ बोर्ड की जमीन है तो आपको अपनी जमीन खाली करनी पड़ेगी। आप अपनी जमीन को अपनी बताने के लिये या शिकायत करने के लिये देश के कानून का सहारा नहीं ले सकते हैं आपको इसके लिये वक्फ बोर्ड के पास ही जाना पड़ेगा। पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने संबोधित करते हुये कहा कि मर-मर के जीन से अच्छा है एक बार जिन्दा हो के मरो। परिचर्चा में अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, सचिव सुरेश शर्मा लिपु, बिनोद शर्मा, पूर्व अध्यक्ष उमेश कांवटिया, कृपाशंकर मूनका, मनोज गोयल, रतिश लिखरा, अजय गोयल, चन्द्रकांत जटाकिया, अशोक कुमार चौधरी, सीए धर्मेश कुमार, सीए एसके मिश्रा, सीए राजेश कुमार अग्रवाल, नवलकिशोर वर्णवाल, हर्षद गांधी, नवीन वर्णवाल, रूपक पसारी, मनोज वर्णवाल, अभय पारीख, एम.के. मूनका, राजकुमार वर्णवाल, बिमल अग्रवाल, एन.के. सिंह, नीरज तिवारी समेत बड़ी संख्या में व्यवसायी उपस्थित थे।

टाटा स्टील यूआइएसएल में सड़क सुरक्षा माह शुरू

एसएसपी किशोर कौशल संग एमडी रितुराज सिन्हा ने दिखायी झंडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूआईएसएल ने कंपनी परिसर में आयोजित समारोह में वार्षिक सड़क सुरक्षा माह को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किशोर कौशल, आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतु राज सिन्हा, डीएसपी सीसीआर अनिमेष गुप्ता और पूर्वी सिंहभूम के डीटीओ धनंजय, जेएसयू के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे और टाउन ओएंडएम आरई के सीनियर जीएम धनंजय मिश्रा शामिल थे। सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग प्रथाओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में, सड़क सुरक्षा संदेशों वाले कुल 60

झंडी दिखाते एसएसपी किशोर कौशल और एमडी रितुराज सिन्हा।

वाहनों को टाटा स्टील यूआईएसएल मुख्य द्वार पर हरी झंडी दिखाई गई। सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति इस पहल के महत्व पर जोर देती है और सड़कों पर सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को प्रदर्शित करती है। जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना का गंभीर आंकड़ा हम सभी के लिए सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात सुरक्षा मार्ग का पालन करने की सीख है। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए पूरे महीने में कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है, जिसमें ड्राइंग प्रतियोगिता, नेत्र जांच शिविर, सड़क सर्वेक्षण, ऑनलाइन सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाहन ऑडिट और बहुत कुछ शामिल हैं। सुरक्षित घर वापस जाना और सड़क सुरक्षा नायक बनना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इडी और सीबीआइ के खिलाफ एनएच-33 पर झारखंड समाज ने किया प्रदर्शन

जमशेदपुर। शुक्रवार 19 जनवरी को झारखंडी समाज के बैनर तले नेशनल हाइवे स्थित सिमोलडांगा चौक पर केंद्र सरकार द्वारा इडी, सीबीआई के द्वारा झारखंडी सरकार को अस्थिर करने के खिलाफ विरोध सह आक्रोश प्रदर्शन किया गया। युवाओं ने पुरे जोश के साथ नारा लगाया,भाजपा-आरएसएस जब जब डरती है इडी-सीबीआई को आगे करती है। इडी के नाम पर झारखंडी सरकार को अस्थित करना बंद करो। मौके पर उपस्थित झारखंड जनतांत्रिक महासभा के दीपक रंजीत ने कहा कि जबसे झामुमो के नेतृत्व में झारखंड में झारखंडी सरकार सरकार बना है तबसे भाजपा-आरएसएस के द्वारा इस सरकार को गिराने के लिए अस्थिर करने का हथकंडा अपनाया जा रहा।

गोपाल मैदान में विशाल टुसू मेला कल, तैयारी पूरी

विशाल टुसू प्रतिमाएं, चौड़ल, बूढ़ी गाड़ी नाच मेले का होगा मुख्य आकर्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। झारखंड वासी एकता मंच की ओर से इस वर्ष भी बिष्टुपुर गोपाल मैदान में आगामी 21 जनवरी (रविवार) को टुसू मेला का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी टुसू मेला में टुसू प्रतिमा चौड़ल लेकर आनेवाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए जाएंगे।

साथ ही बूढ़ी गाड़ी नाच प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को भी नगद इनाम दिए जाएंगे। कुल मिलाकर मेला में आने वालों पर पुरस्कारों की बारिश होगी। उक्त जानकारी आज सोनारी निर्मल भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मंच के संयोजक सह सांसद विद्युत वरण महतो तथा मुख्य संयोजक सह समाजसेवी आस्तिक महतो ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि

टुसू प्रतिमा का पुरस्कार
प्रथम - 31 हजार रु
द्वितीय - 25 हजार रु
तृतीय - 20 हजार रु
चतुर्थ - 15 हजार रु
पंचम - 11 हजार रु
छठा - 7 हजार रु
सातवां - 5 हजार रु

चौड़ल का पुरस्कार
प्रथम - 25 हजार रु
द्वितीय - 20 हजार रु
तृतीय - 15 हजार रु
चतुर्थ - 5 हजार रु

बूढ़ी गाड़ी नाच का पुरस्कार
प्रथम - 15 हजार रु
द्वितीय - 11 हजार रु
तृतीय - 7 हजार रु
चतुर्थ - 5 हजार रु

मेले का पोस्टर जारी करते सांसद विद्युतवरण महतो व अन्य।

मेले में सुरक्षा के पुख्ता उपाय होंगे : आस्तिक महतो

आस्तिक महतो ने बताया कि मेला में होनेवाली भीड़ को देखते हुए सभी सुरक्षात्मक उपाय किये जायेंगे। इसमे प्रशासन के साथ साथ मंच के कार्यकर्ता भी लोगों की सहूलियत अनुसार उपलब्ध रहेंगे। संवाददाता सम्मेलन में विद्युत महतो, आस्तिक महतो के साथ विजया होम्स ग्रुप के संस्थापक फणीन्द्र महतो, श्रीनाथ ग्रुप के संस्थापक सुखदेव महतो, बबलू महतो, करमु हांसदा, युगल किशोर मुखी, सचिन महतो, सत्यनारायण महतो, हसीन अहमद, गोपाल महतो, चुनका मार्डी, नारायण महतो, कमल महतो, विजय महतो, अशोक महतो, ओपा सिंह, कैलाश सिंह, दिलजय बोस सहित कई सदस्य मौजूद थे।

डीसी के आदेश पर चौक-चौराहों पर प्रशासन जला रहा अलाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। तापमान में गिरावट तथा शीतलहरी के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा ठंड से बचाव के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री के निदेर्शानुसार चौक चौराहों, सार्वजनिक स्थान, रेलवे स्टेशन के आसपास में अलाव की व्यवस्था की जा रही।

सभी रैन बसेरा व आश्रय गृह में ठंड से बचाव हेतु कंबल, भोजन व अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीब, बेसहारा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति खुले स्थानों में न सोएं। पदाधिकारीकारी हर सम्भव प्रयास करें कि ठंड से बचाव के लिए आगे भी प्रमुख चौक चैराहों पर अलाव की समुचित व्यवस्था हो और खुले में सोने वालों को रैन बसेरा में पहुंचाया जाए।

रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक में शामिल हुए पलामू सांसद

पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रेलवे से संबंधित विषयों पर की चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम धनबाद रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में आयोजित रेल मंडल संसदीय समिति की आयोजित बैठक में शामिल हुए। उक्त बैठक में हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल, मंडल रेल प्रबंधक कौशल किशोर सिन्हा, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार, रेलवे पदाधिकारीगण एवं अन्य सांसदगण उपस्थित थे। बैठक में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी ।

1. 12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर ठहराव। 2. 12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में डालटनगंज स्टेशन पर प्रथम श्रेणी का कोटा दिया जाय। 3. 12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस रांची-डालटनगंज गढ़वा होते हुए नई दिल्ली रूट पर सप्ताह में 2 दिन के बदले 4 दिन किया जाय। 4. पलामू एक्सप्रेस ट्रेन सं0 13347/13348 को रजहारा स्टेशन पर ठहराव। 5. शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन सं0 11448/11449 को मेराल स्टेशन पर ठहराव। 6. बरवाडीह चोपन चुनार पैसेन्जर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने। 7. प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर, मुरी, रांची, लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने। 8. रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर करने। 9. गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 का ठहराव मोहम्मदगंज एवं अलीगढ़ स्टेशन पर करने। 10. रांची नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 को जो सप्ताह में तीन दिन चलती है उसे चार दिन किया जाय। उक्त ट्रेन का आरक्षण कोटा डालटनगंज स्टेशन पर दिया जाय। 11. रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 एवं सिंगरौली पटना एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13349/13350 का सिगसिगी स्टेशन पर ठहराव। 13. डालटनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्यधिक है। अतः रांची से गोरखपुर एक नई ट्रेन चलायी जाय जो कोरोना काल में चली भी थी। उसे बंद कर दिया गया है पुनः चालू किया जाय। 14. डालटनगंज स्टेशन पर एक नया एफओबी एवं दो लिफ्ट लगाने का कार्य कब पूर्ण होगा और उसका उदघाटन कराने। 15. पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों में थर्ड लाईन निर्माण कार्य योजना की अद्यतन स्थिति। 16. बरवाडीह-चिरमिरी अम्बिकापुर स्वीकृत नई रेलवे लाईन की वर्तमान स्थिति क्या है? 17. गया-रफीगंज वाया शेरघाटी, डालटगंज स्वीकृत नई रेलवे लाईन की वर्तमान स्थिति क्या है। 18. हटिया से चलकर आनंद विहार तक चलने वाली स्वर्ण जयंती झारखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 एवं रांची से चलकर चोपन तक चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 का ठहराव विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर करने। 19. नगर उटारी रेलवे क्रासिंग पर निमार्णाधीन फ्लाइ के कार्य में तेजी लाने। 20. डालटनगंज एवं गढ़वा रोड़ स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा फुटओवर निमार्णाधीण ब्रिज का लैंडिंग दोनों तरफ प्लेटफार्म के बाहर करने। 21. तोलरा में बन रहे एलएचएस में दोनों तरफ (पूर्व एवं पश्चिम) से प्रवेश और निकास (आकार में) करने एवं डालटनगंज में रेड़मा साईड में निकास में लाईट की व्यवस्था करने। 22. सबस्टेशन (तोलरा/रजहरा/कजरी/चियांकी) में फुट ओवरब्रिज बनाने। 23. संतरागाछी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नगर उटारी स्टेशन पर करने। 24. पलामू जिला अंतर्गत कई स्थानों पर एलएचएस का निर्माण कराने जिसमें लालगढ़-विश्रामपुर प्रखण्ड पंजरीकला, विश्रामपुर प्रखण्ड डाली, हैदरनगर प्रखण्ड बुढ़वापीपर-, डालटनगंज सदर प्रखण्ड कजरात नावाडीह, हुसैनाबाद प्रखण्ड बखारी-डालटनगंज सदर लहर बंजारी-उंटारी रोड प्रखण्ड एवं गढ़वा जिला के अंतर्गत सोनपुरवा-गढ़वा प्रखण्ड के अहिरपुरवा-नगर उंटारी , कुम्भी- मेराल ब्लॉक शामिल है।

पुरानी समय सारिणी से चले पलामू एक्सप्रेस

पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 को पुराने समय सारिणी के अनुसार चलाया जाय। उक्त ट्रेन डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि 10:30 बजे पहुँचती थी और लोगों को इस ट्रेन से यात्रा करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती थी बल्कि पटना जाने के लिए इससे बेहतर कोई ट्रेन नहीं थी। परंतु परिवर्तित समय सारणी के अनुसार अब यह ट्रेन डालटनगंज स्टेशन पर रात्रि 12:05 बजे पहुँचती है। सचेत होकर टिकट नहीं कटाने के चलते पूर्व की तारीख का टिकट कटा लेते हैं जबकी तारीख बदल गयी रहती है और इस प्रकार वह टिकट उक्त बदली तिथि को यात्रा करने के लिए अमान्य हो जाता है। कहने के तात्पर्य यह है कि आज की रात्रि 17/01/2024 को पलामू एक्सप्रेस का दिन में टिकट कटाने जाते हैं तो 17/01/2024 का टिकट कटा लेते हैं जब कि यात्रा करते समय (12:05 बजे) 18/01/2024 हो जाता है और वह टिकट अमान्य हो जाता है। इस प्रकार प्रतिदिन दर्जनों टिकट बर्बाद हो रहे हैं।

बागेश्वर सरकार के पलामू आगमन पर कोर्ट में 24 को होगा फैसला

मेदिनीनगर। बागेश्वर धाम सरकार श्री धीरेंद्र शास्त्री जी के कार्यक्रम को पलामू प्रशासन द्वारा मेदनीनगर आने की अनुमति नहीं दिए जाने की सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने उपायुक्त के आदेश को हनुमंत कथा समिति द्वारा किया गया आपत्ति स्वीकार करते हुए अंतिम फैसला बुधवार 24 जनवरी को निर्धारित की है । इस संबंध में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि मुझे और मेरी समिति को न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है । हमारे पलामू की धरती पर श्री धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धाम महाराज को आने की अनुमति अवश्य देंगे।

मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की मौत

विश्रामपुर (पलामू)। रेहला थाने क्षेत्र के गुरहा गांव में एक महिला की मौत मालगाड़ी की चपेट मे आने से हो गई। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है। मृतिका वरीय भाजपा नेता कृष्ण मुरारी सिंह की पुत्री है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका स्वाति देवी (32) गांव के ही कुछ महिलाओं के साथ फोर लेन बाईपास रोड की तरफ घूमने गई। घर वापस आने के दौरान वह रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इसी दौरान वह एक मालगाड़ी के चपेट में आ गई। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतका स्वाति देवी के दो बच्चे हैं। मौके पर पहुंची रेहला थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सिगसिगी स्टेशन पर कार्यरत रेलकर्मी ने की आत्महत्या

विश्रामपुर (पलामू)। डीडीयू रेलखंड के सिगसिगी स्टेशन परिसर में स्थित सरकारी आवास में चाबीमैन प्रमोद कुमार ठाकुर ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार ठाकुर पिछले कुछ दिनों से तनाव में रह रहा था। शुक्रवार को जब उसके कमरे में उसके साथ रहने वाला दूसरा रेल कर्मी गया तो उसे फांसी के फंदे से झूलता पाया। उसने तत्काल इसकी सूचना वरीय रेल अधिकारियों और रेहला पुलिस को दी। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा दिया है। मृतक बिहार के गया का मूल निवासी था। वह लगभग 12 वर्षों से सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर कार्यरत था।

ग्राहक सेवा केंद्र में लगी आग

हरिहरगंज पलामू। पिपरा प्रखंड के डिहरीया गांव स्थित जीतू ऑनलाइन सर्विस इलेक्ट्रॉनिक दुकान सह पीएनबी का ग्राहक सेवा केंद्र में गुरुवार की देर रात आग लगने से उसमें रखा करीब 3 लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गई । संचालक जितेंद्र कुमार ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान में आग लगा दी गई। जिससे कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, लेमिनेशन व फोटो स्टेट मशीन, फर्नीचर, हाइड्रोलिक जयमाल स्टेज का मोटर, मोबाइल सहित कई इलेक्ट्रॉनिक सामान जल कर रखा हो गया।

प्रखंड के सभी मुखिया ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

चैनपुर (पलामू)। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के पतरिया खुर्द की मुखिया संघ के अध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष रानी सिंह के नेतृत्व में दर्जनों मुखिया नें गुरुवार को बीडीओ नितेश भास्कर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत के ग्राम सभा से पारित अबुआ आवास की योग्य लाभुकों की सूची एवं ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त सूची में कोई मेल नहीं है।

24 घंटे में हो व्यवसायी के हत्यारों की गिरफ्तारी : ब्रह्मदेव

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला में छोटे बड़े व्यवसायी अपराधियों के निशाने पर लगे रहते हैं। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई अपराधिक घटनाओं के शिकार व्यवसायी पूर्व में भी हो चुके हैं। इसी बीच गुरूवार को छतरपुर थाना से महज 100 गज की दूरी पर एक व्यवसायी को अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर भागने में सफल रहे। इस घटनासे आक्रोशित व्यवसायियों ने छतरपुर मुख्य सड़क को जाम कर आंदोलन किया। वहीं पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार मंच के संयोजक रामदास साहु ने प्रेस वार्ता कर इस घटना की कड़ी निंदा किया। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों को लक्ष्य कर अपराधी निशाना बना रहे हैं। जबकि व्यवसायियों का व्यक्तिगत किसी से कोई दुश्मनी नहीं होता है। वे दिन रात व्यवसाय में ही लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज के युवा व्यवसायी शुभम प्रसाद को गोली मारकर हत्या कर दी गई । यह हृदय विदारक घटना है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला में व्यवसायी अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं ना ही जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन सुरक्षा दे पा रही है। इस स्थिति में व्यवसायियों के समक्ष पलायन करने के सिवा कोई विकल्प दिखाई नहीं देता है। संयोजक मंडल के सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन 24 घंटे के अंदर हत्यारे को गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिलवाये वरना पलामू में आंदोलन की लहर प्रमंडल के अलावा प्रदेश स्तर पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों की हत्या किया जाना यह सिर्फ व्यवसायियों के लिए नहीं बल्कि पुलिस प्रशासन एवं राज्य सरकार के लिए भी सोचनीय विषय है। झारखंड में कानून व्यवस्था गिर चुकी है। जिसके परिणामस्वरूप व्यवसायियों की हत्या किया जाना और अपराधी पुलिस के पकड़ से बाहर रहते हैं यह समझ से परे है। विनोद कुमार ने कहा कि झारखंड में अपराधी राजनीतिकरण हो गये हैं। राज्य सरकार व्यवसायियों की सुरक्षा देने में विफल साबित हो रही है। व्यवसायी किसी भी जाति धर्म के हों उन्हें सुरक्षा मुहैया करानी चाहिए। उन्होंने झारखंड सरकार से मांग करते हुए कहा कि हरिहरगंज के व्यवसायी शंकर गुप्ता के मृतक पुत्र सुभम गुप्ता के परिजनों को दो करोड़ मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा सुरक्षा मुहैया प्रदान करे। उन्होंने कहा कि भारत के व्यवसायियों द्वारा सबसे ज्यादा टैक्स दिया जाता है जिससे राज्य व देश की अर्थव्यवस्था में मजबूती प्रदान की जाती है।

शव पहुंचते ही घर में मचा कोहराम

हरिहरगंज पलामू। गुरुवार को छतरपुर में अपराधियों की गोली का शिकार बने युवा व्यवसायी शुभम कुमार का शव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। पिता शंकर गुप्ता को लोग ढाढस बंधा रहे थे। तो घर की महिलाएं का करूण क्रंदन हृदय को तार तार कर रहे थे। वहीं पड़ोसी सहित शहर के लोग इस घटना से हतप्रभ थे। लोगों में इस बात की चर्चा थी कि अति सौम्य परिवार तथा व्यवहार कुशल युवक का अपराधियों ने हत्या क्यों की। शुभम की शादी तय हो चुकी थी। पिछले माह धुमधाम से मंगनी भी हुई थी। परंतु इस घटना से मृतक के घर तथा होने वाले ससुराल में भी मातम छा गया। शुक्रवार को बटाने नदी घाट पर मृतक शुभम का अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले मृतक के घर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। शोक प्रकट करने वालों में पूर्व विधायक आजसू नेता कुशवाहा शिवपूजन मेहता,भाजपा नेता कर्नल संजय कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, लवली गुप्ता सहित कई लोग शामिल थे।

एक नजर में

छतरपुर व हरिहरगंज बाजार रहा बंद

छतरपुर पलामू। हरिहरगंज के व्यवसायी शंकर गुप्ता के पुत्र सुभम गुप्ता को अज्ञात अपराधकर्मियों ने छतरपुर थानाक्षेत्र के जपला रोड में गुरूवार को गोली मारी गई थी। जिसे बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम में बीच रास्ते में मौत हो गई। इसघटना से आक्रोशित व्यवसायियों ने छतरपुर व हरिहरगंज बाजार बंद कर विरोध प्रकट किया। दोनों प्रखंडों में सभी व्यवसायी प्रतिष्ठान बंद कर व्यवसायी सड़क पर उतर कर पुलिस प्रशासन व राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे। आंदोलनरत लोगों ने व्यवसायियों को सुरक्षा प्रदान करो, शुभम के हत्यारे को गिरफ्तार कर फांसी दो समेत कई नारे लगा रहे थे। बंदी के कारण आमजन जीवन प्रभावित रहा। वहीं पुलिस द्वारा सड़कों पर गश्ती करती रही। ताकि कहीं किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे। आंदोलनरत व्यवसायियों को पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार किया जायेगा। साथ ही उनकी सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर समाधान किया जायेगा। इस आश्वासन पर आंदोलन को समाप्त हुआ।

सनातनियों के लिए गर्व का दिन होगा 22 जनवरी : बिजेंद्र पाठक

विश्रामपुर (पलामू)। भाजपा नेता बिजेंद्र पाठक ने शुक्रवार को विश्रामपुर व नावा बाजार प्रखंड के कई गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को अयोध्या से आए पवित्र अच्छत दिया। ग्रामीणों को अयोध्या चलकर रामलल्ला के दर्शन हेतु आमंत्रित भी किया। मौके पर बिजेंद्र पाठक ने कहा कि 22 जनवरी का दिन विश्व भर के सनातनियों के लिए गर्व का क्षण होगा। उस दिन रामलल्ला भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि यह सब मोदी योगी सरकार मे ही संभव था। साथ में वरीय भाजपा नेता विनोद तिवारी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

हत्या के विरोध में स्थानीय लोगों के साथ सड़क पर उतरे पूर्व सांसद मनोज कुमार और विधायक पुष्पा देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर पलामू। छतरपुर में व्यवसायी शुभम गुप्ता की हत्या को लेकर छतरपुर स्थनीय और व्यवसायिक संघ ने घटना का विरोध करते हुए सभी दुकाने बिल्कुल ही बंद रखा। वही संघ ने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी भी प्रशासन को दिया। वही छतरपुर जपला मोड़ पर पोस्टमार्टम होकर लौट रहे शुभम गुप्ता के शव को रोक कर श्रद्धांजलि दिया गया। वहीं छतरपुर - पाटन विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने व्यवसायी के साथ आंदोलन में भाग लिये। विधायक व पूर्व सांसद ने प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा ⨍ छतरपुर की स्थिती काफी गंभीर होते जा रहा है,थाना से महज 150 मीटर की दूरी पर व्यवसायिक की गोली मार कर हत्या की जाती है और प्रशासन मुकदर्शक बनी रह जाती है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व मे ही हमारे वाहन पर कुछ अज्ञात लोगो के द्वारा हमला किया गया था ।उस मामले मे भी थाना प्रभारी की पुरी जवाब देही थी। लगातार छतरपुर मे हो रहे है घटना से यंहा के स्थानीय लोग काफी दहशत में हैं। भाजपा नेता पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि वे सभी व्यवसायिक के साथ हर समय खड़ा हैं। यंहा के अपराधिक घटना को लेकर पलामू एसपी ,और छतरपुर डीएसपी से बात कर सुरक्षा देने को कहा जायेगा। मौके पर व्यवसायिक संघ अध्यक्ष बीरेन्द्र प्रसाद सौंडिक, समाजसेवी अरबिंद गुप्ता ,संतोष गुप्ता सुरेंद्र गोस्वामी ,बिरजू साव,अभिषेक चौरसिया,महामंत्री अनमोल मिश्रा,अनिल सिंह ,कमलेश गुप्ता ,जीतेन्द्र गुप्ता,चंदन यादव,ओम गुप्ता,गोलू ,समेत काफी संख्या में व्यसायिक मौजूद थे।

व्यापारियों को हर हाल में सुरक्षा दे राज्य सरकार : चित्तेश मिश्रा

मेदिनीनगर। छतरपुर में दिनदहाड़े हुए युवा व्यापारी शुभम गुप्ता की हत्या का फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के अध्यक्ष चित्तेश मिश्रा ने कार्यालय में बैठक कर घोर निंदा किया है। उन्होंने सरकार एवं जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि हर हाल में अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए कड़ी से कड़ी सजा दे अन्यथा संगठन छतरपुर से राजधानी तक प्रशासन एवं सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के साथ आगे लड़ाई के लिए रणनीति बनाने पर मजबूर हो जाएगा। एक व्यवसायी जो अपनी पूंजी एवं उद्यमिता के सहारे अपने व्यवसाय को चलाते हुए समाज के आशा एवं अपेक्षाओं में हर सुख दुख में खड़ा रहता है, ऐसे में इस तरह के नृसस हत्या होना घोर निंदनीय एवं बर्दाश्त के बाहर है। ऐसे में व्यापारी की सुरक्षा होना एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है ,जिस पर सरकार एवं प्रशासन को गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए हर हाल में सुरक्षा देने पर विचार करना चाहिए। शुभम गुप्ता जैसा युवा व्यापारी का छीन जाना हम व्यवसाईयों के लिए बहुत दुखद है । इस घटना से सभी व्यवसायी अपने आपको असुरक्षित सुरक्षित महसूस कर रहे हैं अगर अपराध पर नियंत्रण समय पर नहीं हो पाया तो यह महामारी की तरह बहुत तेजी से बढ़ता चला जाएगा । इसे रोकने के लिए हर हाल में प्रशासन को सक्रिय होना पड़ेगा । बैठक में मुख्य रूप से सचिव रंजन अग्रवाल, उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह, अमुक प्रियदर्शी, निलेश चंद्र, नवीन पांडे , राघवेंद्र सिंह, फिरोजुद्दीन अंसारी एवं रणजीत मिश्रा उपस्थित थे।

विधायक ने शुरू किया दीवार लेखन अभियान

नीलांबर पीतांबर पलामू। भाजपा द्वारा देश के सभी राज्य के जिला व प्रखंडों में जनजागरूकता अभियान को चलाने के लिए दीवार लेखन के माध्यम से प्रचार प्रसार कर मोदी सरकार के उपलब्धियों से गांव, टोला के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत पांकी विधानसभा के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी के दीवार लेखन अभियान की शुरूआत दीवार पर कमल चिंह बनाकर एवं एक बार फिर मोदी सरकार लिखकर किया। इस संबंध में विधायक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धि जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तथा आसन्न लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर लोगों में जन जागरूकता अभियान लाने के लिए दिवार लेखन का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य में भाजपा के एक छोटे कार्यकर्ता से लेकर विधायक, सांसद समेत पार्टी के बड़े अधिकारी भी लगे हुए हैं। इस अभियान की शुरूआत मेरे द्वारा किया गया है।

कानून व्यवस्था बनाये रखने को डीसी-एसपी ने दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रामेशन की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले में विधि व्यवस्था संधारित करने को लेकर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में कई महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम व जेएसएससी की ओर से प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन होना है जिसमें लाखों विद्यार्थियों के शामिल होने की सूचना है इन सभी दिनों के मदेनजर जिला प्रशासन की भूमिका बेहद ही अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों व मंदिरो में कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होने है जिसमें भारी संख्या में लोग एक स्थान पर एकत्रित होंगे ऐसे में सभी थाना प्रभारी व सीओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे।

सोशल मीडिया पर रखें पैनी नजर : डीसी

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि हाल के दिनों में सोशल मीडिया अफवाहों का कैरियर हो जाता है ऐसे में सभी थाना प्रभारी व सीओ सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म को अफवाहों का करियर न बनने दें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय अनुसार ही डीजे बजाये जाये यह सुनिश्चित होना चाहिए। अगर कहीं किसी पदाधिकारी के संज्ञान में कोई आपत्तिजनक मामला सोशल मीडिया पर पाया जाता है तो उस व्यक्ति के विरुद्ध आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में ड्रोन उपलब्ध है ऐसे में जिस पदाधिकारी को ड्रोन की आवश्यकता हो तो जिला से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर तैनात नहीं रहने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी।

उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के चार गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला के पांकी थाना क्षेत्र में विकास कार्य किये जा रहे हैं। इसमें बाधा पहुंचाने के उद्देश्य से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर ध्रुव जी उर्फ राजू राम के द्वारा लेवी वसूली की जा रही थी। इतना ही नहीं क्षेत्र में अपना प्रभाव जमाने एवं लोगों में भय उत्पन्न करने के लिए विभिन्न स्थानों पर नक्सली पर्चा साटे जा रहे थे। जिसकी सूचना पुलिस के पास में थी। एसपी के गुप्त सूचना के आधार पर पांकी थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम बिहरा में पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया गया। जहां से चार लोगों को हिरासत में लिया गया। इस संबंध में एसपी रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पांकी थाना क्षेत्र में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसमें ठेकेदारों से लेवी की वसूली करने के उद्देश्य से परेशान किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर यह पता चला कि जेजेएमपी के एरिया कमांडर ध्रुव जी संगठन के सदस्यों के माध्यम से परचा आदि सटवाकर लेवी की मांग कर रहा है। इस आधार पर पुलिस का टीम गठन कर ग्राम बिहरा से चार लोगों को संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो इनलोगों के पास से दो देसी कट्टा, लाल रंग का एक एवं सादा चार नक्सली परचा, तीन मोबाईल, दो मोटरसाइकिल व लेवी के पैसे बरामद किये गये। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र कुमार भुइयां पिता नरेश भुइयां ग्राम नावागढ़, सतन उरांव पिता रामू उरांव ग्राम सरजवन, जगन उरांव पिता दुखन उरांव ग्राम सरजवन, राजू साव पिता गोविंद साव ग्राम धावाडीह सभी पांकी थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इनलोगों के पास से देसी कट्टा व अन्य सामग्री बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों से पूछताछ की गई। इनलोगों ने बताया कि एरिया कमांडर ध्रुव जी एवं उनकी पत्नी अनिता देवी के कहने पर संगठन के नाम पर छोटे छोटे ठेकेदार व राशन डीलर को धमकाकर लेवी वसूलते थे। जो ध्रुव को पहुंचाते थे। उसी पैसे में से हमलोगों को ध्रुव दिया करता था। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के दस्ता द्वारा पांकी थाना क्षेत्र में गतिशील रहते हुएविकास कार्यों में बाधा पहुंचाया जा रहा था। छापेमारी दल में थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह, पुअनि रंजीत कच्छप शामिल थे।

नेशनल कराटे चैंपियनशिप में चार गोल्ड मेडल जीते खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

मेदिनीनगर। संत मरियम स्कूल के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया! जिसमें आगरा में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप एवं आसनसोल वेस्ट बंगाल में आयोजित नेशनल कराटे चैंपियनशिप में चार गोल्ड मेडल जीते हुए बाल कराटेकार रौनक कुमार,रितु राज, आकांक्षा कुमारी, आर्यन राज इत्यादि को चेयरमैन अविनाश देव के द्वारा सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मार्शल-आर्टस प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार को शॉल और माला पहनाकर चेयरमैन के द्वारा सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य कुमार आदर्श, उप- प्राचार्य एसबी शाहा , हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, म्यूजिक प्रशिक्षक श्याम किशोर पांडे, शिक्षक एवं समस्त शिक्षिका , अभिभावकों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

स्पीड न्यूज

कुटीर उद्योग के स्टॉल की हो निःशुल्क व्यवस्था

गोड्डा। गोड्डा जिला भाजपा अध्यक्ष राजीव मेहता ने आयुक्त दुमका को एक आवेदन देते हुएं आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर गोड्डा मे लगने वालें मेले में लघु कुटीर और लघु उद्योग से बनने वाली वस्तुओं जिनमें हस्त करघा निर्मित वस्त्र खादी भंडार के वस्त्र एभागैया के सिल्क से तैयार कपड़े के लिए निः शुल्क स्टॉल मुहैया कराने की गुजारिश की है । इनसे शुल्क वसूल किए जा रहे हैं जब की पूर्व के कई वर्षों से इन्हे मुफ्त में स्टाल लगाने की जगह दी जा रहीं थी । सरकार द्वारा भी इन्हे प्रोत्साहित किए जाते हैं अतः इस बार भी इनके लिए मुफ्त स्टाल लगाने की अनुमति प्रदान की जाए । इस आशय की सूचना जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह ने दी है ।

सिंदरी थाना शांति समिति की बैठक

सिंदरी । उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में स्थित प्रभु श्री राम लला मंदिर के गर्भगृह में रखे गए मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को सिंदरी के विभिन्न मंदिरों सहित धार्मिक स्थलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। इसको लेकर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में सिंदरी थाना सभागार और गौशाला ओपी प्रभारी बिरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गौशाला ओपी में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सिंदरी थाना में आयोजित बैठक में प्रभारी ने सदस्यों को बताया कि डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाहों की पुलिस को सूचना देने सहित समिति को सतर्क रहने की सलाह दी गई। बैठक में सिंदरी थाना के थाना प्रभारी सह निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह, एसआई अनूप साव, एसआई आदर्श कुमार, एसआई इतु आचार्या, एएसआई विनय कुमार दुबे, महेंद्र पांडेय, अजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार, सुखलाल मरांडी, पवन शर्मा, भक्तिपद पाल, छोटन चटर्जी, राकेश तिवारी, विजय सिंह, आलोक बनर्जी, रंटू ओझा शामिल थे।

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

22 जनवरी को होगी भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा

खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में दीपावली एवं होली का माहौल है। ऐसी स्थिति में आपसी सद्भावना ना बिगड़े इसके लिए शुक्रवार को कतरास थाना में शांति समिति के बैठक बुलाई गई। प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार वर्तमान में कतरास थाना मे प्रभार पर हैं। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि मैं सभी लोगों से आग्रह करता हूं कि कोई भी अफवाह पर ध्यान ना दें। अगर कोई किसी तरह की अफवाह फैलता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस की नजर क्षेत्र के सभी मंदिरों पर है। अगर कोई शांति भंग करने का प्रयास करता है, विधि व्यवस्था भंग करता है, तो उसके खिलाफ विधि संवत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जैसा कि हम लोग वर्दी के अंदर पुलिस है उसी तरह जानता भी बिना वर्दी की पुलिस है। इसलिए दोनों के मेल-जोल से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम होगी। वही कतरास थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि कतरास में आपसी सद्भावना देखने को मिलती है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में सभी लोग आपसी एकजुटता दिखाएंगे और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखेंगे। शांति समिति के बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद जियाउल हक मुन्ना सिद्दीकी विश्व हिंदू परिषद के कमलेश सिंह बबलू बर्मन संदीप गुप्ता देवी दयाल पांडे जितेश रजवार आशीष कुमार गुप्ता मोहम्मद शमीम अख्तर अमित कुमार प्रवीण कुमार मौजूद थे।

शोभायात्रा को लेकर कई थानों में हुई शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

पुटकी/ केंदुआ/ गोंदूडीह/ भागाबांध। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर पंचायत एवं प्रखंड क्षेत्र में जगह-जगह शोभा यात्रा जुलूस पूजा अर्चना को लेकर केंदुआ डीह थाना पुटकी थाना,गोंन्दुडीह ओपी, भागाबांध ओपी परिसर में शुक्रवार को पुटकी थाना में प्रशिक्षु डीएसपी सुश्री अर्चना स्मृति खलखो सीओ पुटकी विकाश आनंद थाना प्रभारी जगदेव पाहन तिर्की, जिला परिषद सदस्य कुमारी रूपा वही केंदुआडीह थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह,गोंदूडीह ओपी प्रभारी कुंदन भरद्वाज,भागाबांध ओपी प्रभारी राजीव तुरी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।वही बताते चले कि भगवान श्री राम का अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह जगह 20 जनवरी को भव्य तरीके से श्री राम भगवान का शोभायात्रा निकाली जानी है और 22 जनवरी को सभी मंदिरों में पूजा पाठ के साथ- साथ हनुमान चालीसा का आयोजन किया जाना है। वहीं थाना क्षेत्र में कहां-कहां शोभायात्रा, जुलूस, हनुमान चालीसा एवं पूजा पाठ किया जाएगा जिसको लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी लिया गया। बैठक में प्रशिक्षु डीएसपी और सीओ ने कहा कि सोशल मीडिया का जमाना है और किसी भी अफवाह को वायरल करने से पहले उसे सोच विचार कर ही वायरल करें।

मौके पर थे मौजूद

मौके पर सुंदरी देवी,भानु प्रताप,राजू सिंह, रवि सिन्हा, जय प्रकाश पासवान, जीतू पासवान, सदानंद वनार्वाल, विकाश सिंह चौधरी, मूर्तजा अंसारी, संतोष पासवान, राजू अंसारी, योगेंद्र दास, शाहरुख खान, रामगोपाल भुवनिया, मनवर अंसारी, सरफुदीन अंसारी, हरिप्रसाद पप्पू, भोलू यादव, त्रिवेणी यादव, मोहन राम, बबलू दास, रामदेव महतो, देवाशीष पासवान, निरु सिन्हा, क्यूम खान शामिल थे।

एक नजर में

कतरास के रामभक्तों ने किया रक्तदान

कतरास। शुक्रवार को राजस्थानी समाज भवन कतरास हटिया में राम भक्तों के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो कतरास के जाने-माने चिकित्सक डॉक्टर बी एन चौधरी ,डॉक्टर उमाशंकर सिंह एवं मारवाड़ी महिला समिति सुनीता अग्रवाल एवं यूथ ब्रिगेड के कुलदीप अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। रक्तदान शिविर उन कार सेवकों को समर्पित है जो बाबरी विध्वंस में वीरगति को प्राप्त हुए थे। बताते चले कि रक्तदान शिविर का आयोजन मारवाड़ी महिला समिति कतरास मारवाड़ी सम्मेलन कतरास, डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान (राजेंद्र क्लब) कतरास ,श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम कतरास, श्री श्री सर्वजनिक काली पूजा समिति कतरास एवं लायंस क्लब का कतरास के संयुक्त तत्वाधान में लगाया गया। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से मारवाड़ी महिला समिति की राखी चौधरी, रितु अग्रवाल ,दीपा अग्रवाल ,शिल्पा गोयल, मीना अग्रवाल, श्वेता खंडेलवाल, रूपा खंडेलवाल, अंशु अग्रवाल, कविता अग्रवाल, डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान राजेंद्र क्लब के अध्यक्ष अशोक चौरसिया ,सचिव बिनोद रजक वरीय सदस्य शिवेश विश्वकर्मा सोनू शर्मा दुर्गा पूजा समिति के सचिव मुकेश भट्ट मनोज राय पिंटू दे विष्णु चौरसिया लायंस क्लब का कतरास के डॉ उमाशंकर सिंह डॉ स्वतंत्र कुमार डा मधुमाला, कृष्ण कन्हैया राय आदि मौजूद रहे। शिविर लगाने में समाजसेवी अंकित राजगढ़िया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रक्त संग्रह करने के लिए शहीद निर्मल महतो चिकित्सा अस्पताल धनबाद की टीम की अहम भूमिका रही।

हस्तशिल्प कला के प्रति बच्चों को किया जागरूक

कार्यशाला में वोकल फॉर लोकल को दी गयी प्राथमिकता

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। बच्चों में हस्तशिल्प कला उद्योग और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता फैलाने को लेकर केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन व जागरूकता कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यशाला में कुशल हस्तशिल्पियों के द्वारा डीएवी स्कूल सिंदरी, मदर टेरेसा स्कूल सिंदरी और उत्क्रमित मध्य उच्च विद्यालय सिंदरी के कक्षा 6 से 12 तक के लगभग 500 स्कूली बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में वोकल फॉर लोकल को प्राथमिकता दी गई। केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय अंतर्गत विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय देवघर द्वारा आयोजित कार्यशाला में स्कूली बच्चों ने झारखंड के क्षेत्रीय हस्तशिल्प बाँस शिल्पकला, आर्टिस्टिक टेक्सटाइल, सोहराय लोक चित्रकला, अप्लिक, मणिपुरी लूम और हैंड एम्ब्रोइडरी कला का अपने हाँथों से करके सीखने के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में उत्साहवर्धन करने पहुँचे झरिया सीओ रामसुमन प्रसाद ने कहा कि नई शिक्षा नीति में स्वरोजगार प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय का प्रयास सराहनीय है। स्कूल प्राचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में हस्तशिल्प संबंधित कार्यक्रम का पुनः आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला के समापन समारोह में झरिया सीओ राम सुमन प्रसाद, पी के राय कॉलेज धनबाद के अंग्रेजी विभाग के प्रो डॉ मंतोष पांडेय, बलियापुर बीडीओ राजेश सिन्हा, झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुखलाल मरांडी, भाजपा अनुसूचित जनजाति जिलाध्यक्ष रविश्वर मरांडी, आयुष फाउंडेशन धनबाद के कुमार प्रशांत, रविन्द्र विश्वकर्मा, अजय कुमार मोदक, स्कूल के कला शिक्षक मुकेश तिवारी, विभागीय अधिकारी रवि जन रोशन, शिक्षकगण सहित विद्यार्थी व विद्यालय परिवार मौजूद रहे।

धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक में विचार विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। शुक्रवार को धनबाद मंडल की ह्यमंडल संसदीय समितिह्य की बैठक का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद के सभाकक्ष में किया गया । इस बैठक में धनबाद मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया । बैठक की अध्यक्षता धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह द्वारा की गयी । सभी माननीय सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। आज की बैठक में चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह, पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, गिरिडीह के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी उपस्थित थे । इनके अलावा शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधि नागेन्द्र महतो, सांसद जयंत सिन्हा भी मौजूद थे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in),सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,रामगढ
रामगढ़ थाना के सामने, थाना चौक/गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़, झारखण्ड– 829122,
ई-मेल–eercdramgarh-jhr@nic.in

"सूचना"

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत अति–अल्पकालीन निविदा अमंत्रण सूचना संख्या–06 वर्ष–2023–24 दिनांक–12.01.2024 का P.R No.-316066Road(23-24)#D द्वारा आमंत्रित निविदा को निम्न प्रकार संशोधित किया जाताहै:–

क्रमांक	विवरणी	पूर्व में आमंत्रित	संशोधन
1.	बिक्री की तिथि	24.01.2024	29.01.2024
2.	प्राप्ति की तिथि	25.01.2024	30.01.2024

शेष यथावत रहेंगे। कार्यपालक अभियंता,
PR 316536 Road(23-24).D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,रामगढ

त्रिपक्षीय वार्ता के बाद टासरा का चक्का जाम करेगी समिति : मंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। सेल चासनाला की महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा प्रोजेक्ट में एमडीओ कार्य करने आई कंपनी कल्याणेश्वरी टासरा माइनिंग प्रा लिमिटेड के चक्का जाम की तैयारी स्थानीय ग्रामीण कर रहे हैं। इसकी सूचना टासरा रोहड़ाबाँध रैयत ग्रामीण संघर्ष समिति के गोवर्धन मंडल ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि सेल चासनाला कार्यालय के सभागार में आयोजित ग्रामीणों के 12 सूत्री मांगों पर त्रिपक्षीय वार्ता विफल रही। उन्होंने बताया कि सेल प्रबंधन रोहड़ाबाँध और टासरा मौजा के रैयतों की 224 एकड़ भूमि का एकमुश्त अधिग्रहण के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रबंधन अपने अड़ियल रवैये के साथ काम करना चाह रही है। उन्होंने बताया कि सेल की संवेदक कंपनी केटीएमपीएल धरातल पर कार्य कर रही है। वहीं टासरा प्रोजेक्ट के आसपास के रैयतों और ग्रामीणों की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि विगत 8 जनवरी को सेल प्रबंधन को दिए माँगपत्र में वर्ष 2015 के विस्थापित परिवारों को नियोजन सहित अन्य मांगों को शामिल किया गया है।

भ्रामक और भड़काऊ संदेश फैलाने वालों की खैर नहीं : एसडीपीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर जिला क्षेत्र के नागरिक भी पूजाए संकीर्तनए दीपोत्सव एअष्टयाम और जुलूस निकालने वालों से जिला पुलिस अधीक्षक गोड्डा ने एसडीपीओ गोड्डा के माध्यम से अपील और निर्देश देते हुये कहा कि अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का अनुसरण करते हुए गोड्डा जिला के धार्मिक श्रद्धालु गण शांति व्यवस्था के साथ आपसी सहयोग और सामाजिक सद्भावना के साथ अपना धार्मिक कार्यक्रम और खुशियां मनाएं पुलिस प्रशासन उनके इस अवसर पर उनके सहयोग के लिए खड़ी है। लेकिन पूजा श्रद्धा और उत्सव के नाम पर किसी भी जनता को कोई कष्ट नहीं हो इसका ख्याल रखना होगा । इसके मद्दे नजर गोड्डा जिला पुलिस प्रसाशन एलर्ट मोड में है । पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा के निर्देश पर एसडीपीओ गोड्डाए जेपीएन चौधरी ए सार्जेंट मेजर संजय पांडे एथाना प्रभारी गोड्डा नगर उमेश मोदी एअवर निरीक्षक गोड्डा नगर थाना मुकेश कुमार सिंह के साथ सैकड़ों पुलिस जवान शामिल थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हंसडीहा में जनसंवाद

हंसडीहा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार को हँसडीहा पंचायत भवन में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ शपथ दिलाई गई। इस दौरान कई ग्रामीणों की आधार कार्डए आयुष्मान कार्ड से सम्बंधित समस्याओं का निदान किया गया। मौके पर भाजपा हँसडीहा मंडल अध्यक्ष भृगुनाथ यादव ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के माध्यम से आमजन की शिकायतों दूर होगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जल पथ प्रमंडल सं0–2 हजारीबाग
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 02/2023–2024 का शुद्धि–पत्र

Sl. No.	Name of Work	Estimated Cost (INR)	Earnest Money (INR)	Cost of BOQ (INR)	Completion period of Work
1	प्रखंड ईचाक अन्तर्गत ग्राम–चम्पानगर नावाडीह में आंगनबाड़ी केन्द्र से वरुण प्रजापति के घर होते हुए दयानंद उपाध्याय के घर तक पीसीसी पथ एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण।	21,76,000	44,000	5000	2 Months
2	घुरघू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बड़की हरहद में कुलेश्वर महतो के घर से शमशान घाट तक पीसीसी पथ निर्माण।	19,87,400	40,000	5000	2 Months

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 29.01.2024 से 30.01.2024 अपराहन 4:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 31.01.2024 पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय : दिनांक 31.01.2024 को अपराहण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0– : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। 7903709450
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है ।
6. पूर्व में जारी विज्ञापन सं0– PR- 316313 Water Resources (23-24)D को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 316572 Water Resource(23-24)#D जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग

झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

संशोधित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–16 वर्ष 2023–24

पी0आर0नं0– 316324 Drinking Water and Sanitation (23-24)#D दिनांक– 18.01.2024

1.	विभाग का नाम	:–	पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2.	विज्ञापनदाता का नाम	:–	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग।
3.	परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय	:–	दिनांक – 29.01.2024 अपराहन 5:00 बजे तक।
4.	निविदा प्राप्ति की तिथि	:–	दिनांक – 30.01.2024 अपराहन 3:00 बजे तक।
5.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:–	दिनांक – 30.01.2024 अपराहन 4.30 बजे।
6.	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:–	कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।
7.	निविदा प्राप्ति का स्थान	:–	1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। 2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग।
8.	निविदा खोलने का स्थान	:–	कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।
9.	कार्य की विस्तृत विवरणी	:–	

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की संख्या	युप संख्या	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District-Hazaribag, different block in Sub Division No.-01; 02 & Barhi from Dt.-**10.02.2024 to 31.05.2024** Under Drinking Water and Sanitation Division, Hazaribag for the year 2023-24 **RM to DT- 1.** (Major repair-60%):- **1008 Nos. @ Rs 752 Each 2.** (Minor Repair-40%):-**672 Nos. @ Rs 376 Each Total (1+2 – 100%):- 1680 Nos.**	168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) **280 Nos**	RM/DT/04-A	2,09,315/-	4,500/-	500/-	Four Month
2		168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) **280 Nos**	RM/DT/04-B	2,09,315/-	4,500/-	500/-	Four Month
3		168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) **280 Nos**	RM/DT/05-A	2,09,315/-	4,500/-	500/-	Four Month
4		168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) **280 Nos**	RM/DT/05-B	2,09,315/-	4,500/-	500/-	Four Month
5		168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) **280 Nos**	RM/DT/06-A	2,09,315/-	4,500/-	500/-	Four Month
6		168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) **280 Nos**	RM/DT/06-B	2,09,315/-	4,500/-	500/-	Four Month

निविदा की शर्त्तें विभागीय वेबसाईट www.daa.jharkhand.gov.in एवं इस कार्यालय के सूचना पटट पर देखा जा सकता है। इच्छुक एजेंसी परिमाण विपत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से भुगतेय होगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
PR 316485 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

कतरास : रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनायेगा सोलह आना नागरिक समिति

खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। शुक्रवार को श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में सोलह आना नागरिक समिति की एक बैठक सोलह आना नागरिक समिति के अध्यक्ष सुभाष सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को शांतिपूर्ण ढंग से कैसे मनाएं इस पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सभी समुदाय के लोगों ने मिलजुल कर श्यामडीह मोड़ पर उत्सव मनाने का निर्माण लिया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने देश में अमन - चैन कायम रहे इसके लिए वर्षों पुरानी विवाद को समाप्त कर भव्य राम लला मंदिर निर्माण का निर्णय दिया और विदा को समाप्त कर दी। आज न्यायालय के आदेश से अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण हो गया है। जिसका शुभ उद्घाटन समारोह आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होना है। इस समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी समुदाय के लोग मिलकर हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाएं, ताकि आने वाले पीढ़ी के लिए यह उत्सव मिसाल बन जाए।

कार्यक्रम में थे शामिल

मौके पर श्यामडीह बस्ती मस्जिद कमिटी के सदर मो इसराइल अंसारी, सुर्यदेव मिश्रा, राम सुन्दर दास,धनंजय सिंह, हीरालाल सिंह, सरफुद्दीन अंसारी, उप सदर शहीद अंसारी, किशोर सिंह, समीम अंसारी,विनय राय, दुलाल राय,शुकर सिंह,समीम खान,आजादी सिंह, गोपाल सिंह,रंजीत सिंह, अशोक कुमार दास, बिनोद सिंह, इम्तियाज खान, शब्बीर अंसारी, नवीन कुमार नवीन, कृष्णा केशरी, दशरथ मिस्त्री, गोपाल केशरा, पंकज सिंह, प्रिंस सिंह,सुरज सिंह,आदि उपस्थित रहे।

भिड़ें पाक-इरान

ईरान और पाकिस्तान दोनों के भिड़ जाने का मतलब है, ग्वादर में चीनी परियोजना का सत्यानाश। 7 जून, 2023 को चीन ने पहली बार पाकिस्तान-ईरान के साथ पेइचिंग में त्रिपक्षीय बैठक की थी। विषय दो मित्रों के बीच तनाव कम करना और आतंक विरोधी रणनीति पर अमल करना था। 16 मई, 2013 को चीन ने ग्वादर पोर्ट का नियंत्रण पाकिस्तान से अपने हाथों ले लिया था। यह चीन की महत्वाकांक्षी योजना रही है, लेकिन लोकल बलूच उसे नापसंद करते रहे। वर्ष 2022-23 तक चीन ने सीपीईसी प्रोजेक्ट पर जो 65 अरब डॉलर खर्च किये, उसका बड़ा हिस्सा ग्वादर पोर्ट पर लगा है। सिस्तान-बलूचिस्तान के जिस इलाके में पाकिस्तान ने हमला किया है, वह ग्वादर से लगभग 300 किलोमीटर की दूरी पर है। पाक विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि आज तड़के ही पाकिस्तानी फोर्स ने ईरान के सिस्तान ओ बलूचिस्तान प्रांत में कोह ए सब्ज स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया। हमने ऑपरेशन मार्ग बर समाचार के तहत कई आतंकवादियों को मार गिराया है। ईरानी हदों में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के आतंकवादी, स्वयं को समाचार कहते हैं। समाचार का मतलब होता है, नेतृत्व देने वाला कमांडर मार्ग का अर्थ है, मौत। मार्ग बर का अर्थ है खिलाफ। पाकिस्तान ने उसी के हवाले से ऑपरेशन मार्ग बर समाचार रखा था, जिसका आशय था, ईरान में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के आतंकवादियों के नेता के खात्मे का अभियान। ईरान ने पाकिस्तान में हमला 16 जनवरी को किया था। पाकिस्तान ने भी पलटवार कर दी। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति दयनीय है इस स्थिति में पाकिस्तान को अधिक नुकसान होने की आशंका है। साथ ही दुनिया में अशांति फैलने का भी डर है। इसकी आशंका से शेयर बाजार का सूचकांक भी गिरावट झेल रहा है।

शिक्षा का गिरता स्तर

देश के सरकारी स्कूलों में 56 फीसदी किशोर गणित की सामान्य प्रक्रियाएं नहीं कर पाते। करीब 25 फीसदी छात्र क्षेत्रीय भाषा में कक्षा-दो का पाठ भी धाराप्रवाह ढंग से नहीं पढ़ पाते। करीब आधे छात्र यदि भाग व गुणा जैसी सामान्य गणितीय क्रियाएं नहीं कर पाते तो यह हमारे शैक्षिक ढांचे पर सवालिया निशान है। आखिर क्या वजह कि करीब 43 फीसदी छात्र अंग्रेजी के सामान्य वाक्य पढ़ने में असमर्थ हैं? बुधवार को जारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट के निष्कर्ष निस्संदेह परेशान करने वाले हैं कि आने वाले भारत का भविष्य कैसा होगा? कालांतर जैसे-तैसे पढ़-लिखकर ये छात्र बेरोजगारों की संख्या बढ़ाने के अलावा और क्या कर सकते हैं? पहली बार देश के 26 राज्यों के 28 जिलों में किशोरों का सर्वेक्षण किया गया। बच्चों की गणित व अंग्रेजी की स्थिति देखकर साफ है कि प्राथमिक विद्यालय स्तर पर बच्चों की बुनियादी पढ़ाई और गणित की शिक्षा में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। दरअसल, एएसईआर के इस सर्वेक्षण में 14 से 18 वर्ष के 34,745 छात्रों को शामिल किया गया था। बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के दो ग्रामीण जिलों तथा शेष राज्यों के एक-एक ग्रामीण जिले को सर्वेक्षण में शामिल किया गया। हालांकि, अच्छी बात यह है कि 14 से 18 वर्ष के करीब 87 फीसदी बच्चे स्कूलों में नामांकित हैं। लेकिन उनमें से अधिकांश बुनियादी पढ़ने, गणित और अंग्रेजी ज्ञान में बुनियादी कौशल का प्रदर्शन नहीं करते हैं। हालांकि, सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल नब्बे फीसदी बच्चों के पास स्मार्टफोन हैं और उन्हें यह चलाना बखूबी आता है। सबसे परेशान करने वाला सवाल यह है कि क्यों 25 फीसदी छात्र अपनी क्षेत्रीय भाषा में कक्षा दो का पाठ भी धाराप्रवाह रूप से नहीं पढ़ सके। यह देश की शैक्षणिक विकास पर बड़ा सवाल है?

पीएम जनमन: जनजातीय समूहों के लिए एक आशा की किरण

जनजातीय सशक्तिकरण, गौरवशाली भारत के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने विगत दशक के कार्यकाल में जो उपलब्धियाँ हासिल की हैं, वे अतुलनीय हैं। आजादी के बाद सरकारें तो बदलती थीं पर उनके अजेंडे में अनुसूचित जनजातीय समाज दूर दूर तक कहीं नजर नहीं आता था। देश आगे बढ़ता गया और जनजातीय समाज वहीं का वहीं रह गया। जनजातीय समाज को राजनैतिक एवं सामाजिक ढंग से सशक्त करना यदि किसी मायने में कोई कर पाया है तो वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चिंतन हमेशा ऐसी योजनाओं को धरातल पर लाने का होता है, जिनका मूलभूत उद्देश्य पिछड़े और अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को न्याय, समानता और मौलिक अधिकार दिलाना हो। इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि से जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर महा अभियान प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) का शुभारम्भ किया। यह एक ऐसी परियोजना है जिसकी कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।

हमारी सरकार ने देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 23 हजार से ज्यादा गांवों में रह रहे ऐसे 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों की पहचान की, जो आदिवासियों में भी सबसे पीछे रह गए आदिवासी हैं, जिन्हें आजादी के 75 साल बाद भी मूल सुविधाएं प्राप्त नहीं हुई हैं। ह्यपीएम जन मन के इस महान अभियान के द्वारा भारत सरकार इन समुदायों पर 24 हजार करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। पीवीटीजी समुदाय अक्सर वन क्षेत्रों के सुदूर और दुर्गम बस्तियों में रहते हैं। पीएम जन मन अभियान को आरम्भ करते हुए प्रधानमंत्री जी ने कहा ह्यसरकारें पहले आंकड़ों को जोड़ने का काम करती थी लेकिन मैं आंकड़ों को नहीं बल्कि जिंदगी को जोड़ना चाहता हूँ। यह प्रधानमंत्री जी की जनजातीय समुदायों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री जी के संकल्प को गति देते हुए भारत मंडपम, दिल्ली में पीएम-जनमन के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत कार्य योजना को अंतिम रूप देने के लिए मंथन शिविर का आयोजन कर योजना के क्रियान्वयन एवं रोड मैप पर चर्चा की गई।

- अर्जुन मुंडा

> यह संयुक्त पहल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, मेघालय और झारखंड में 60 वन धन विकास केंद्रों को लक्षित करते हुए एक अग्रणी पायलट परियोजना शुरू करने के लिए तैयार है। ये केंद्र विशेष रूप से अति पिछड़े जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) सहित स्थानीय जनजातीय समुदायों को हल्दी जैसे उत्पादों के मूल्य को बढ़ाने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे बेहतर पारिश्रमिक हासिल किया जा सकेगा।

जनजातीय मंत्रालय ने पीएम-जनमन के तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस ह्यसुशासन दिवसह्न के अवसर पर 25 दिसंबर से देश के जनजातीय बाहुल्य जिलों में पीवीटीजी परिवारों तक पहुंचने के उद्देश्य से, सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान की शुरुआत की है।

पिछले तीन सप्ताह में मंत्रालय द्वारा 100 से अधिक जिलों में 8000 से अधिक कैंप लगाए गए, जिनमें आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाते आदि खोले जा रहे हैं, ताकि उन्हें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जैसी योजनाओं से वंचित लोगों को इसका लाभ मिल सके। विभिन्न मंत्रालयों द्वारा विगत 2 माह में पीएम जनमन के तहत 4700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 1 लाख लाभार्थियों को पक्के घर और 400 से अधिक पीवीटीजी बाहुल्य बसाहटों में 1200 किलोमीटर सड़कें बनाने की स्वीकृति दे दी गई है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा 100 छात्रावास, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 916 आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 100 मोबाइल मेडिकल यूनिट, जनजातीय मंत्रालय द्वारा 450 मल्टीपर्पज सेंटर और 405 वनधन केंद्र, विद्युत मंत्रालय द्वारा 6500 से ज्यादा टोलों में 70000 से ज्यादा घरों में बिजली की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत भी हर घर नल पहुंचाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

जनजातीय समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल में, ट्राइफेड ने फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी), एग्रो बिजनेस, पेपरबोर्ड और पैकेजिंग में विशेषज्ञता रखने वाले एक प्रमुख भारतीय समूह आईटीसी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी बनाई है। यह सहयोग न केवल जनजातीय समूहों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने बल्कि घरेलू और वैश्विक स्तर पर उनके उत्पादों की बाजार पहुंच का विस्तार करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

यह संयुक्त पहल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, मेघालय और झारखंड में 60 वन धन विकास केंद्रों को लक्षित करते हुए एक अग्रणी पायलट परियोजना शुरू करने के लिए तैयार है। ये केंद्र विशेष रूप से अति पिछड़े जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) सहित स्थानीय जनजातीय समुदायों को हल्दी जैसे उत्पादों के मूल्य को बढ़ाने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे बेहतर पारिश्रमिक हासिल किया जा सकेगा।

वन धन विकास केंद्रों में अपनी व्यापक भागीदारी के साथ, कच्ची जैविक हल्दी की खरीद के लिए 15,000 से अधिक आदिवासियों के एकत्रीकरण की सुविधा प्रदान करने के लिए ट्राइफेड प्रतिबद्ध है। ट्राइफेड जैविक प्रमाणीकरण और ई-कॉमर्स प्रयासों के लिए वित्त पोषण का नेतृत्व करेगा, जबकि आईटीसी अपने स्थापित ग्राहक नेटवर्क के भीतर जैविक हल्दी को एक उप-ब्रांड के रूप में एकीकृत करेगा।

बेहतर आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने की एक अन्य पहल में, ट्राइफेड हंगरी, घाना, हांगकांग, साइप्रस, बांग्लादेश, नेपाल, ऑस्ट्रिया, वियतनाम, मॉरीशस, पोलैंड, लुसाका, संयुक्त अरब अमीरात और सेशेल्स में भारतीय दूतावासों को 10-15 पीवीटीजी उत्पादों की एक खेप भेज रहा है। क्यूआर कोड के साथ उत्पादों को विदेशों में इन भारतीय दूतावासों और मिशनों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तर पर एक विपणन मंच तैयार होगा। क्यूआर कोड को स्कैन करने पर, ग्राहकों को ट्राइफेड के समर्पित निर्यात पोर्टल, पर निर्देशित किया जाएगा। (केन्द्रीय जनजातीय कल्याण एवं कृषि मंत्री भारत सरकार)

खास बात

जन कवि खीरुराम विद्रोही पर विशेष

मनोज पाण्डेय

राज्य भर में जन कवि के नाम से चर्चित खीरु राम विद्रोही किसानों और मजदूरों की आवाज थे। रेलवे से रिटायर्ड और मस्ती में जीवन व्यतीत करनेवाले जन कवि खीरुराम विद्रोही की सैकड़ों कविताएं आज तक प्रकाशित नहीं हो सकीं। सामाजिक व्यवस्था हो, राजनीतिक व्यवस्था या फिर प्रशासनिक इनके खिलाफ अपनी कविताओं से आवाज बुलंद करते रहे। किसानों की बेबसी, मजदूरों की पीड़ा और व्यवस्था से त्रस्त आम आवाम के दर्द को अपनी रचनाओं में उन्होंने स्थान दिया। किसानों की दशा को बयां करती उनके कविता की चंद पंक्तियां लोगों को सोचने पर विवश कर देती हैं। वे किसानों से पूछते हैं-

मैं तुमसे पूछूं एक सवाल
क्यों है तेरा हाल बेहाल ?
क्यों पेट तुम्हारे सटे हुए,
क्यों पिचके-पिचके तेरे गाल ?
तेरे ही परिश्रम से खेतों में अन्न मुसकाते हैं,
तेरे ही परिश्रम से करोड़ो जीवन पाते हैं,
तुम हो दुनिया के अन्दाता,
और तुम्हीं हाथ फैलाते हो !

तो दूसरी ओर गरीबी का दंश झेलनेवालों की पीड़ा को भी उन्होंने आवाज दी है। उन माताओं के दर्द को बयां किया है जिनके स्तन में बच्चे के लिए दूध नहीं उतरता। बच्चा रो-रोकर सो जाता है। खीरुराम कहते हैं कि-

माटी का घर मरघट जैसा,
सूना-सूना आंगन है,
यहां बरसते निस दिन नैना,
यहां रोज ही सावन है।
अभी-अभी सावन बरसा था, नन्हें शिशु की आंखों से,
रोते-रोते सो गया वह, दिन-रात के फांकों से।
दूध नहीं मां के स्तन में, केवल भींगा दामन है,
यहां बरसते निस दिन नैना,
यहां रोज ही सावन है।।

किसानों-मजदूरों के हितैषी और सामाजिक समरसता का पैगाम देनेवाले खीरुराम विद्रोही ने 13 जनवरी को दुनिया को अलविदा कह दिया।

संधि प्रस्ताव

धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

कलियुग है क्यों नहीं मैं भक्ति का मार्ग खोल दूं कि आदमी समर्पण करके भी आदमी मुक्ति की प्राप्ति करे, ज्ञान की प्राप्ति करे और वह ज्यादा पक्का हो। ये तो ज्ञान का साधन कर छपरा में ही ज्ञान प्राप्त कर लिये थे। यही भवसागर का पुल है।

सुन रावन परिहरि चतुराई। भजसि न कृपासिंधु रघुराई।। जो खल भएसि राम कर द्रोही। ब्रह्म रुद्र सक राखि न तोही। लंका चारो ओर से समुद्र से घिरी हुई जगह थी उसके सुनहरे महल एवं गुंबद दूर से ही चमक रहे थे। अनेक खंभा रत्नजड़ित एवं सोने-चांदी के बने हुए थे। धन-धान्य से भरपूर लंका दिखायी दे रही थी। वहां उन्होंने अपनी सेना का शिविर डाल दिया।

भगवान राम ने सोचना कि मैं अचानक आक्रमण कर दूं यह उचित नहीं है। रावण को संधि का मौका दिया जाना चाहिए। अतः उन्होंने संधि का प्रस्ताव बालीकुमार अंगद के द्वारा रावण के दरबार में भेज दिया। वे जानते थे कि बालीकुमार अंगद राज में रहे हुए है और राज के नीति नियमों से अच्छी तरह परिचित हैं। इतना ही नहीं वे जानते थे कि एक समय बाली ने रावण से मित्रता कायम कर ली थी। इस तरह उन्होंने अंगद को आज्ञा दिया आप मेरी ओर से प्रस्ताव लेकर संधि कीजिए। बालीकुमार अंगद जब लंका में चले जा रहे थे तब रास्ते में निशाचरों का दल मिल जात था। अगर कुछ कहता था तो बात बढ़ जाती थी अंगद बगैर मारे छोड़ते नहीं थे। ऐसे में रावणका पुत्र भी मिल गया था। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

आपके ट्वीट

गुजरात के वडोदरा में नाव पलटने से 12 बच्चों और 2 शिक्षकों की डूबने की खबर हृदयविदारक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

- सुदेश महतो, आजसू

असम में ब्रह्मपुत्र नदी में नाव की यात्रा कर श्री श्री औनियाती सत्र के दर्शन के लिए पहुंचा। सांस्कृतिक रूप से समृद्ध, शंकर देव जी की भूमि, असम हमें सभी को साथ लेकर चलने का जीवन दर्शन सिखाती है। पाकर संतोष प्राप्त हुआ।

- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस

उत्सुक अखियां रहीं निहार
मेरे राम हैं रहे पधार !!
श्रीरामलला के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा में मात्र 3 दिन शेष...
जय जय श्रीराम !!

- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री

पृथ्वी का रिकार्ड गर्म होना कितना खतरनाक ?

सत्यनारायण गुप्ता

तापमान से जुड़े अब तक के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 अब तक का सबसे गर्म साल रहा है। 2023 ने पृथ्वी के लगातार 6 माह तक गर्मी का नया रिकॉर्ड बनाया। उत्तरी गोलार्ध में इस साल सबसे गर्म पतझड़ रहा है ब्रिटेन में मौसम कार्यालय और ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वैश्विक स्तर पर 1850 से लेकर अब तक के दर्ज रिकॉर्ड में 2023 सबसे गर्म वर्ष रहा। यह लगातार दसवां वर्ष है जब वैश्विक तापमान सामान्य से एक डिग्री या उससे अधिक रहा है।

पिछले साल ग्लोबल वार्मिंग के अलावा अल नीनो प्रभाव ने भी तापमान वृद्धि में अपना योगदान दिया है ह्यएल नीनो उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र में जलवायु परिवर्तनशीलता के एक पैटर्न का हिस्सा है जो वैश्विक वातावरण में गरमी प्रदान करता है। जिससे वार्षिक तापमान में अस्थाई रूप से 0.2 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होती है। यह लाल नीना के विपरीत है जिसने 2021- 2022 में वैश्विक तापमान को दबा दिया था ह्यइससे पहले 1998 वैश्विक तापमान के लिए एक रिकॉर्ड वाला वर्ष था? लेकिन पिछले साल का वैश्विक तापमान 1998 की तुलना में दशमलव .5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसका अर्थ है कि पृथ्वी प्रति दशक औसतन .2 डिग्री सेल्सियस गर्म हो रहा है। 1980 के दशक के बाद से प्रत्येक दशक पिछले दशक की तुलना में अधिक गर्म रहा है।

बढ़ते तापमान ने 2023 में दुनिया में बड़ी संख्या में अप्रत्याशित मौसम की घटनाओं में योगदान दिया। जिनमें लू, बाढ़ ,सूखा और जंगल की आग शामिल हैं ह्यकनाडा में सबसे विनाशकारी जंगल की आग देखने को मिला जिसमें 45 मिलियन एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला जंगल जल गया। भूमध्य सागर, मेक्सिको की खाड़ी, कैरेबियन, हिंद महासागर, उत्तरी प्रशांत और उत्तरी अटलांटिक के अधिकांश हिस्सों में समुद्र में गर्म समुद्री लहरें उठीं। एक अनुमान के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं के कारण 2023 में दुनिया भर में लगभग 250 अरब डॉलर का नुकसान हुआ।

पर्यावरण

जुलाई के अंत में पूर्वोत्तर चीन को तूफान डॉक्सुरी के कारण गंभीर वर्षा और बाढ़ का सामना करना पड़ा केवल 83 घंटे में वार्षिक औसत की 60% से अधिक वर्षा हुई। अगस्त -सितंबर में भी चीन में भारी वर्षा हुई। पूर्वी लीबिया को सितंबर के सप्ताहांत में भूमध्य सागरीय तूफान डेनियल के प्रकोप का सामना पड़ा करना पड़ा इससे विनाशकारी बाढ़ आई। बांध टूट गए और कई तटीय शहरों के पूरे पड़ोस नष्ट हो गए। इसके परिणाम स्वरूप 4500 से अधिक लोगों की जान चली गई। अक्टूबर में तूफान ऑफिस ने मेक्सिको कैसे प्रशांत तट पर 10 खड़ी जो देश के सबसे भयानक तूफानों में से एक था।

अपने अपने देश की बात करें तो जहां हिमाचल में बादल फटने की घटनाएं और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई। चेन्नई में बाढ़ की स्थिति रही तो उत्तराखंड और कश्मीर के गुलमर्ग जैसे इलाके सर्दी में भी बर्फबारी के लिए तरसते हुए दिखे।

अधिक गर्मी के पीछे के मुख्य कारण वनों का तेजी से सफाई और वातावरण में बढ़ती ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन है?। कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैस तथा जल वाष्प अंतरिक्ष में वापस जा रही सूर्य की ऊर्जा को पृथ्वी के वायुमंडल में ही रोक लेते हैं। जिससे तापमान में वृद्धि होती है औद्योगिक क्रांति के बाद से कोयला ,तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन जलने जैसी मानवीय गतिविधियों ने काफी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन किया है।

कॉर्टून वर्ल्ड

लेटर टू एडीटर

चीन के जाल में

मालदीव के राष्ट्रपति ने मोदी के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने वाले अपने पहले तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया था। फिर अपनी चीन यात्रा के बाद चेतावनी देते हुए भारतीय सेना को मार्च तक हटा लेने को कहा। अंततः मालदीव को चीन अपने कुटिलता के जाल में फंसाने में कामयाब हुआ। वह मालदीव को ब्याज पर कर्ज देकर आर्थिक रूप से कंगाल बनाकर उसे हड़पने की कोशिश करेगा। **- रवि, रांची**

धर्मविहीन राजनीति

आज वाकई देश में धर्मविहीन राजनीति की बड़ी जरूरत है। राजनेता धर्म की आड़ लेकर जनता को उल्लू बनाकर अपना मतलब सिद्ध करते रहे हैं। ऐसे में समाज में वैमनस्यता पैदा होना स्वाभाविक ही है। राम मंदिर को लेकर जिस तरह के सकारात्मक माहौल की जरूरत थी वह खुद व खुद बनने लगा है। मंदिर को शंकराचार्यों तक की सीमित करना चाहिए।

-अमृतलाल मारू, रांची

देश के बच्चों के शक्ति और सूझ-बूझ का सम्मान

आर.के. सिन्हा

देश उनके साहस, सूझबूझ और शौर्य के लिए सम्मानित कर रहा होता है। वे जब राष्ट्रपति जी को सलामी देते हुए आगे बढ़ते हैं, तो कर्तव्यपथ (पहले राजपथ) में उपस्थित जनसमूह उनका हर्षध्वनि से स्वागत करता है। गणतंत्र दिवस परेड का 1959 से हिस्सा हैं बालवीर पुरस्कार विजेता। यह कुछ साल से खुली जीप में निकलने लगे हैं। हालांकि लंबे समय तक यह हाथियों पर सवार होते थे। पर मेनका गांधी के विरोध के बाद इन्हें हाथियों पर बैठाने की परंपरा को रोक दिया गया।

बालवीर गणतंत्र दिवस परेड से दस दिन पहले राजधानी में आकर परेड की रिहर्सल में शामिल होते हैं। इसके अलावा, यह दोपहर और शाम को कभी राष्ट्रपति, कभी प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, कभी दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, वायुसेना, नौसेना और थलसेनाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मिलते हैं। कभी लाल किला, पुराना किला, कुतुब मीनार, हुमायूं का मकबरा जैसी ऐतिहासिक इमारतें और कभी फन एंड फूड विलेज जैसे मनोरंजक स्थल घूमते हैं। इन्हें राजधानी के फन एंड फूड विलेज के संस्थापक और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथी सरदार सेवा सिंह नामधारी बहुत सारे उपहार देते थे। उनके ना रहने के बाद भी बालवीरों को वहां सम्मानित किया जाता है।

पराक्रम

हमें पुरस्कार संकेतिक रूप से नहीं देने चाहिए। ईमानदार कोशिश होनी चाहिए ताकि बालवीरों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलें। आमतौर पर इनका संबंध देश के सुदूर इलाकों में रहने वाले निर्धन परिवारों से ही होता है। इन्हें हर संभव प्रोत्साहन की दरकार होती है। यह सब देश के नौनिहाल होते हैं। इनके प्रति ठंडा रुख रखना गलत है। अब तक विभिन्न राज्यों से करीब एक हजार से भी अधिक बच्चों को राष्ट्रीय बाल वीरता पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। वर्ष 2018 के बाद से भारत सरकार का बाल विकास मंत्रालय स्वयं इन बच्चों का चयन करता है अब यह राष्ट्रीय पुरस्कार वीरता श्रेणी के अतिरिक्त खेल, मनोरंजन, विज्ञान अनुसंधान, आदि अन्य अनेक श्रेणियों में भी बाल प्रतिभाओं को दिए जाने लगे हैं।

अब देश में कितने लोगों को याद है कि पहला बालवीर पुरस्कार हरीश मेहरा नाम के बालक को मिला था। अब हरीश मेहरा करीब 80 साल के बुजुर्ग हो गए हैं। वे दिल्ली में ही रहते हैं। उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को एक बड़े हादसे का शिकार होने से बचाया था। वह तारीख थी दो अक्टूबर,1957। स्थान था दिल्ली का रामलीला मैदान। शाम के सात बजे थे। उस दिन हरीश मेहरा राजधानी के रामलीला मैदान में चल रहे एक कार्यक्रम के दौरान वालंटियर की ड्यूटी दे रहे थे। वीआईपी मेहमानों के लिए आरक्षित कुर्सियों पर पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी, के बाबू जगजीवन राम वगैरह भी उपस्थित थे। तब ही उस शामियाने के ऊपर तेजी से आग की लपटें फैलने लगीं जिधर तमाम नामवर हस्तियां बैठीं थीं।

वे तुरंत 20 फीट ऊंचे खंभे के सहारे उस जगह पर चढ़ने लगे जिधर आग लगी थी। उनके पास स्काउट का चाकू भी था। जिधर से आग फैल रही थी, वहां पर पहुंचकर उन्होंने उस बिजली के तार को अपने चाकू से काट डाला। इस सारी प्रक्रिया को अंजाम देने में मात्र पांच मिनट का वक्त लगा। सभी लोग बच गये।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन- -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष बने सोमरा मुंडा और नायक सचिव

भुरकुंडा (रामगढ़)। कोल माइंस वर्कर्स यूनियन भुरकुंडा कोलियरी शाखा कमेटी गठन को लेकर शुक्रवार को नीचे धौड़ा में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारी का चुनाव किया गया। कमेटी में अध्यक्ष सोमरा मुंडा, उपाध्यक्ष विजय दुबे व अमूल्य एक्का, सचिव नारायण नायक, सह सचिव राधिका देवी एवं मधु बावरी, संगठन सचिव श्याम महतो एवं नकुल प्रसाद को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यो में जागेश्वर नायक, टिंकू नायक, नारायण करमाली, पुष्पा देवी, रेखा देवी, सविता देवी, सुलेखा देवी, सावंती देवी, सोनू करमाली, राजेश करमाली, दिनेश तुरी, राधा देवी, प्रियंका देवी, ममता देवी, गुड़िया देवी, ललिता देवी आदि शामिल हैं। वहीं राहुल सिंह एवं सुमित कुमार को भुरकुंडा कोलियरी कोल माइंस वर्कर्स यूनियन शाखा का कार्यकारी अध्यक्ष, राहुल सिंह एवं सुमित कुमार को संगठन सचिव बनाया गया। सभी चयनित पदाधिकारियों को स्वागत करते हुए यूनियन के क्षेत्रीय सचिव डॉ आशीष कुमार ने कहा कि मुझे पूरा उम्मीद है की आपसभी अपने दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाते हुए भुरकुंडा शाखा को और बुलंदियों तक ले जायेंगे।

गोला : सेनेटरी दुकान में आग से लाखों रुपये का सामान जला

गोला। रामगढ़- बोकारो मुख्य मार्ग के मठवाटांड़ के पास गुरुवार देर रात सहारा सेनेटरी दुकान में आग से सभी सामान जलकर राख हो गया। आग से लगभग 60 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति नुकसान होने का अनुमान है। दुकान कामता बरवाटांड़ निवासी अमित कुमार का है। बैंक से भी लाखों रुपए का लोन लिया था। साथ ही घर की जमा पूंजी भी लगाई थी, जो सब आग लगने से बर्बाद हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। कुछ लोग इसे बिजली शॉर्ट सर्किट तो कुछ लोग इसे साजिश बता रहे हैं। बताया जाता है कि दुकानदार गुरुवार की रात 10:00 बजे के करीब दुकान को बंद कर घर चल गया। अहले सुबह 5:00 बजे के बीच उसे दुकान में आग लगने की जानकारी मिली। सूचना पाकर प्रशासन व स्थानीय लोग भी पहुंचे और आग को बुझाने में मदद की लेकिन तब तक दुकान में रखें सभी सामान जलकर राख हो चुके थे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस घटना के कारण की जांच कर रही है।

पूजा को राज्यपाल ने किया सम्मानित

रामगढ़। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में रामगढ़ चट्टी बाजार निवासी पूजा कुमारी राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया । पूजा एमबीए में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर अपने बैच की टॉपर बनी थीं। विनोद कुमार पंकज की बेटी है पूजा । सम्मानित किये जाने पर अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यख महावीर अग्रवाल, प्रमंडलीय सचिव विमल बुधिया, सचिव प्रकाश पटवारी, कोषाध्यक्ष मानिक चंद जैन, उपाध्यक्ष विनय अग्रवाल, हरीश चौधरी, महेश अग्रवाल, विष्णु पोद्दार,उमेश राजगढ़िया, अनिल गोयल सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

लोकसभा चुनाव को ले दी गयी ट्रेनिंग

रामगढ़। लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिला समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभा कक्ष में असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर्स को दी गई ट्रेनिंग। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के रूप में चयनित उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी बीरेंद्र प्रसाद, राज्य कर पदाधिकारी रामगढ़, प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू मनोज कुमार गुप्ता द्वारा असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर्स को जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना, वल्नरेबलिटी मैपिंग, पोलिंग पार्ट, पॉल डे अरेंजमेंट, मतदान प्रक्रिया, मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, मीडिया कंप्लेंट्स, एमसीएमसी एवं पेड न्यूज आदि से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर्स की दुविधाओं को भी दूर किया गया।

रामवि में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

भुरकुंडा (रामगढ़)। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सयाल उत्तरी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय सयाल में शुक्रवार को नमामि गंगे योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया आशा देवी ने की। दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करते हुए मालिश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि विकास हेम्ब्रोम द्वितीय व श्लोक कुमार तृतीय स्थान प्राप्त कर सफल प्रतिभागी घोषित हुए। सफल प्रतिभागियों को स्थानीय मुखिया आशा देवी ने नमामि गंगे का मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया आशा देवी ने बताया कि नमामि गंगे योजना के अंतर्गत अपने ग्राम पंचायत के नदियों, तालाब, नालो, झरनों और जलाशयों को पूरी तरह से साफ-सफाई करके स्वच्छ रखने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येन्द्र यादव, प्रधानाध्यापक श्रीकांत प्रसाद, वार्ड सदस्य संगीता देवी, सीता देवी, कांति कुमारी, शिक्षिका तमन्ना परवीन, रेखा कुमारी, कुमकुम, कामिनी, अनिता सिन्हा, पप्पू यादव आदि का विशेष योगदान रहा।

राज्यपाल ने विनोबा भावे विश्विद्यालय में जनजातीय अध्ययन केंद्र का किया उद्घाटन, कहा

शोध का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

सफलता के लिए निरंतर रेस में बने रहें, सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ें : सीपी राधाकृष्णन

हजारीबाग। जनजातीय समाज की अपनी जीवनशैली तथा इनके दर्शन सबसे अलग होते हैं। इनके जीवन से आधुनिक समाज काफी कुछ सीख सकता है। इसी सोच के साथ राज्य का पहला जनजातिय अध्ययन केन्द्र का शुभारंभ किया गया है। यह केन्द्र जनजातिय जीवन से संबंधित अध्ययन एवं शोध का महत्वपूर्ण केन्द्र बनेगा। उक्त बातें राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने विनोबा भावे विश्विद्यालय परिसर में जनजातिय अध्ययन केन्द्र का उद्घाटन के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज को सशक्त करने के लिए शिक्षा के स्तर पर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। साथ ही इन समुदायों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए इनकी महान सांस्कृतिक विरासत, व्यक्तित्व, महापुरूषों की जीवनी को सामने लाने की जरूरत है ताकि आने वाली पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सके। उन्होंने इस क्रम में भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, जतरा टाना-भगत आदि महापुरूषों का उदाहरण दिया। साथ ही कहा कि सरकारें जनजातिय समुदाय के बच्चों के सशक्तिकरण एवं उनको प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए एकलव्य विद्यालय संचालित करना एक सराहनीय कदम है। महापुरूषों के सम्मान में जनजातिय गौरव दिवस का आयोजन करना सरकार की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने जनजातिय दर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि यह समाज प्रकृति पूजक हैं, प्रकृति के संरक्षण संवर्द्धन का संदेश इन्हीं एकमात्र समाज से मिलता है। यहां दहेजप्रथा नहीं है। महिला एवं पुरूषों में भेदभाव भी दिखाई नहीं देती है, जिन्हें अन्य समाज भी सीख ले सकते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि सफलता के लिए निरंतर रेस में बने रहें, सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ें।

नशापान से बचे जनजातिय समाज : उन्होंने जनजातिय समाज से अपील की कि नशापान के बुराई से बचें, शराब न केवल आर्थिक विपन्नता की वजह वरण स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक है उन्होंने जनजातिय समाज को सरकार की योजनाओं से जुड़ने एवं उसका लाभ लेने की अपील की।

इस अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि जिले में जनजातिय अध्ययन केन्द्र का शुभारंभ गर्व का विषय है। उन्होंनें केन्द्र के स्थापना में राज्य सरकार, जिला प्रशासन, विश्वविद्यालय प्रशासन एवं सांसदों के योगदान एवं अंशदान के लिए अभार जताते हुए कहा कि इस तरह का राज्य का पहला संस्थान है जिसका योजनाबद्ध तरीके से संचालित करना, संसाधनों से युक्त करना हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। उन्होंने इस संदर्भ में भविष्य की कार्ययोजना बताते हुए कहा कि यहां जनजातिय संग्राहालय बनाया जाएगा। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा इस केन्द्र के माध्यम से जनजातिय समुदाय के अतित को संजाने एवं भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इससे पूर्व राज्यपाल ने प्रांगण स्थित विनोबा भावे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही आठ करोड़ की लागत से निर्मित जनजातिय अध्ययनकेन्द्र का अतिथियों के द्वारा नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर महामहिम का परम्परागत तरीके से स्वागत किया गया, राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्जवलन का कार्य भी किया गया। इस अवसर पर डीआईजी, कुलपति, उपायुक्त, एसपी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

कंपनी से मदद दिलाने के आश्वासन पर हटा जाम

बरही में ग्रामीणों ने एनएच-2 को किया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। थाना क्षेत्र अंतर्गत धमना लश्करी मोड़ के नजदीक चंदवारा जामुखांडी के रहने वाले कुलेश्वर रविदास व उरवां निवासी प्रकाश रविदास का निधन शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले और उन्हें ढाढस बंधाया। वहीं ग्रामीणों ने एनएच-02 जाम कर दिया। काफी देर तक सड़क जाम रहने की सूचना मिलने के पश्चात पूर्व विधायक श्री यादव शोकाकुल परिवार के साथ खड़े रहे। इसके अलावा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी परिजनों को समझाने का पूरा प्रयास किया। जिसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, जेबीकेएसएस प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर शामिल रहे। अंततः सड़क निर्माण करा रही कम्पनी की ओर से उचित मुआवजा दिलाकर पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाने का काम किया गया। इधर पोस्टमार्टम करवाने में हो रही परेशानी को देखते हुए विधायक उमाशंकर अकेला हजारीबाग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर वहां की व्यवस्था देखकर सिविल सर्जन पर काफी नाराज हुए।

विधायक के पहल पर तत्काल दोनों शव का अंत्यपरीक्षण कराया गया। मौके पर प्रशासन की ओर से एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ रामनारायन खलखो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, उरवां मुखिया मनोज पासवान, कैलाश यादव, युवा नेता मनितोष यादव, लक्ष्मण अम्बेडकर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

जेबीकेएसएस के संगठन मंत्री बने राकेश मेहता

बड़कागांव। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के द्वारा राकेश मेहता को केन्द्रीय संगठन मंत्री बनाया गया। राकेश मेहता ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा जो जिम्मेवारी दी गई है उसे ईमानदारी पूर्वक निभाने का कोशिश करूंगा। इसे लेकर जेबीकेएसएस के सदस्यों द्वारा आभार प्रकट कर बधाई दी गई। जिसमें सोनू इराकी, मिथलेश दांगी,लेखक बिपिन कुमार, अनिता कुशवाहा,सत्यम साव,बबिता देवी, विवेक सोनी, विकाश शर्मा,सुनील कुमार,जयदीप पटेल,बबलु मेहता, सफदर हुसैन,जितेंद्र कुमार,अवध किशोर कुशवाहा,शत्रुधन मोर्या, अविनाश आहुजा,दशरथ यादव, देवलाल कुमार,प्रमोद कुमार, जनीसार आलम,निशु कुमारी,कपिल कुमार,गंगाधर साव,योगेंद्र कुमार, अरविंद साव आदि शामिल है।

शौंडिक संघ के अध्यक्ष बने अनिल प्रसाद और महासचिव कुलदीप

कुजू। झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ जगेसर पलानी परगना का शुक्रवार को होने वाले चुनाव स्कूटनी में ही अध्यक्ष एवं महासचिव निर्विरोध चुने जाने पर रद्द कर दिया गया। चुनाव मुख्य पदाधिकारी खिरोधर प्रसाद साहू समेत सहायक चुनाव पदाधिकारी खोखेंद्र साव, हरिशंकर साहू व धनेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से दिया। उन्होंने बताया कि अनिल प्रसाद निर्विरोध केंद्रीय अध्यक्ष एवं कुलदीप प्रसाद निर्विरोध केंद्रीय महासचिव घोषित किये गए। केंद्रीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद ने अनिल प्रसाद के समर्थन में स्क्रूटनी से नाम वापस लिया। जबकि महासचिव पद के लिए प्रत्याशी उमेश प्रसाद का नामांकन प्रपत्र की जांच में कई त्रुटि पाई गई।

वैश्य मोर्चा प्रखंड कमिटी का विस्तार

मद्धेश्वर केशरी बने कार्यकारी अध्यक्ष, संजय साव वरीय उपाध्यक्ष

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा के जवाहर नगर में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया ने किया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु उपस्थित थें। बैठक में 30 जनवरी से रामगढ़ में होने वाले 72 घंटे के भूख-हड़ताल से संबंधित पर्चा जारी किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी वैश्यों के आदर्श हैं। गांधी जी ने अपने हक-अधिकार के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करने का रास्ता दिखाया है। इसलिए उनके शहादत दिवस 30 जनवरी से महेश्वर साहु द्वारा 72 घंटे का भूख-हड़ताल किया जा रहा है। पतरातू प्रखंड के सभी सदस्यों की जवाबदेही बनती है की इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बढ़-चढ़कर भाग लें। बैठक में तय किया गया कि कार्यक्रम की तैयारी के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया द्वारा प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए मद्धेश्वर केशरी को कार्यकारी अध्यक्ष, संजय साव को वरीय उपाध्यक्ष, भरत केशरी को उप महासचिव, राजकुमार साहु को संगठन सचिव एवं पिंटू कुमार गुप्ता को युवा मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। नये पदाधिकारियों को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने संगठन का टोपी और पट्टा पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि कई मायनों में यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। मौके पर कैलाश साव, अशोक साव, श्रीनिवास अग्रवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, विजय केशरी, जीवन गुप्ता, आदित्य, गीता देवी, चिंता देवी सहित मोर्चा के कई लोग मौजूद थे।

अवैध खनन को लेकर छापेमारी टीम गठित

रामगढ़। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से आदेश जारी किया गया । संयुक्त आदेश द्वारा छापेमारी दल का गठन किया गया है। जिनमें अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़/ रांची, जिला खनन पदाधिकारी रामगढ़/ रांची, खान निरीक्षक रामगढ़/ रांची, अंचल अधिकारी गोला/ओरमांझी/सिल्ली / रामगढ़, अंचल निरीक्षक गोला/ ओरमांझी/सिल्ली/ रामगढ़, थाना प्रभारी बरलंगा/ रामगढ़/ सिल्ली/ओरमांझी होंगे। छापामारी दल द्वारा अवैध खनन स्थलों को चिन्हित करते हुए अवैध रूप से संचालित क्रशर, पत्थर भंडारण आदि को ध्वस्त कर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही छापामारी दल द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पाए जाने पर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए की गई कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराया जाएगा।

प्राण प्रतिष्ठा को ले भुरकुंडा ओपी में शांति समिति की बैठक

21 को गंगा आरती और 22 को अनुष्ठान समारोह शांतिपूर्वक मनाने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शुक्रवार को भुरकुंडा ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता और भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद उपस्थित थें। मौके पर बीडीओ मनोज गुप्ता व ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद ने क्षेत्रवासियों से 21 जनवरी को भुरकुंडा नकारी नदी तट पर आयोजित गंगा आरती व 22 को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान होने वाले अनुष्ठान के दौरान कोयलांचल भुरकुंडा क्षेत्र में शांतिपूर्वक माहौल बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि 22 को अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजमान होंगे यह हमसभी के लिए हर्ष की बात है। लेकिन इस दौरान विधि-व्यवस्था व भाईचारगी का माहौल कायम रखना भी क्षेत्रवासियों का दायित्व है। ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद ने कहा कि 21 व 22 को विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की गश्ती तेज की जायेगी। इस दौरान असामाजिक तत्वों व हुड़दंगियों पर पुलिस पैनी नजर रखेगी। हुड़दंग मचाने वालों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जायेगा।

बैठक में क्षेत्रवासियों ने विधि-व्यवस्था व शांतिपूर्ण माहौल में भाईचारगी के साथ धार्मिक अनुष्ठान मनाने पर एक स्वर में सहमति जताई। मौके पर पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद, श्याम नंदन सिंह, रामप्रवेश शर्मा, पूरन सिंह, प्रदीप दुबे, रामसारिख तिवारी, मुखिया अजय पासवान, मुखिया उपेंद्र शर्मा, योगेश दांगी, बलजीत सिंह, डब्लू पांडेय, मुकेश राउत, जगतार सिंह, चमन लाल, पूर्व मुखिया सुभाष उर्फ काला बाबू, अनामिका श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, राकेश सिन्हा, दीपक अग्रवाल, सलील मोहन सिन्हा, किशुन नायक, हलीम अंसारी, विश्वरंजन सिन्हा, अमितेश सिंह, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, संतन सिंह, मो. मुस्तकीम, मो. नईम खान, सरफराज आलम, शमशाद अंसारी, मो. अनवर, गोवर्धन, मो. अलीमाम, मो. नसीम, संजय यादव, रेणुका देवी, मो. छोटू सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

एक नजर में

गोधेया में प्राण प्रतिष्ठा के दिन होगी पूजा

टाटीझरिया। गोधेया में राम भक्त समती के संरक्षक चांदो ठाकुर ,अध्यक्ष करण राणा ,सचिव संजय शर्मा ,कोषाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में श्रद्धालुओ के सहयोग से 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हनुमान मंदिर परिसर में होगी पूजा-अर्चना। उन्होंने कहा कि 17 माईल चौक में लाइट की व्यवस्था नहीं रहने के कारण हजारों की संख्या में पैदल साइकिल ,दो पहिया,चार पहिया वाहनों से दिन रात यात्रियों का आवागमन होता है जो अंधेरा होने के कारण इन्हे चोरी आपातकालीन दुर्घटना संबंधी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है इसी रास्ते बरकट्ठा विधानसभा सभा और मांडू विधान सभा क्षेत्र के कई नेता मंत्रियों का आवागमन होता है । लेकिन अब तक मामले का किसी ने सुध तक नहीं लिया। उन्होंने सरकारी विभाग या नेता मंत्रियों से निजी खर्च कर लाइट की मांग की। वही समिति के लोगो ने प्रखंड क्षेत्र के झरपो भराजो खैरा डूमर धर्मपुर बेड़म टाटीझरिया , डहरभंगा आठों पंचायत के विभिन्न गांवों के लोगो से पूजा में शामिल होने का आग्रह किया है। मौके पर बासुदेव ठाकुर,संतोष पासवान,प्रकाश कुमार,बलदेव महतो, मो. सोनिया,सूरज कुमार, देवंती देवी ,तेतरी देवी, मो.गीता ,कांति देवी, चांदो महतो ,ठाकुर महतो, अन्य कई लोग मौजूद थे।

पीएम जनमन योजना को लेकर लगा शिविर

दारू। प्रखंड अंतर्गत जरगा बिरहोर टोला में शुक्रवार को प्रधानमंत्री जनमन योजना शिविर लगा। शिविर में अलग-अलग योजना का स्टॉल लगाया गया था। बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि प्रखंड में दो स्थान पर शिविर का आयोजन करना है जिसमें आज जरगा बिरहोर टोला में लगाया गया वही दूसरा जल्द ही इरगा में लगाया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि शिविर में वैसे योग्य लाभुक जिसका आवास, पेंशन, राशन कार्ड, मेडिकल, आंगनवाड़ी इत्यादि में नाम छूटा है वैसे लाभुकों का नाम जोड़ा जा रहा है। साथ ही साथ शिविर में चार व्यक्ति का ऑन द सपोर्ट पीवीटीजी किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिसका आवास छूट गया है इसे लेकर 18 आवेदन आया। बिडीओ ने बताया कि प्रधानमंत्री जन मन योजना में आवास को लेकर 2 लाख की राशि दी जाएगी जिसमें से ईरगा में 10 व्यक्ति को आवास का पहला किस्त दिया जा चुका है। इस योजना में लाभुकों को चार किस्तों में आवास की रकम दी जाएगी।इसमें पहला किस्त तीस हजार,दूसरा किस्त पच्चास हजार,तीसरा किस्त एक लाख और अंतिम किस्त बीस हजार दिया जाएगा।

पोस्टमार्टम घर समय पर न खुलने से भड़के विधायक

हजारीबाग। जिले के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम कराने के लिए बरही विधानसभा क्षेत्र के चंदवारा प्रखंड के उरवां निवासी प्रकाश दास उम्र लगभग 45 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के बाद परिजन सुबह हजारीबाग स्थित पोस्टमॉर्टम घर पोस्टमॉर्टम कराने गए। 10:00 बजे तक परिजन वहां खुलने का इंतजार करते रहे लेकिन पोस्टमार्टम घर नहीं खुला। सूचना मिलने पर विधाायक उमाशंकर अकेला वहां पहुंचे। पोस्टमॉर्टम घर में ताला जड़ा देख वे भड़क गए और धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होने स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार बन्ना गुप्ता को फोन पर लोगों की परेशानी से अवगत कराया और वहां धरना पर बैठ गए। 12:30 बजे सुपरिटेंडेंट पोस्टमार्टम घर पहुंचे। सुपरिटेंडेंट ने विधायक को जब समय से पोस्टमार्टम घर खुलने का अवश्वासन दिया तब विधायक धरने से उठे। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि संजय यादव, बच्चन किशोर भेजता, प्रमोद पासवान, बिरेन्द्र राम, मिथलेश कुमार, मनोज पासवान सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक

पदमा। थाना परिसर में 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पदमा अंचल अधिकारी मोतीलाल हेंब्रम के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक का संचालन थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह ने किया। अंचल अधिकारी ने बताया कि 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शांति पूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अपवाहों से बचें। चौक चौराहे पर पुलिस तैनात रहेगी। किसी तरह की कोई प्रिया घटना की सूचना हो तो तुरंत थाना को सूचित करें। एसआई विपिन बिहारी सिंह, अरविंद कुमार मिश्रा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता संजय यादव, अबध यादव, रोमी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य शारदा देवी, सूरजपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विश्व हिंदू परिषद प्रखंड उपाध्यक्ष कुलदीप रविदास, बिहार पंचायत के पूर्व मुखिया सहदेव प्रसाद मेहता, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जगदीश यादव, कपिल देव मेहता, कमांडो मेहता सहित कई गण लोग उपस्थित थे।

किसानों के बीच गेहूं बीज का वितरण

कटकमसांडी। कृषि एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार के सौजन्य से प्रखंड के किसानों के बीच गेहूं बीज का वितरण किया गया। कटकमसांडी पैक्स में आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम में किसानों के बीज का वितरण बीस सूत्री सदस्य रामानुज सिंह, बीएओ अनिराम महतो व बीटीएम अनिकेत टुडुवार ने संयुक्त रूप से किया। इस क्रम में अधिकारियों ने कहा कि किसानों के फसल उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से विभाग की उन्नत बीज का वितरण किया जा रहा है। मौके पर प्रमुख संगीता देवी,उप प्रमुख ममता सिंह, जन सेवक मो. मिन्हाज, रंजीत रजक सहित अन्य किसान मौजूद थे।
19 हैज पी 8: मौजूद किसान।

दलाली के दिन अब लद गये : महाप्रबंधक

चरही। सीसीएल ऑफिसर क्लब में शुक्रवार को सीसीएल के चरही महाप्रबंधक केके सिन्हा ने की प्रेस वार्ता। उन्होंने कहा कि हजारीबाग कोयला क्षेत्र में दलालों की दलाली अब चलने वाली नहीं है।इनके दिन लद हैं। बताया कि पहले मृतक के आश्रितों को नौकरी के लिए दलालों के पास जाते थे।और नौकरी दिलाने के नाम पर हजारों रुपये ऐंठ लेते थे।वर्षों कार्य नहीं हो पाता था।आश्रितों परेशानी कम करने के लिए और भरपूर मिल सके।इसके लिए हेल्फ डेस्क बनाया गया है।इसी के माध्यम से मृतक के आश्रितों का कार्य किया जायेगा।कई कंप्यूटर लगाए जाएंगे।ऑन लाईन के माध्यम से कार्य किया जाएगा।ताकि आश्रितों को जल्द नौकरी मिल सके।आगे कहा कि एक वर्ष के अंदर आश्रित आवेदन दें।ताकि जल्द ही कार्य का निष्पादन किया जा सके।इसके बाद आवेदन देने वालों पर विचार नहीं किया जाएगा। विस्थापित हुए ग्रामीणों के बारे में बताया कि इस पर भी ध्यान रखा जा रहा है। विस्थापित ग्रामीणों की जिस भूमि को सीसीएल के द्वारा अधिग्रहण किया है उसकी कागजात को कार्यालय को समर्पित करें।ताकि कार्य को निष्पादन करने में कंपनी को कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। 27 जनवरी को तापीन साउथ के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पारितोषिक वितरण किया जाएगा। इस मौके पर महाप्रबंधक केके सिन्हा,एसओपी पल्लव चक्रवर्ती, तापीन साउथ पीओ एमके पांडेय,क्षितिज कुमार,चंद्रिका कुमार, राजदीप सहित कई अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

कार्तिक उरांव कॉलेज में हुए भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं हुई, तो होगा आंदोलनः कुणाल

गुमला। कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में हुए भ्रष्टाचार पर रांची विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा कारवाई नहीं किए जाने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रादेशिक विश्वविद्यालय संयोजक व कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष कुणाल शर्मा ने रांची वीसी के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा की जिस तरह से रांची विश्वविद्यालय प्रशासन भ्रष्टाचार के आरोपी अधिकारियों को बचाने की कोशिश कर रही है और उन्हे पद पर बनाए रखा है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि कॉलेज में भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध तरीके से आंदोलन के लिए बाध्य होगा। साथ ही भ्रष्टाचार में लिप्त कॉलेज के पदाधिकारी और रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का पुतला फूंका जाएगा ।

मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय में मछली के मूल्यवर्धित उत्पाद पर महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

गुमला। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला द्वारा मछलियों के मूल्यवर्धित उत्पाद पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ। यह केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान मुंबई के सहयोग से एस.सी.एस.पी. परियोजना के अंतर्गत आयोजित पहला प्रशिक्षण था। इस प्रशिक्षण में कुल 20 महिलाओं ने भाग लिया। यह सभी महिलाएँ गुमला जिले के रायडीह प्रखंड से थी। इस प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को मछली के मूल्यवर्धक उत्पाद बनाने एवं इन्हें बाजार में बेचने के बारे में बताया गया। महिलाओं ने प्रशिक्षण में मछली के आचार एवं कटलेट बनाना सिखा एवं प्रशिक्षण के दौरान उनके द्वारा बनाये गए आचार एवं कटलेट को महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर टेंट लगाकर बिक्री भी की गई। सभी महिलाओं ने इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर काफी खुशी व्यक्त की। प्रशिक्षण के समापन में महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए इसे अपने रोजगार के रूप में शामिल करने के लिए कहा गया।

संवेदक के अधूरे कार्य के कारण ग्रामीणों को नहीं मिल रहा था पानी

जारी। जारी प्रखंड के मेराल पंचायत के मुखिया चाजरेन मिंज के पहल से आमगांव मोड में मिट्टी भराव कर चापानल की मरम्मत कराई गई । इसके बाद लोगों को आसानी से पानी मिल रहा है। मेराल पंचायत की मुखिया चाजरेन मिंज ने बताया आमगांव मोड में पीएचडी विभाग की ओर से चापानल के लिए बोरिंग किया गया था। लेकिन ठेकेदार के द्वारा सही तरह तरीके से काम नहीं कराया गया। मुखिया ने बताया जमीन के लेवल से 6 7 फीट नीचे गहरा पानी था। लेकिन पानी के जमाव के कारण लोगों को परेशानी हो रही थी। वही इस संबंध में ठेकेदार को बोलने पर उसने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कहा कि अगर हम लोग बोरिंग को डेड घोषित कर दे तो आप क्या कर लेंगे। इसके बाद मुखिया स्वयं के खर्चे से 10 ट्रैक्टर मिट्टी गिरवाकर और जेसीबी की मदद से उक्त स्थल को समतल कराया। वही हैंडपंप लगाने के बाद लोगों को आसानी से पानी मिल रहा है।

अज्ञात लोगों ने दुकान में लगायी आग

लोहरदगा । शहर के पतरा टोली मे स्थित परवेज अंसारी के मोटरसाइकिल रिपेरिंग दुकान में बीती रात्रि अज्ञात लोगो द्वारा आग लगाने से लाखो रुपए के समान जलकर खाक हो गया। बताया जाता है की जुरिया निवासी परवेज अंसारी के द्वारा बिगत कई वर्षो से पतराटोली में दुकान संचालित किया जा रहा था। उस दुकान मे बीती रात लगभग 12 बजे अज्ञात लोगों के द्वारा आग लगा दी गई। आग लगने की सूचना स्थानीय निवासियों के द्वारा परवेज अंसारी को रात मे ही दी गई। रात में परवेज अंसारी ने पुलिस की मौजूदगी में में शट्टर तोड़ कर स्थानीय नागरिकों के सहयोग से मिलकर आग पर काबू पाया। आस पास के लगे सीसी टीवी में कुछ लोगों को दुकान के पास घटना के समय देखा गया है।घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। प्रशासन सी सी टीवी द्वारा मिले जानकारी के आधा पर दोषियों को पकड़ने में लगी हुई है। इधर दुकानदार परवेज अंसारी ने बताया कि उनका दो दुकान आमने सामने में है। एक दुकान में ऊपर से एस्बेस्ट्स को तोड़कर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई वही दूसरे दुकान में भी आग लगाने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना से उन्हें लाखो रुपया का नुकसान हुआ है।

भंडरा जल नल योजना में संवेदक की घोर लापरवाही

भंडरा । प्रखंड में निमार्धीन केंद्र सरकार की महत्वांक्षी जल नल योजना में संवेदकों की मनमानी व लापरवाही से निर्माण कार्य किया जा रहा है । जिससे ग्रामीणों में काफी असंतोष है। ज्ञात हो कि ट्रैक्टर से सौ-सवा सौ से अधिक बोरिंग होना संभव नहीं है और इतने कम गहराई से पानी सप्लाई भी संभव नहीं है। बावजूद सभी नियम व प्राक्ल्न को ताक में रख कर यह काम को खुलेआम किया जा रहा है। सेमरा गांव स्थित सड़क पर गांव के मांगे उरांव के घर के पास ट्रैक्टर से 80 फिट बोरिंग कर पानी सप्लाई की तैयारी हो रही है। मांगे उरांव ने बताया कि 80 फिट पर पत्थर निकलने के बाद बोरिंग बंद कर दिया गया। इसी तरह अमदरी के पंचायत समिति सदस्य जीवन लकड़ा ने बताया कि उसके घर के पास ट्रैक्टर से 65 फिट बोरिंग की गई है। ट्रैक्टर से बोरिंग करने को मना किया इसके बावजूद बोरिंग कर के चले गये। इसमें अब समरसेबल लगाने की तैयारी की जा रही है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि गांव में जल नल योजना कितना सफल होगा। ग्रामीण बताते हैं कि जमीन के अंदर दलदल होने की बात कर ट्रैक्टर से बोरिंग की गई। लेकिन कहीं भी दलदल नहीं निकला। इस बाबत संबंधित अभियंता कृष्णा लोहरा ने बताया कि बोरिंग में गड़बड़ी पाये जाने पर दूसरा बोरिंग कराया जाएगा।

दहेज को लेकर हत्या मामले में पति और देवर को मिली आजीवन कारावास की सजा

लोहरदगा। बगडू थाना क्षेत्र के मेरले में हुए दहेज को लेकर हत्या के मामले में डीजे थ्री अरविन्द कुमार की कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा और जुमार्ना लगाया है। जानकारी अनुसार चंदवा निवासी शिशुपाल साव ने अपनी पुत्री का विवाह मेरले निवासी लालू प्रसाद साव पिता रोहित साव से की थी। ससुराल वाले विवाह के बाद से ही दहेज के लिए दवाब बना रहे थे। वही 23 नवंबर 2021 को पुत्री के ससुराल वालो ने सूचना दी की आपकी बेटी कुआं में डूबकर मर गई है। बेटी के घर पहुंचने पर आसपास के लोगो से पता चला कि दहेज को लेकर मेरी बेटी की हत्या ससुराल वालो ने ही मिलकर कर दी है। जिसके बाद इन सभी पर मामला दर्ज कराया था। सभी आरोपियों को शुक्रवार को डीजे 3 अरविंद कुमार ने पति लालू प्रसाद साव और देवर अर्जुन साव को आजीवन कारावास के साथ 10,10 हजार रूपया का जुमार्ना भी लगाया है।

टाना भगत आज भी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं : बॉबी भगत

घाघरा। घाघरा एस एस हाई स्कूल मैदान में राज्य भर के टाना भगतों का शुक्रवार को जुटान हुआ। प्रदेश महिला कांग्रेस की वरीय उपाध्यक्ष बॉबी भगत टाना भगतों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुई। बॉबी भगत ने कहा कि जतरा टाना भगत और बीर बुधु भगत के नेतृत्व में उरांव आदिवासी स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई लड़े और आज अपने स्वतंत्र देश में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। जल जंगल जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जब आदिवासी स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय हुए तब उन्हें मांस मदिरा खिलापिला कर आंदोलन को कुचलने में लगे थे। तब जतरा टाना भगत, बीर बुधु भगत महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा के मार्ग को चुना और मांस मदिरा त्याग कर सादा खाना पीना सादा जीवन को चुनकर आन्दोलन कर अंग्रेजों से लड़ा जीता। लेकिन आज वो अपने ही स्वतंत्र देश में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने पर मजबूर हैं। टाना भगतों की इच्छा है एक बार राहुल गांधी से मिलकर अपनी समस्याओं से उनको अवगत कराने की। जब भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड आयेगी तब उनसे बॉबी भगत राज्यभर के टाना भगतों को मिलवाने की बात कही है। बैठक में सुशीला टाना भगत, जीता टाना भगत, चौट्ठी टाना भगत, विजय टाना भगत, धरमसाय टाना भगत, विष्णु टाना भगत, दासो टाना भगत व दोंडो टाना भगत सहित कई टाना भगत मौजूद थे।

सतकोनवा में वाहन फूंकने के मामले में दो माओवादी समर्थक गिरफ्तार

सुनील उरांव के सहयोग से जयनाथ ने रविंद्र गंझू के दस्ते के माध्यम से दिया घटना को अंजाम

गिरफ्तार नक्सली समर्थक के साथ एसपी, थाना प्रभारी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। विशुनपुर थाना क्षेत्र के सतकोनवा क्षेत्र के सेरेंगदाग माइंस के भैंस बथान में खड़े एम टू कंपनी के सात वाहनों को माओवादियों के द्वारा फूंके जाने के मामले में घाघरा पुलिस ने दो माओवादी समर्थक सेरेंगदाग तुईमुपाठ कुर्राग जोभीटोली लोहरदगा जिला निवासी 25 वर्षीय जयनाथ खेरवार व सेरका मैलापाठ निवासी 29 वर्षीय सुनील उरांव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस को अनुसंधान व पूछताछ के क्रम में सुनील उरांव का पता चला जो माओवादी समर्थक है और घटना में संलिप्त है। जिसके बाद थाना में लाकर सुनील उरांव से पूछताछ की गई। जिसमें उसने घटना को लेकर रेकी करने की बात स्वीकार की। साथ ही रेकी करने में अपने एक अन्य साथी जयनाथ खेरवार की भी बात बतायी। जयनाथ खेरवार अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है। जिसके विरुद्ध लोहरदगा जिला अपहरण व लूट जैसे गंभीर कांड दर्ज है। वर्तमान में वह एक अपहरण के कांड में फरार चल रहा था। तकनीकी अनुसंधान करते हुए जयनाथ खेरवार को रांची जिला के नगड़ी से गिरफ्तार किया गया। एसपी ने कहा कि जयनाथ की मां एम टू कंपनी में खाना बनाने कर काम करती है। जयनाथ की मां को कंपनी के द्वारा दो लाख रूपये का भुगतान लंबे समय से नहीं किया गया था। सतकोनवा में ही एमटू कंपनी का वाहन खड़ा रहता था। सुनील उरांव के सहयोग से जयनाथ खेरवार ने माओवादी कमांडर रविंद्र गंझु व उसके दस्ते के माध्यम षडयंत्र के तहत घटना को अंजाम दिया। घटना को लेकर जयनाथ के परिवार को पूर्व से जानकारी थी। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से स्कुटी बरामद किया है। छामापारी दल में थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, पुअनि निर्मल महतो, आरक्षी किशोर बैठा व हवलदार रामजी प्रसाद सिंह शामिल थे।

संवेदकों से लेवी वसूलने की योजना बना रहे दो युवक हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार

गुमला। विकास योजनाओं के कार्य में लेवी की रकम वसूलने की योजना बना रहे दो युवकों को चैनपुर पुलिस ने हथियार व जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। जबकि एक अपराधी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। गिरफ्तार अभियुक्तों में रायडीह थाना क्षेत्र के केमटे करंज टोली निवासी 22 वर्षीय विकास केरकेट्ट पिता एरियस केरकेट्टा व कुरूमगढ थाना क्षेत्र निवासी 23 वर्षीय दामोदर खाखा पिता हीरालाल खाखा का नाम शामिल है। जबकि घाघरा का रहने वाला अमित नामक का युवक भाग निकला। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से एक देशी कट्टा, चार जिंदा गोली बरामद किया है। इस संबंध में शुक्रवार को अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी चैनपुर को गुप्त सूचना मिली कि बस पड़ाव चैनपुर के यात्री शेड के पास तीन संदिग्ध युवक खड़े हैं जो किसी घटना बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना के सत्यापन को लेकर पुअनि आलोक कुमार बस पड़ाव पहुंचे। जहां पुलिस को देखकर तीन युवक भागने लगे। जिसमें से दो को पुलिस टीम ने खदेड़कर पकड़ा जबकि एक भागने में सफल रहा। पुलिस ने विकास केरकेट्टा व दामोदर खाखा को पकड़ा। उनकी तलाशी लेने पर पुलिस को विकास के पास से एक देशी कट्टा व दो जिंदा गोली जबकि दामोदर खाखा के पास से दो जिंदा गोली मिली। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे दोनों घाघरा के रहने वाले अमित से मिलकर चैनपुर व डुमरी थाना क्षेत्र में विकास कार्य में लगे संवेदकों से लेवी वसूलने की योजना बनायी थी। जिसके लिए वे हथियार व गोली रखे थे। रंगदारी वसूलने का आईडिया उन लोगों को चैनपुर थाना क्षेत्र मडईकोना निवासी चार्लेस मिंज से मिला था जो वर्तमान में जेल में है। छापामारी दल में पुअनि आलोक कुमार, हवलदार अशोक शाह, आरक्षी सुचित कुमार, सैट 12 के आरक्षी निर्मल तिग्गा, आरक्षी रामचंद्र नायक शामिल थे।

शांतिपूर्ण तरीके से निकालें जुलूस, होगी निगरानी : डीसी

22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में आयोजित कार्यक्रमों के निमित हुई शांति समिति की बैठक

शांति समिति की बैठक में शामिल उपायुक्त, अधिकारी व सदस्य।

गुमला। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस समारोह को लेकर गुमला जिले में भी सभी मन्दिरों और धार्मिक स्थलों में पूजा अर्चना की जाएगी और शोभा यात्रा भी निकाली जायेगी। ऐसे में जिला प्रशासन के द्वारा विधि व्यस्था को दुरुस्त रखने के लिए आज सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सभागार में शांति समिति की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने जिला प्रशासन को कुछ मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराया। मौके पर जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि इस उत्सव को शांति पूर्वक मनाएं जाने को लेकर शांति समिति की एक बैठक आयोजित कर समिति के सदस्यों को दिशा निर्देश दिया गया कि हर त्योहार की भांति इस उत्सव को भी शांति पूर्वक मनाया जाय। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन ने अयोध्या (उ०प्र०) स्थित श्री राम मंदिर का उदघाटन (प्राण-प्रतिष्ठा) कार्यक्रम के क्रम में देश के सभी मंदिरों में दीपोत्सव कार्यक्रम एवं हिन्दु धर्मावलंबियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के दृष्टिगत साम्प्रदायिक अशान्ति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। साथ ही पुलिस प्रशासन को जुलुस पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। वहीं सीसीटीवी व ड्रॉन कैमरा से निगरानी रखने का निर्देश दिया। शांति समिति के सदस्यों के द्वारा बिजली, पानी, सड़क एवं साफ सफाई की समस्या पर उपायुक्त के सामक्ष बात रखी। उपायुक्त द्वारा सभी समस्याओं हेतु अश्वासन दिया गया। उपायुक्त के द्वारा समय पर जुलूस एवं अन्य कार्यक्रम को ससमय करने का निर्देश दिया गया। जूलूस बस डिपू से बड़ा दूर्गा मंदिर तक किया जाएगा। इस जूलूस में महिला एवं बच्चों की संख्या अधिक होगी।। रात्रि 10 बजे के बाद आतिशबाजी, फटाके तथा ऊंचे आवाज में साउंड सिस्टम से गाने नहीं बजाने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से परियोजना निदेशक आईटीडीए, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, शांति समिति के सदस्यों सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

जिला स्तरीय विकास समन्वय समिति की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश

बैठक करते डीसी।

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास योजना समेत विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अबुआ आवास योजना अंतर्गत विलंब से प्राप्त हुए आवेदन पर विभाग से मार्गदर्शन मांगे जाने का निदेश जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना को दिया गया। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान महाअभियान (पीएमजनमन) अंतर्गत कच्चे मकानों के सर्वे की समीक्षा की गई व निदेश जिला समन्वयक, पीएमएवाई को दिया गया। दावा आपत्ति अनुमण्डल स्तर पर भेजे जाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2016-22 तक के आवास पूर्णता की समीक्षा की गई। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन का लक्ष्य सौ प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश सभी प्रखण्डों को दिया गया। प्रति गांव संचालित कार्य की संख्या, फाइनेंसियल परफॉर्मेंस, बिरसा हरित ग्राम योजना फेज-2, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा की गई। विद्यालयों में खाली मैदान को पोटो हो योजना में लिये जाने का निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। एरिया ऑफिसर एप के अनुसार सभी संबंधित प्रखण्ड के पदाधिकारियों व अभियंताओं को फील्ड विजिट कर एप में इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अमृत सरोवर अंतर्गत योजनाओं में सूक्ष्म टपक सिंचाई, कल्याण विभाग अंतर्गत आवासीय विद्यालयों के मरम्मतिकरण व नये छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा की गई व आवश्यक निदेश परियोजना उपनिदेशक, आइटीडीए को दिया गया। समाज कल्याण विभाग के सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना, यंत्र व उपकरण का क्रय, आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालय व पानी की उपलब्धता की स्थिति, भू-अर्जन अंतर्गत जिला में विभिन्न योजनाओं में भूमि अधिग्रहण की स्थिति व प्रगति, नगर परिषद लोहरदगा अंतर्गत विभिन्न संचालित योजनाओं की स्थिति, पशुपालन व गव्य विकास अंतर्गत संचालित योजनाओं की स्थिति, सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत वितरण किये गये कंबल की स्थिति, शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षकों के ग्रेडिंग सूची तैयार किये जाने की स्थिति की समीक्षा की गई।

जमीन विवाद मामले में टाना भगतों ने प्रखंड कार्यालय के गेट में जड़ा ताला

खबर मन्त्र संवाददाता

टाना भगतों से वार्ता करते बीडीओ।

घाघरा। जमीन से संबंधित मामले को लेकर टाना भक्तों ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर मुख्य द्वार में ताला जड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही घाघरा थाना पहुंची और ताला खुलवाया। जिसके बाद बीडीओ सह सीओ दिनेश कुमार ने टाना भक्तों से अपने कार्यालय में वार्ता किया। इस दौरान टाना भक्तों ने अंचलाधिकारी को हस्तलिखित आवेदन दिया है। आवेदन में टाना भगतो ने कहा है कि मौज घाघरा खाता नंबर 101, प्लॉट नंबर 937, रकबा 3 एकड़ 98 डिसमिल जमीन सोम पहन के नाम पर खतियान में है। जिसको पूर्व से ही दखल करके खेती-बाड़ी करते आ रहे है। सोमा पहान खतियानी रैयत की पुत्री सुधैन उराइन के पति सोमरा उरांव अपने बड़ी पुत्री का विवाह महावीर भगत से सामाजिक रीति-रीवाज से किया और सामाजिक रीति रिवाज से घर दामाद रखा और खाता नंबर 101, प्लॉट नंबर 937, रखवा 3 एकड़ 98 डिसमिल दिया। सुधैन के पति सोमा उरांव डाक विभाग में कार्यरत होने के कारण प्रखंड जाने में असमर्थ है। जिसका फायदा उठाकर फर्जी तरीके से नथुन साहू गलत दस्तावेज दिखाकर जमीन को दखल करता है। किस आधार पर पंजी 2 में दूसरे रैयत का नाम होगा। वर्तमान में जमीन पर गंगा साहू और अन्य लोगों द्वारा आपत्ति किया जाता है। टाना भगत की बात सुनने के बाद सीओ दिनेश कुमार ने सभी को आश्वासन दिया है की पूरी गंभीरता के साथ पूरे मामले का जांच किया जाएगा और इसके लिए एक समय का निर्धारण भी किया गया है। जिसके बाद सभी टाना भगत अपने घर गये। जमीन विवाद के दूसरे पक्ष गंगा साहू से पूछने पर उन्होंने बताया जमीन का सारा दस्तावेज मेरे पास है। अनावश्यक भूमाफिया जमीन में भीड़ लेकर आते हैं।

सदर अस्पताल की व्यवस्था सुधारने का प्रयास करें मंत्री डॉ रामेश्वर : आजसू

खबर मंत्र संवाददाता

सदर अस्पताल लोहरदगा।

लोहरदगा। सदर अस्पताल की बदहाल स्थिति को लेकर आजसू पार्टी ने स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से व्यवस्था में सुधार की मांग की है। आजसू ने कहा है कि सदर अस्पताल की स्थिति यह है कि मामूली इलाज के लिए भी मरीज को रेफर कर दिया जाता है। यहां से विधायक डॉ रामेश्वर उराँव मंत्री भी हैं उसके बावजूद सदर अस्पताल की स्थिति पूरी तरह चरमराई हुई है। यहां पर अगर किसी का हड्डी का भी इलाज करना है तो डॉक्टर रेफर कर देते हैं की रांची जाओ और जब मरीज बाहर निकलता है तो लोहरदगा के एक नर्सिंग होम में उसको ले जाया जाता है और वहां वही डॉक्टर इलाज करते हैं जिनकी ड्यूटी सदर अस्पताल में रहती है। दूसरी ओर दलालों का जमावड़ा पूरे सदर अस्पताल में लगा रहता है। प्रसव के लिए लाई गई महिलाओं को कह दिया जाता है कि यहां खतरा है रांची ले जाओ और दलाल तुरंत लोहरदगा के विभिन्न नर्सिंग होम में उन मरीजों को ले जाकर पहुंचा देते हैं और 30 हजार से पचास हजार रूपए गरीब लोगों से ठगाजाता है । सर्दी खांसी तक का सही इलाज सदर अस्पताल में नहीं है ,कोई जहर खाकर अगर आ जाता है तो उसको भी रांची रेफर कर दिया जाता है और एंबुलेंस आने से रांची जाने तक में 3 घंटे लगते हैं तो सवाल यह उठता है कि जहर खाया हुआ व्यक्ति क्या 3 घंटे तक जीवित रहेगा ,अभी 3 दिन पहले की घटना है कि अगर सही इलाज यहां हुआ रहता तो एक युवक की जान नहीं जाती, इसलिए आजसू पार्टी स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से यह मांग करती है की सदर अस्पताल का नाम बदलकर सडल अस्पताल रख दे ।

एक नजर में

शोक संतप्त परिवार से मिले मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

सांत्वना देते मंत्री।

कूडू। प्रखंड निवासी पूर्व मुखिया एवं कांग्रेसी नेता स्वर्गीय अवधेश नारायण सिंह की आकस्मिक निधन की सूचना पाकर विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उनके आवास पहुंच कर परिवार जनों से मिलकर शोक जताया और कहा इस दु:ख की घड़ी में शोकित परिवार के साथ हैं,वे कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता थे और हंसमुख एवं मिलनसार प्रवृत्ति के थे । उन्होंने पार्टी के लिए समर्पित रूप से कार्य किया उनके आकस्मिक निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है।

मंदिरों की साफ-सफाई का अभियान आरंभ

सफाई में लगे लोग।

लोहरदगा। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को मिशन चौक दुर्गा मंदिर हनुमान मंदिर में साफ सफाई का अभियान बजरंग दल के द्वारा चलाया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन धूमधाम से पूजा अर्चना हवन प्रसाद वितरण कर प्राण प्रतिष्ठा मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, बजरंग दल पूर्व संयोजक प्रमोद प्रजापति, बजरंग दल नगर सहसंयोजक अनुभव कांस्यकर, समाजसेवी दीपक कुमार साहू, रामविलास सिंह, और मिशन चौक के राम भक्त उपस्थित थे। इधर प्रांत बाबा मठ क्षेत्र में भगवा ध्वज लगाने का कार्य किया। मंदिर साफ-साफ मे भी अनेकों राम भक्त जगह लगे हुए है ताकि प्रांत प्रतिष्ठा के दिन भव्य रुप से मंदिर का पूजन पाठ और हवन प्रसाद वितरण का कार्य अच्छे से हो सके। इसी के निमित्त विश्व हिंदू परिषद के प्रांत परावर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता और बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू जगह जगह पर जाकर कुछ राम भक्तों से मिलकर उस क्षेत्र में चल रहे कार्यक्रम की ली ।

मजदूरों को नहीं मिला उनका हक : जॉन मिरेन

खबर मन्त्र संवाददाता

सभा में प्रदर्शन करते मजदूर यूनियन के सदस्य।

गुमला। मजदूरों के उपर माईंस प्रबंधन के द्वारा शोषण और पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ झारखंड जेनरल कामगार यूनियन द्वारा आयोजित दो दिवसीय पैदल न्याय मार्च शुक्रवार की सुबह टोटाम्बी में रात्रि विश्राम के पश्चात जिला मुख्यालय गुमला पहुंचा। जिला मुख्यालय गुमला में मार्च जुलूस के रूप में तब्दील हो गया। जूलूस थाना चौक, शहीद चौक तथा जशपुर रोड होते हुए कचहरी परिसर पहुंचा। जहां मजदूरों ने सभा की सभा के उपरांत राष्ट्रपति द्रौपदी मूरमू तथा पीएम नरेन्द्र मोदी के नाम पांच सूत्री मांग पत्र डीसी को सौंपा गया। मांग पत्र में खनन मजदूर राजेन्द्र उरांव को अवैध रूप से पांच दिनों तक पुलिस हिरासत में रखे जाने के लिए दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाई करने, खनन कम्पनी और गुण्डा गिरोहों के सम्बन्धों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराने, ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाने, सात सालों से बकाया पीएफ का भुगतान पीएफ खातों में कराने तथा आदिवासी खनन मजदूरों का शोषण, दमन, अत्याचार और बड़े पैमाने पर हो रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन पर रोक लगाने की मांग शामिल है। सभा में विशेष रूप से उपस्थित यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष जॉन मिरेन मुण्डा ने कहा कि आजादी के 78 सालों में भी मजदूरों को उनका हक नहीं मिला। लेकिन हक हुकूक की मांग करने वाले लोगों को लाठियां,जेल और धमकी जरूर मिल रही है। लेकिन हम बदलाव की लड़ाई लड़ रहे हैं।इसे मुकाम तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। सभा को यूनियन के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव, सचिव सुरेश प्रसाद यादव, सीपीआई के वसंत गोप,चापा उरांव, बंधु महली, हरिश्चन्द्र उरांव, सुदर्शन भगत ने भी संबोधित किया। आंदोलन में विनोद उरांव, वीरेंद्र उरांव, सुना उरांव, अशोक उरांव, मनोज उरांव, सीताराम उरांव, दिनेश महली, राजदेव उरांव सहित सैकड़ों की संख्या में आंदोलनकारी मजदूर शामिल थे।

क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता : सुखदेव

खबर मन्त्र संवाददाता

ग्रामीणों के साथ सुखदेव भगत व अन्य।

गुमला। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत गुमला जिला के मांझाटोली, तेलगांव ,रामनगर एवं टुडूरमा इत्यादि गांवों का दौरा कर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री भगत से पीसीसी पथ का निर्माण कराने, सामुदायिक भवन ,पेयजल, लाल कार्ड ,वृद्धावस्था पेंशन, अबुवा आवास की मांग की। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। झारखंड की इंडिया गठबंधन की सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है। आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य में जनता की समस्याओं का निदान ऑन स्पॉट किया गया। यह सरकार सभी 60 वर्षों के वृद्ध लोगों को पेंशन देने का काम किया है। केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास कई वर्षों से नहीं दे रही है इसलिए राज्य सरकार ने राज्य के लोगों के लिए अबूवा आवास देने का निर्णय लिया है। श्री भगत ने कहा कि केंद्र सरकार के कारण देश में महंगाई काफी बड़ी है। जिससे जनता काफी परेशान है। बेरोजगारों की संख्या भी दिनों दिन बढ़ते जा रही है। किसानों की स्थिति भी काफी दयनीय है। देश के तानाशाह मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है तभी जनता का भलाई होगा। श्री भगत ने ग्रामीणों का आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मौके पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, दीपक कुजूर, मोहम्मद वारिस, अशोक तिग्गा ,सुनील मिंज,राजेश कुजूर, रहमत खान ,आईजक मिंज, सचिन तिग्गा, गुंदर उराव, नरेश उरांव, विनोद उरांव ,अनीता बेक,मोनिका टोप्पो, बेनेदिकता टोप्पो सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

कोडरमा। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीराम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में शांति और विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर शुक्रवार को स्थानीय बागीटांड स्टेडियम में पुलिस ने मॉक ड्रिल किया। इस दौरान एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर बनाये गए पांच क्यूआरटी, पैंथर दल और पीसीआर वाहन में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों व बल के द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में इमरजेंसी के समय शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस के द्वारा उठाये जाने वाले जरूरी कदमों का अभ्यास किया गया। इस सम्बंध में एसपी श्री सिंह ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे भगवान श्रीराम की प्रतिमा के स्थापना के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है।

मरकच्चो में निकाला गया फ्लैग मार्च

मरकच्चो (कोडरमा)। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन तथा प्रखंड में होने वाले कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को मरकच्चो पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। वहीं फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी। फ्लैग मार्च मरकच्चो थाना से निकल कर बन्धन चैक, ब्रह्मण टोली, मरकच्चो बाजार होते हुए शाहगंज, बड़ा अखाड़ा, देवगढ मोहल्ला, कर्बला नगर, अरकोसा पुनर्वास होते हुवे पुनः मरकच्चो थाना पहुंची। मौके पर इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान, एसआई उत्तम कुमार बैध समेत दर्जनों पुलिस जवान मौजूद थे।

जलछाजन योजना का डीडीसी ने किया निरीक्षण

कोडरमा। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने डोमचांच एवं जयनगर प्रखंड अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत बने अमृत सरोवर, ट्रेंच सह बंड, मेडबंदी, वैट, लूज बोल्डर स्ट्रक्चर, पॉलीहाउस आदि का गुणवता की जांच करते हुए स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्मित तालाबों के आसपास की भूमि पर फसल लगाने एवं तालाब में मछलीपालन, तथा इसके मेड पर सब्जी लगाने के लिए लाभुक को प्रेरित किया। इसके साथ ही ट्रेंच सह बंड, मेडबंदी का बेहतर ड्रेसिंग करने का निदेश दिया। विदित हो की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत डोमचांच एवं जयनगर प्रखंड के 13 पंचायत के कुल 45 गांव के तकरीबन 4700 हेक्टेयर में मृदा एवं जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। मौके पर जिला तकनीकी विशेषज्ञ, बीपीओ रवि शंकर, कन्हैया अभियंता सत्यवान, डब्लूडीटी रामा शंकर पाल, सुधीर कुमार, लाभुक त्रिलोकी महतो, रामदेव महतो, अयोध्या प्रसाद, सुरेश तुरिया आदि मौजूद थे।

दो दिवसीय पुस्तक मेले में शामिल होकर कार्यक्रम को बनायें सफल : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिला प्रशासन द्वारा प्रखंड मुख्यालय में 23 और 24 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय पुस्तक मेला में अधिक से अधिक लोग शामिल हो और इसके उद्देश्यों को सफल बनाने में सहयोग करें, इसके लिए उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जिले में पहली बार वृहत स्तर पर पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है, जो जिले के सभी वर्गों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। मेले में लगभग दो दर्जन प्रकाशकों के द्वारा पाठ्यक्रम और साहित्य से जुड़े प्रेरक पुस्तकों को लेकर शामिल होंगे, मेले में स्कूली किताबों के अलावे प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित, कहानी, उपन्यास, साहित्य आदि से संबंधित पुस्तकों का एक जगह पर संगम होने जा रहा है, जो न केवल छात्र छात्राओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगा बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं और साहित्य से जुड़े लोगों के लिए भी लाभप्रद होगा। उपायुक्त ने कहा कि दो दिवसीय मेले को ऐतिहासिक और आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जो मनोरंजक के साथ साथ ज्ञानवर्धक साबित होगा। मेले में स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले में पुस्तक दान को लेकर अलग से काउंटर भी लगाया जा रहा है, जहां इच्छुक संस्था, व्यक्ति जरूरी पुस्तकों का दान भी कर सकते हैं। उपायुक्त ने जिले के छात्र छात्राओं से भी अधिक से अधिक संख्या में मेले में शामिल होने की अपील की है।

पुस्तक मेले को लेकर पम्पलेट से लोगों को जागरूक किया जा रहा है

उपायुक्त ने बताया कि दो दिवसीय पुस्तक मेले को सफल बनाने के लिए एक ओर जहां जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मेले से सम्बंधित पम्पलेट बांटा जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग मेले में शामिल हो सके।

हिंद मार्बल्स एंड टाइल्स शोरूम का किया गया उद्घाटन

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। शहर के असनाबाद स्थित हिन्द टाइल्स एंड मार्बल शो रूम का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मुफती नाशिम काशिम के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि ऐसे शो रूम खुलने से शहर के लोगो को बाहर जाना नही पड़ेगा, अब अपने शहर में ही मिल जाएगा। वहीं शो रूम के संचालक अहमद हुसैन और शाहनवाज राजा ने कहा कि हिन्द मार्बल्स एंड टाइल्स जो जॉनसन टाइल्स के ऑथराइज्ड डीलर है। उन्होंने बताया कि हमारे यहां टाइल्स, मार्बल, ग्रेनाइट, सेनेटरी वेयर, बाथ फिटिंग, पाइप फिटिंग, किचन, मिरर आदि के थोक एवं खुदरा विक्रेता हैं। उन्होंने ये भी कहा कि ग्राहकों को उचित दामों में सभी सामान उपलब्ध है। मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, हाजी गुलाम जिलानी, हाजी परवेज अहमद, मो. साजिद हुसैन, पप्पू सिंह, चंदन चक्रवर्ती, झुनु सिंह, पिंकू सहाय, सरवर खान, राजा सिंह, चांद आलम, परवेज खान, अमर सिंह, राजेश सिंह, सुबोध कुमार, विनय उर्फ बेलू आदि मौजूद थे।

फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर एकदिवसीय टीओटी का आयोजन

- फाइलेरिया विलोपन के लिए एमडीए कार्यक्रम किया जाना जरूरी है : सिविल सर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन से संबंधित एक दिवसीय टीओटी का आयोजन सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंडों से आये प्रतिभागियों को भीबीडी सलाहकार मैमूर सुल्तान द्वारा फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम से सम्बंधित जन जागरूकता और दवा सेवन करने की विधि व मरीजों के उचित देखभाल व उपचार समेत अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी यह सुनिश्चित करें कि फाइलेरिया विलोपन के लिए एमडीए कार्यक्रम जरूर चलाएं, यह बहुत ही जरूरी कदम है, उन्होंने कहा कि जिले में फाइलेरिया ग्रसित रोगियों की संख्या 1016 है, जबकि हाइड्रोसिल रोगियों की संख्या 803 है, इन दोनों रोगों के मरीजों की संख्या पर अंकुश लगाने और कोडरमा जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए सामूहिक सहयोग की जरूरत है, ऐसे में एमडीए कार्यक्रम के दौरान शतप्रतिशत मरीजों को दवा का सेवन कराया जाना बहुत जरूरी है। वहीं जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि फाइलेरिया की दवा डीईसी और एल्बेंडाजोल की एक खुराक सभी को सेवन करना है, यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है। वहीं डीपीएम महेश कुमार ने बताया कि जिले में एमडीए कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित किया जाना है, कार्यक्रम के पहले दिन 10 फरवरी को बूथ लेवल पर अधिक से अधिक लोगों को दवा खिलाया जाएगा, जबकि बचे हुए शेष लोगों को 11 फरवरी से 25 फरवरी तक सहिया और सेविकाओं के द्वारा लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा। मौके पर सिविल सर्जन के अलावे सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, शम्भू कुमार, ललन कुमार राणा, मुकेश राणा, सभी एमटीसी, एसटीडी, बिटीटी आदि मौजूद थे।

श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा सह प्रवचन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 20 से

डोमचांच (कोडरमा)। श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा सह प्रवचन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन महावीर पिंडा, ढाब रोड, डोमचांच में 20 जनवरी से 26 जनवरी 2024 तक किया जाएगा। जिसमें 05 जनवरी को ध्वजारोहण, 20 जनवरी को जल यात्रा, पञ्चाङ्ग पूजन, मंडप प्रवेश, 21 जनवरी को मंडप पूजन, जलाधिवास, 22 जनवरी को मंडप पूजन, अग्निस्थापन एवं संध्या में हवन एवं फलाधिवास, 23 जनवरी को मंडप पूजन, हवन एवं पुष्पाधिवास, 24 जनवरी को मंडप पूजन, हवन एवं अन्नाधिवास, 25 जनवरी को मंडप पूजन, हवन, देवपूजन, देवस्थापन, नगर भ्रमण एवं रात्रि में संध्याधिवास, 26 जनवरी को प्रतिपदा, मण्डप पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हूती एवं भंडारा, की जाएगी। वहीं कथावाचिका के रूप में अनुपमा रहेंगी। उपर्युक्त जानकारी हरिॐ संकिर्तन समाज, महावीर पिण्डा, डोमचांच के द्वारा दी गई। मौके पर समाज के सक्रिय सदस्य सदस्य सुरेश कुमार, भरत नारायण मेहता, सिंजन बक्शी, सुजीत कुमार, मनीष कुमार, विजय मेहता, आदर्श कुमार पंकज, नवीन, रंजन, सनोज मोदी, अमरदीप, सोनू, पिंटू पेंटर, कृष्णा राम, रंजीत, संती, गौतम, जवाहर, अंकु , बब्लू, विक्की, आदि मौजूद थे।

गैरमजरूआ खास भूमि का सीओ ने किया निरीक्षण

सिमरिया। सिमरिया टंडवा रोड स्थित ग्राम बकचोमा के खाता नंबर 2 पलौट नंबर 76,77 गैर मजरूआ खास प्रति कदीम, जंगल झाड़ी का सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे हल्का कर्मचारी अमरलाल अमीन शिवनाथ के साथ स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश भूमि पर मकान, दुकान और पेट्रोल पंप बना हुआ पाया। उपरोक्त भूमि पर कब्जा करने वाले रैयतो को किसी भी कार्य दिवस को अंचल कार्यालय में अपने दावे के सभी दस्तावेज के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। अन्यथा सरकारी सार्वजनिक अतिक्रमण अधिनियम 2000 के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी है। श्री दुबे ने कहा की सरकार द्वारा चेतावनी के लिए बोर्ड लगने के बावजूद भी लो धड़ल्ले से मकान और दुकान बनाए हैं । कुछ भूमाफिया लोग जमीन की बिक्री नहीं होने पर एकरारनामा भी धड़ल्ले से कर रहे हैं। आदेश और अधिनियम के विरुद्ध कोई भी कब्जा धारी को बख्शा नही जायेगा। इस बाबत वरीय अधिकारी को सूचना देकर मार्गदर्शन मांगा गया है। सीओ के इस कार्रवाई से भू माफिया और जमीन धारको में हड़कंप मची हुई है।

जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

आवंटित सभी कार्यों को ससमय करें पूर्ण : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षात्मक बैठक की गई। उन्होने तकनीकी विभागों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से तकनीकी विभागों अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अब तक कि स्थिति एवं लंबित कार्य पूर्ण कार्य को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल चतरा, नगर परिषद चतरा समेत अन्य तकनीकी विभागों का विभागवार बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होने तकनीकी विभागों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि योजनाओं को पूर्ण करने में संवेदक के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है तो वैसे संवेदक को चिन्हित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। वहीं उन्होने कहा कि वन क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य जो वन क्षेत्र होने के कारण योजना लंबित है उस स्थिति में वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्य प्रारंभ कर शीघ्र पूर्ण करें। पेजजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने हर घर नल योजना के लक्ष्य के विरूद्ध किए गये कार्य की जानकारी लेते हुए तय समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, पेय जल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता, समेत सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

सिमरिया में नाबालिग के साथ अधेड़ ने किया दुष्कर्म

खबर मन्त्र संवाददाता

- पीड़िता की मां ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर की गिरफ्तारी की मांग

सिमरिया। थाना क्षेत्र के महज 5 किलोमीटर की दूरी पर एक नाबालिग के साथ पास के हीं गांव के रहने वाले अधेड़ व्यक्ति ने घर में जाकर बलात्कार करने का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर युवती के माँ ने सिमरिया थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय के साथ गिरफ्तारी की मांग की है। लिखित आवेदन में पीड़िता की माँ ने कही है कि टुटीलावा गांव निवासी संजय पांडे बीते 13 जनवरी को रात्रि 9:30 बजे मोटरसाइकिल से मेरे घर आया और मेरी पुत्री से जरूरी बात करने को लेकर घर का दरवाजा खुलवाया। हम लोग डर के मारे दरवाजा खोल दिए। उन्होंने ने कहा कि आपकी पुत्री से निजी बात करना है इस लिए घर से बाहर आंगन में भेज दीजिए। हम लोग अपनी पुत्री को आंगन में भेज दिए। हम लोग ठंड के मारे घर में हीं रहें। मेरे पुत्री के साथ कुछ बात करते करते आंगन के बाहर ग्रामीण सड़क में ले गया जहां से बाजबरन पकड़ कर मुहँ में कपड़ा बांध पास के बारी में ले गया। जहां बाजबरन बलात्कार कर दिया ।हालांकि मेरी पुत्री ने इसका विरोध करते हुए हाथ में दांत से काट भी दी है। इसके बाद आरोपी ने मेरी पुत्री को किसी से ना कहने तथा इसका अंजाम भुगतने का धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। उसके भाग जाने के बाद मेरी पुत्री ने आप बीती बात हमें बताई। हम गरीब असहाय एवं निर्धन व्यक्ति हैं जिसके कारण उसके डर से किसी से कुछ नहीं बोल पाया । हालांकि समाज में कुछ लोगों की जानकारी की गई थी। अंत में आज 19 जनवरी को मैं लिखित आवेदन देकर उक्त आरोपी संजय पांडेय को कार्रवाई के तहत गिरफ्तारी की मांग कर रही हूँ। बता दें कि पीड़ित युवती की विद्यालय में पढाई जारी है फरवरी माह में बोर्ड की परीक्षा लिखेगी। हालांकि इस तरह मामले को लेकर पीड़िता की माँ का कहना है कि अब हमारी पुत्री पढाई आगे कैसे कर पाएगी ।चुकी गलत नजर हमारी पुत्री पर दरिंदो को लग गयी है। इधर आवेदन मिलते हीं थाना प्रभारी विवेक कुमार ने एक्शन मोड़ में आ गए हैं ।उक्त बच्ची को 164 का बयान से लेकर मेडिकल तक कि तैयारी शुरू कर दी गयी है। थाना प्रभारी ने बताया कि अगर दोषी है तो किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा ।

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय सचिव बने रविशंकर यादव

कोडरमा। जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के द्वारा सीडब्ल्यूसी, केंद्रीय वर्किंग कमेटी की घोषणा की गई, जिसमें रविशंकर यादव को केंद्रीय सचिव बनाया गया है। वहीं केंद्रीय सचिव बनने पर श्री यादव ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो का आभार प्रकट करते हैं और क्षेत्रवासियों की तरफ से धन्यवाद देते हैं कि आपने मुझपर जो विश्वास जताया, मैं पूरी इमानदारी निष्ठा के साथ संगठन का कार्य और विचारधारा, झारखंड के कोने-कोने तक झारखंडियों के घर तक पहुंचाने का काम करूंगा। वहीं जयराम महतो ने केंद्रीय कमेटी के साथ-साथ महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और संगठन प्रभारी का भी गठन किया है। 2024 के चुनाव में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में जेबीकेएसएस उपस्थिति पेश करेगी और झारखंड में विधानसभा में सरकार बनाने के लिए 81 विधानसभा में अपने प्रत्याशियों को उतारेगी। इस अवसर पर केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज यादव, कृष्ण यादव, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राहुल यादव, नवीन चंद्रवंशी, बलराम यादव, कार्यकर्ता महेश यादव, विनोद यादव, सुभाष यादव, रोहित यादव, उदय राणा, हदीस अंसारी, आजाद अंसारी, संजय दास, अभिषेक आनंद, मुन्ना कुमार, श्रीराज मेहता, संजय यादव, वीरेंद्र यादव, किशोरी यादव, मुकेश यादव, राजेश यादव, यशपाल कुमार, मुकेश कुमार आदि ने चयनित लोगों को बधाई दी।

Office of the District Election Officer-cum-DC, Hazaribag
Jharkhand- 825301

e-Short Tender Notice

e-Short Tender Reference No. :	46, 47, 48 & 49
NAME OF THE WORK :	General Election Lok Sabha (GELS) - 2024 (Supply of Tent, Shamiyana, Light and Sound Etc, Supply of Office use Materials Stationary, Supply of Printing related Material & Supply of Videography, Photography, CCTV)
Tender Fee :	5000/- (Five Thousand) rupees
EMD Fee :	50,000/- (Fifty Thousand) rupees
NAME OF INVITING OFFICER :	District Election Officer-cum-DC, Hazaribag
DATE OF PUBLICATION OF TENDER ON WEBSITE : 18.01.2024	
LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION OF BID DOCUMENT ONLINE : 06.02.2024, 11 AM	
DATE AND TIME OF OPENING OF BIDS : 07.02.202024, 11.30 AM	
PLACE OF OPENING OF BIDS : Collectorate Office, 1st Floor, Meeting Hall	
ADDRESS FOR COMMUNICATION : Office of the District Election Officer-cum-DC, Hazaribag	

-: NIT Note :-

1. Tender Fee and EMD will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD.
2. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from Jharkhandtenders.gov.in portal.
3. Refund will only be issued to the originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD. So, Bidders are advised NOT to close Bank Account used for online payment/(NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
4. NO Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/Evaluation. However Department may ask original documents for verification before award of contract.
5. For further information and details please visit websites https://jharkhandtenders.gov.in or https://hazaribag.nic.in

District Election Officer -cum-DC, Hazaribag

PR 316492 Election (23-24)_D

कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला

Vacancy

1. Post	Peer Supporter-National Viral Hepatitis Control Programme (NVHCP)
2. Vacancy	01
3. Eligibility Criteria	1. Hepatitis B or C positive person (under treatment/recovered). However, only in case of non availability of eligible Hepatitis B or C positive person (under treatment/recovered the close family members (i.e. spouse, parents, unmarried son or unmarried daugh ter, married son or daughter in law.) staying with the Hepatitis B or C patient under treatment/recovered) may be considered, subject to meeting other eligibility criteria. The close family members will have to give a certificate from concerned Mukhiya/War d member that the applicant is close family member (i.e. spouse, parents, unmarried son or daughter, married son or daughter in law) Hepatitis B or C patient and is staying with her/him. Further Test report or OPD/IPD record of Hepatitis B or C positive pe rson from Govt./Pvt. Institution is also to be attached. 2. Candidate should have passed 10+2 examination. Must have sound knowledge of local language. 3. Should be sound knowledge of Hindi and English. 4. Age should be not less than 18 years and more than 45 years. 5. Should have knowledge of computer.
4.	1. Last date to send in your application: 06/02/2024 through post / by-hand / email. 2. Address: Civil Surgeon, Gumla, Sadar Hospital Campus, Gumla 3. Email Address: cs.gumla@gmail.com

Note: - (Peer Supporter / Educator is purely incentive based HR Support under National Viral Hepatitis Control Programme (NVHCP).

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला।

PR 316580 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–19 / 2023–.24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 25.01.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 27.01..2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.01.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : 01)) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

क्र. सं.	कार्यकानाम	प्राक्कलित राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र कानूल्य (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Detail Estimate Kitchen Cum Store in N.P.S Lati , Block-Padma , Dist- Hazaribag for the year 2023-24	1944650/-	39000/-	5000/-	04 माह
2	Detail Estimate Kitchen Cum Store in N.P.S Donaikhurd , Block-Padma , Dist- Hazaribag for the year 2023-24	1944650/-	39000/-	5000/-	04 माह
3	Construction of Kitchen Cum Store in U.P.G High School Morangi , Block-Sadar , District- Hazaribag	2467550/-	50000/-	5000/-	04 माह
4	Construction of Kitchen Cum Store in Boy's Middle School Kora , Block-Sadar , District- Hazaribag	2467550/-	50000/	5000/-	04 माह
5	Construction of Kitchen Cum Store in U.P.G High School Babhanawai , Block-Sadar , District- Hazaribag	2467550/-	50000/	5000/-	04 माह
6	Construction of Kitchen Cum Store in Girl's Middle School Bihari , Block-Sadar , District- Hazaribag	2467550/-	50000/	5000/-	04 माह
7	Construction of Kitchen Cum Store in Primary School Sekha , Block-Sadar , District- Hazaribag	1944900/-	39000/-	5000/-	04 माह
8	Construction of Kitchen Cum Store in M.S Bendgi , Block-Barhi , District- Hazaribag for the year 2023-24	2467550/-	50000/	5000/-	04 माह
9	Construction of Kitchen Cum Store in U.M.S Barhi Boys , Block-Barhi , District- Hazaribag for the year 2023-24	2467550/-	50000/	5000/-	04 माह
10	Construction of Kitchen Cum Store in U.M.S Bhandaro , Block-Barhi , District- Hazaribag for the year 2023-24	2467550/-	50000/	5000/-	04 माह
11	Construction of Kitchen Cum Store in U.M.S kariyatpur , Block-Barhi , District- Hazaribag for the year 2023-24	2467550/-	50000/	5000/-	04 माह
12	Construction of Kitchen Cum Store in U.M.S Bijaiya , Block-Barhi , District- Hazaribag for the year 2023-24	2467550/-	50000/	5000/-	04 माह
13	Construction of Kitchen Cum Store in U.M.S Dapok , Block-Barhi , District- Hazaribag for the year 2023-24	2467550/-	50000/	5000/-	04 माह
14	Construction of Kitchen Cum Store in U.M.S Dhanwar Urdu , Block-Barhi , District- Hazaribag for the year 2023-24	2467550/-	50000/	5000/-	04 माह
15	Construction of Kitchen Cum Store in U.M.S Padirma , Block-Barhi , District- Hazaribag for the year 2023-24	2467550/-	50000/	5000/-	04 माह
16	Detail Estimate Kitchen Cum Store in U.M.S Ranichuwan , Block-Barhi , Dist- Hazaribag for the year 2023-24	1944650/-	39000/-	5000/-	04 माह
17	Detail Estimate Kitchen Cum Store in U.M.S Orparta , Block-Barhi , Dist- Hazaribag for the year 2023-24	1944650/-	39000/	5000/-	04 माह
18	Detail Estimate Kitchen Cum Store in P.S Goriyakarma , Block-Barhi , Dist- Hazaribag for the year 2023-24	1944650/-	39000/	5000/-	04 माह
19	Detail Estimate Kitchen Cum Store inU.P.G.P.S Gohmedwatand , Block-Barhi , Dist- Hazaribag for the year 2023-24	1944650/-	39000/	5000/-	04 माह
20	Deep Boring (200*150mm dia)& Installation of 1.5 H.P Submersible Pump in 6 Class Room in UPGMS Mangarh ,Block- Chouparan ,Dist Hazaribag for the year of 2023-24	327950/-	7000/-	750/-	01 माह

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 316547 Building(23-24)D

स्पीड न्यूज

गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक आज

चंदवा। प्रखंड कार्यालय सभागार में आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर शनिवार को बैठक आहूत की गई है। बैठक 11:00 बजे दिन में रखी गई है। उक्त जानकारी देते हुए बीडीओ विजय कुमार ने बैठक में पंचायत जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के अध्यक्षों, सभी विभाग के अधिकारियों, सभी बैंक अधिकारियों सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक समेत मीडिया के लोगों को आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को सफल बनाना है।

पीएम मोदी के आह्वान पर शिव मंदिर परिसर में की गयी सफाई

बालूमाथ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अह्वान पर स्वच्छता अभियान के तहत बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बसिया पंचायत के नगाड़ा ग्राम के शिव मंदिर परिसर को भक्तो के द्वारा साफ सफाई कर मंदिर परिसर को स्वच्छ रखने का कार्य किया। जिसमे प्रमुख रूप से बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी, वरिष्ठ भाजपाई गिरधारी यादव, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, ओबीसी जिला महामंत्री शिवनारायण साव, ओबीसी मोर्चा मंडल महामंत्री विजय प्रसाद, युवा मोर्चा निश्चय साव, बाबूलाल कुमार समेत दर्जनों भक्त मौजूद रहे। वही भाजपा नेता राजेंद्र साव ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है इस अवसर पर नागडा ग्राम में मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा एवं पूजा पाठ कीर्तन भजन समेत कई धार्मिक आयोजन की जाएगी।

गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण

पीवीयूएनएल ने किया कंबल वितरण।

चंदवा। पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा शुक्रवार को सर्दी व अत्यधिक ठंड को देखते हुए सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत परियोजना से प्रभावित ग्राम बारी एवं सासंग के लगभग 220 जरूरतमंदों व वृद्धों के बीच कंबल वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड के बीच कम्बल पाकर लोगो के चेहरे में खुशी देखी गयी। पीवीयूएनएल बनहरदी कोयला खनन परियोजना के अपर महाप्रबंधक आर बी सिंह ने कहा कि परियोजना से प्राभवित हो रहे सामुदायिक विकास कार्यक्रम के माध्यम से प्राभवित क्षेत्र में लोगो को सुविधा मुहैया हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। आप सभी ग्रामीणों ने सहयोग से क्षेत्र का विकास किया जाएगा। कार्यक्रम में मौके पर सासंग मुखिया पुष्पा देवी, पीवीयूएनएल बनहरदी कोयला खनन परियोजना के अपर महाप्रबंधक आर बी सिंह, उप महाप्रबंधक सिद्धार्थ शंकर, विनेश कुमार वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड आर), शुभंकर मंडल, अबीरनाथ कार्यपालक समेत कई लोग मौजूद थे।

कंबल का वितरण

कंबल वितरण करवाते उप प्रमुख।

बारियातू। प्रखंड के फूलसु पंचायत स्थित पीपराटोला मे बढ़ते ठंड की प्रकोप को देखते हुए प्रखंड उपप्रमुख निशा शहादेव ने निशक्त असहाय व जरूरतमंद वृद्ध महिला पुरुषो के बिच घर-घर जाकर ठंड से बचने के लिए चालीस पीस कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण के मौके पर उन्होंने कहा की वृद्ध जनो का ठंड मे विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। और अपनी क्षमता के अनुसार सभी जरुरत मंदो की मदद करनी चाहिए। ठंड के प्रकोप मे कंबल पाकर लोगो ने उन्हें धन्यवाद दिया। मौके पर समाज सेवी लालाशीनाथ शहादेव, गंगा यादव, अलोक यादव सहित अन्य बुजुर्ग महिला पुरुष उपस्थित थे।

भारतीय किसान संघ के केंद्रीय नेता राकेश टिकैत ने मंडल में जनसभा को किया संबोधित, मंडल डैम का भी लिया जायजा, कहा

राज्य के विकास पर नहीं, बल्कि खनिज संपदाओं पर है सरकार की नजर

- देश राजनीतिक पार्टियों से नहीं, बल्कि आंदोलन से बचेगा : राकेश टिकैत

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह/बेतला। भारतीय किसान संघ के केंद्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बरवाडीह प्रखंड के मोरवाई पंचायत अंतर्गत मंडल के मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें मंडल रोड एवं डैम संघर्ष समिति के अध्यक्ष, पूर्व सैनिक सह मोरवाई पंचायत के मुखिया आशीष सिंह ने राकेश टिकैत और अन्य अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र भेंटकर किया। जिसके बाद राकेश टिकैत ने अधूरे पड़े मंडल डैम का निरीक्षण करने के उपरांत डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं को सुनने का काम किया। जहां ग्रामीणों ने अधूरे पड़े मंडल डैम का निर्माण, प्रभावितों को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा, मंडल-बरवाडीह मार्ग का नवनिर्माण तथा मंडल में बंद पड़े हाई स्कूल को खुलवाने की मांग समेत अन्य समस्याओं को रखने का काम किया। राकेश टिकैत ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी मांग बड़ी नहीं है, आपकी समस्याओं और मांग को दिल्ली तक पहुंचाने का काम करूंगा। वहीं श्री टिकैत ने अपने संबोधन में कहा कि पलामू प्रमंडल तथा लातेहार जिले का दुर्भाग्य है कि क्षेत्र के समुचित विकास के लिए यहां कई महत्वकांक्षी और बहुउद्देशीय परियोजनाएं है, जो कई दशकों से अधूरी पड़ी हुई है। नेताओं द्वारा उन महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति की जाती रही है। उन्हें आप गरीबों से कोई लेना देना नहीं है, सिर्फ राज्य की खनिज संपदाओं पर सरकारी आकाओं की नजर है, जबकि इन अधूरी पड़ी परियोजनाओं को पूर्ण होने से पूरे पलामू प्रमंडल का विकास हो सकता है। यहां अधूरी पड़ी मंडल डैम और चिरमिरी लाइन जैसी अत्यंत बहुउद्देशीय योजनाएं इसका जीता जागता उदाहरण है। बावजूद इसके इन बड़ी परियोजनों पर काम शुरू करना तो दूर बरवाडीह से मण्डल तक आने वाली 30 किमी सड़क का निर्माण भी सरकार नहीं करा पा रहीं है। राकेश टिकैत ने बताया कि 14 मार्च को हमारा सबसे बड़ा कार्यक्रम देश की राजधानी दिल्ली में है। उक्त कार्यक्रम में आपकी क्षेत्र की इन समस्याओं को मजबूती से रखकर सो रही सरकार को जगाने का काम करूंगा। मैं भारत सरकार को चिट्ठी भी लिखूंगा और संबधित मंत्रालय से भी इस संबध में वार्ता करूंगा ताकि जल्द से जल्द इस दिशा में कोई सार्थक पहल की जा सके। उन्होंने मण्डल के कुछ लोगों और प्रतिनिधिमंडल को दिल्ली में आहूत कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। कहा कि डैम और डूब क्षेत्र के प्रभावितों से संबधित अगर दस्तावेज है तो हमें उपलब्ध कराएं।

लोगों को संबोधित करते राकेश टिकैत।

ग्रामीणों से मुलाकात करते राकेश टिकैत।

कार्यक्रम में उपस्थित गण्यमान्य

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, राजद वरिष्ट नेता रघुपाल सिंह, युथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, अवधेश मेहरा, रंजित कुमार राजू, आरएन यादव, बलराम सिंह, विक्टर केरकेट्टा, रवि कुमार, दिलीप कुमार, संतोष प्रसाद, संजय यादव, दीपू कुमार, सुजीत गुप्ता समेत मंडल और आसपास के डूब क्षेत्र के हजारों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर लातेहार में होगा भव्य कार्यक्रम का आयोजन

महायज्ञ समिति लगायेगी 151 किलो लड्डू का भोग

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। अयोध्या में भगवान श्री राम के जन्म भूमि पर नवनिर्मित मंदिर में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर लातेहार में भी कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी है। इसी क्रम में श्री रामचरितमानस नवाहन पारायण पाठ महायज्ञ समिति लातेहार के द्वारा 22 जनवरी को महायज्ञ स्थल पर विशेष पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए महासमिति के सुनील कुमार शौंडिक ने बताया कि श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को लातेहार के अंबाकोठी में यज्ञ स्थल पर विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। 11 बजे दिन से हनुमान चालीसा का पाठ होगा। उसके बाद आरती की जाएगी। तत्पश्चात 151 किलोग्राम लड्डू का भोग लगाया जाएगा और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर महायज्ञ समिति के संरक्षक विधायक बैद्यनाथ राम, समिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, सचिव सुदामा प्रसाद, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका, अशोक महलका, मदन प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, युवा नेता अंकित पांडेय, सन्तोष अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद, चन्द्र प्रकाश उपाध्याय समेत अन्य सदस्य कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की तैयारी में लगे हुए हैं।

श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने तैयारी को लेकर की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। श्री राम नवमी पूजा महासमिति मुख्य अखाड़ा महावीर मंदिर थाना चौक में समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री राम की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लातेहार में भव्य शोभा यात्रा निकालने को लेकर शुक्रवार की शाम बैठक किया गया। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए बैठक की गई है। बैठक में 22 जनवरी को होने वाले भव्य आयोजन को लेकर क्या क्या तैयारियां हो रही और क्या क्या होना बाकी है साथ ही अन्य मंदिरों/शिवालयों की जानकारियां इत्यादि संबंधित चर्चा की गई। इसमें लातेहार नगर वासियों, सभी अखाड़ों के अध्यक्षगण समेत अन्य भक्तजन मौजदू थे।

बैठक करते राम भक्त।

मनिका प्रखंड के जिप सदस्य के जनता दरबार में हर घर नल जल योजना की शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीण

ग्रामीण की शिकायत सुनते जिप सदस्य।

मनिका। मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रत्येक शुक्रवार को पश्चिम क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह के द्वारा गरीबों की समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान के लिए आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत से सरकार की जल जीवन मिशन के तहत हर घर,नल जल योजना का शिकायत लेकर ग्रामीण पहुंचे। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार अपनी मनमानी करते हुए सालों से जलमिनार निर्माण के काम को अधूरा में लटकाए हुए हैं जिस वजह से सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से लोग अभी भी वंचित है लोगों के घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिसके कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कत हो रही है। मौके पर ग्रामीणों के शिकायत पर जिप सदस्य बलवंत सिंह ने पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत के संबंधित अधिकारियों से बात किया और उन्हें ठेकेदार के साथ पंचायत भवन में बैठक करके जल्द से जल्द काम पूरा करवाने की बात कही ताकि लोगों को सरकार की इस योजना का सही से लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारे पूरे प्रखंड क्षेत्र का यही हाल है ठेकेदार कई पंचायत में बोरकर सालों से जलमिनार निर्माण का काम अधूरा छोड़ दिए हैं जिस वजह से लोग आज भी पानी के लिए परेशानी झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठेकेदार की इस तरह की मनमानी बिल्कुल भी नहीं चलेगी अगर उसने काम लिया है तो काम को समय पर पूरा करें अगर ठेकेदार अपने काम में सुधार नहीं करता है तो लिखित आवेदन के माध्यम से लातेहार उपायुक्त को इसकी शिकायत की जाएगी। मौके पर जिप सदस्य बलवंत सिंह ने और भी कई ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का निपटारा किया। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में टाना भगत विकास प्राधिकार की जिला स्तरीय कार्यकारी एजेंसी की बैठक संपन्न

- उपायुक्त ने टाना भगत के विकास को लेकर संचालित योजनाओं की समीक्षा की

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन के अध्यक्षता में टाना भगत विकास प्राधिकार की जिला स्तरीय कार्यकारी एजेंसी की बैठक हुई। उपायुक्त ने टाना भगत समुदाय के विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा किया। अपर समाहर्ता अलोक शिकारी कच्छप ने बैठक में बताया कि लातेहार जिला में कुल 868 टाना भगत परिवार हैं तथा उनकी कुल आबादी 5068 है। इस वित्तीय वर्ष में कुल 497 टाना भगत परिवारों को निःशुल्क लगान रशीद निर्गत किया गया है। 50 उत्तराधिकार नामांतरण किया गया है। 25 वर्ष से अधिक उम्र के कुल 927 महिला एवं पुरुष को वस्त्र वितरित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक अतिरिक्त कमरा की योजना के तहत 2018-19 से अब तक कुल 220 लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान किया गया है। जिसमें से 124 योजना पूर्ण हो चुके है तथा 96 निमार्णाधीन है। उपायुक्त लातेहार ने शेष निमार्णाधीन योजनाओं को अविलम्ब पूर्ण कराने का निर्देश दिया। गव्य विकास विभाग के द्वारा 153 लाभुकों को गाय शेड योजना, 132 लाभुकों को 4 गाय की योजना एवं 21 लाभुकों को 2 गाय की योजना से आच्छादित किया गया है। कृषि विभाग के द्वारा टाना भगत परिवारों को डीजल पंप सेट, विद्युत मोटर, बीज वितरण योजना इत्यादि का लाभ प्रदान किया गया है। 2018-19 से लेकर अब तक कुल 45 टाना भगत छात्रों की रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में शिक्षा हेतु फीस का भुगतान किया गया। डीएमएफटी की राशि से कुल 10 टाना भगत समूहों को ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण प्रदान किया गया है। टाना भगत सामुदाय के प्रतिनिधियों ने बैठक में सिंचाई कूप, अबुआ आवास एवं डीप बोरिंग योजना का लाभ प्रदान करने की मांग किया। उपायुक्त लातेहार ने अपर समाहर्ता को उनके आवेदन पर आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार, अपर समाहर्ता अलोक शिकारी कच्छप, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, बहादुर टाना भगत सदस्य राज्य स्तरीय समिति, राजेंद्र टाना भगत एवं अन्य उपस्थित थे।

बैठक करते उपायुक्त।

एक नजर में

गणतंत्र दिवस समारोह मनाने को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

बैठक करते उपायुक्त व अन्य।

लातेहार। उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन के अध्यक्षता में 26 जनवरी -2024 को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन से संबंधित बैठक हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस-2024 के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा एवं समयसारणी तैयार की गयी। उपायुक्त लातेहार ने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाला जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह जिला खेल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त लातेहार के द्वारा जिला खेल स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। जिला खेल स्टेडियम में प्रशासन एकादश एवं क्रिकेट एकादश के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार, अपर समाहर्ता अलोक शिकारी कच्छप, सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं जिले के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

लातेहार डीएसओ पहुंचीं चंदवा, पीडीएस डीलरों के साथ की समीक्षा बैठक

बैठक करते डीएसओ।

चंदवा। लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने प्रखंड कार्यालय के सभागार में पीडीएस दुकानदारो के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव, गोदाम मैनेजर रंजीत यादव मौजूद थे। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने कहा कि दबे कुचले एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए सरकार के द्वारा राशन की व्यवस्था की गई है। इसमें किसी भी तरह की बहानेबाजी या लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दास्त नही की जाएगी। उन्होने डीलरों को जनवरी माह का राशन जल्द वितरित करने को लेकर निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने ससमय राशन का उठाव व वितरण करने का निर्देश दिया। 6 माह से अधिक समय से जो कार्डधारी राशन का उठाव नही कर रहे है वैसे कार्डधारकों की सूची उचित कारण लिखकर प्रखंड कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया ताकि इन कार्डधारियों का कार्ड डिलीट किया जा सके। इसके अलावे उन्होंने डुप्लीकेट यूआईडी, शादी-शुदा कार्डधारी, मृत लाभुकों की सूची भी जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैठक के दौरान डीलरों के समक्ष आ रही परेशानियों को भी सुना व निराकरण की बात कही। मौके पर जिला कम्प्यूटर ऑपरेटर आशीष कुमार, रामकृष्ण मिश्रा,शाहिद खान, रमेश प्रसाद, रामपाल उराँव, कलावती देवी, सुनीता देवी, दामोदर उपाध्याय, सन्तोष प्रसाद समेत सभी पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

विधायक प्रतिनिधि ने किया रांची टेंट हाउस का उद्घाटन

लातेहार। लातेहार जिला मुख्यालय के बाईपास मोड़ के पास रांची टेंट हाउस प्रतिष्ठा का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने फीता काटकर टेंट हाउस का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठान खुलने से लातेहार के लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। वही टेंट हाउस के संचालक पंकज कुमार यादव और अजीत कुमार यादव ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में लोगों को सस्ते दर पर बेहतर सेवा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने बताया कि यहां सभी प्रकार के कार्यक्रम को लेकर अत्याधुनिक टेंट और अन्य उपकरण उपलब्ध हैं। उद्घाटन के अवसर पर युवा अंकित पांडेय,नीरज कुमार यदुवंशी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का अध्यक्षता अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुलिस अवर निरीक्षक आनंद कुमार, बिंदेश्वर महतो, समाजसेवी देवनन्दन प्रसाद उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी नन्द कुमार राम व बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि आप सभी एकजुट होकर एकता और सौहार्द का परिचय देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ 22 जनवरी को पूरा अर्चना करें व आपत्तिजनक साउंड प्रतिबंधित होनी चाहिए।

शांति समिति की बैठक में शामिल जनप्रतिनिधि।

हाथियों के उत्पात से भाटचतरा के ग्रामीण परेशान, विभाग मौन

संजय राम

बारियातू। प्रखंड क्षेत्र में हाथियों के उत्पात से ग्रामीण त्रस्त हैं। वन विभाग मौन है, सिबला पंचायत के भाटचतरा गांव में पिछले चार दिनों से हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान हैं। भाटचतरा के ब्राह्मणी टोला निवासी सुरेश उरांव ने बताया की बिते रात मेरा घर का दरवाजा तोड़ते हुए दो हाथी घर में घुस गया और घर में रखे धान लगभग सात क्विंटल धान व टमाटर फसल खाकर नस्ट कर दिया। जिससे घर का खर्च चलना मुश्किल हो गया। हमलोग किसी तरह घर के छत पर चढ़कर जान बचाए. वहीं करम सिंह का चारदीवारी क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही लुढ़न महतो का चना खेती, बढ़न महतो का अरहर, देवनाथ उरांव, श्रीनाथ उरांव व झलू घटवार का टमाटर आलू व चना खेती को रौंदते हुए खाकर क्षति कर दिया. वहीं खुटीटोला निवासी बासुदेव साव का बाउंड्री तोड़ते हुए हुए बिन्देश्वर साव प्यारी साव, गेन्दलाल साव का टमाटर सरसों व आलू खेती खाकर बर्वाद कर दिया। जिससे लाखो रुपए की नुकसान किया गया है।

पिछले चार दिनों से हाथियों के भय से ग्रामीणो का नींद हराम है : ग्रामीण

शाम होते ही अपने-अपने घर मे दुबके रहते है। सभी को हाथी आने की चिंता सताते रहता है. लोग जगवारी कर रात-रात भर नहीं सो पा रहे हैं। विभाग को हाथियों को हटाने के लिए फोन करते हैं परन्तु विभाग नहीं आती है। और न ही टस से मस हो रही है।

शाम ढलते ही आवागमन करने वाले लोग हाथियों के भय से रहते हैं चिंतित

टोटी भाटचतरा के चैनपुर जंगल में चार दिनों से हाथी जमे हुए हैं. शाम होते ही मुख्य सड़क टोटी भाटचतरा की ओर गुजरने वाले बाईक सवार को भय सताते रहता है। बिते दिन जेएमएम नेता भुनेश्वर यादव के पुत्र को साल्वे रोड में हाथियों ने पटक कर घायल कर दिया था तबसे आवागमन करने वाले को भय सताते रहता है। इधर परिजन सकुशल घर वापसी के लिए चिंतित रहते हैं है।

पिछले पांच वर्षो से जमे हुए हैं क्षेत्र में हाथी आधा दर्जन की ले चुके हैं जान, विभाग हाथियों को हटाने में रहा नाकाम

बारियातू प्रखंड क्षेत्र में पिछले पांच वर्षो से हाथियों की झुंड जमे हुए हैं अब तक वनविभाग स्थाई समाधान निकालने में नाकाम रही है। जिससे गांव मुहल्ले के लोगों को दंस झेलना पड़ रहा है। अबतक हाथियों द्वारा बारियातू प्रखंड में लगभग आधादर्जन लोगों को जान ले चुके हैं हाथियों द्वारा कमाऊ सदस्य मार देने से कई परिजन की जिंदगी बिखर गया है। ग्रामीण के पशुओं को भी काफी संख्या में कुचल कर नुकसान पहुंचाया गया है। स्थाई समाधान की मांग के लिए जन प्रतिनिधि भी मौन साधे हुए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से अविलम्ब हाथियों को क्षेत्र से हटाने की मांग किया है। साथ ही ससमय मुआवजा दिलाने की गुहार लगायी है।

हाथियों द्वारा किये गये नुकसान की जानकारी देते ग्रामीण।

मनिका प्रखंड के नदबेलवा में प्रधानाध्यापक ने छात्र-छात्राओं के बीच किया पोशाक का वितरण

बच्चों के बीच वस्त्र का वितरण करते शिक्षक।

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नदबेलवा में प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह व सहायक शिक्षक सिनोद यादव ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक, गरम कपड़े, जूता, मोजा और स्वेटर का वितरण किया। वहीं विद्यालय में पोषक मिलने से विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। मौके पर प्रधानाधयापक ने कहा कि ठंड के दिनों में राज्य सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच ऊनी कपड़े,जूता,मोजा व स्कुल ड्रेस उपलब्ध करवाना अच्छी पहल है। इससे बच्चों में एकरूपता आती है। मौके पर छात्र सोनू सिंह,अखिलेश सिंह, अंजित यादव, विकाश सिंह, जयमल सिंह, अमित सिंह, समेत कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

- राज्य सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को ड्रेस उपलब्ध करवाना अच्छी पहल : सुरेंद्र सिंह

जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

शिविर में कंबल लेती महिला।

चंदवा। प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा के पहल पर शुक्रवार को प्रखंड के जमीरा पंचायत सचिवालय प्रांगण में कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जहां उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, मुखिया दुर्गावती देवी, पंचायत समिति सदस्य बलकु मुंडा व अनुरोध कुजूर ने संयुक्त रूप से पंचायत के विभिन्न वार्डो से चयनित डेढ़ दर्जन जरूरतमंदो के बीच कम्बल का वितरण किया। इस मौके पर अश्विनी मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष ठंड का प्रकोप चरम पर है। ऐसे में ही किसी भी गरीब को ठंड में ठिठुरना न पड़े इसके लिए प्रशासन के साथ सभी लोगो को यथा संभव गरीबो की मदद करनी पड़ेगी। कम्बल वितरण के मौके पर बरती देवी, कुंवारी देवी, सुगिया देवी, रमणी देवी, गोपाल गंझू, सुनीता देवी, निर्मला देवी, पार्वती देवी, जामो देवी, सुकरा मुड़ा, श्यामसुंदर ठाकुर समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त होगा गढ़वा का हर कोना : मिथिलेश ठाकुर

मंत्री ने कहा- कोरवाडीह-करकोमा पथ का होगा निर्माण, एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण होंगे लाभान्वित

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। जिले के गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह से करकोमा तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करकोमा पीडब्ल्यूडी पथ नहर से लुगलईया होते हुए पीडब्ल्यूडी पथ कोरवाडीह तक पथ का निर्माण कार्य किया जाएगा। चार करोड़ 53 लाख 89 हजार तीन सौ रुपए की लागत से 425 किमी सड़क का निर्माण होगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि झारखंड सरकार ने इस सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस सड़क निर्माण से लगभग एक दर्जन से अकि गांवों के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। पहले इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी समस्या होती थी। लंबे समय

मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

से इस क्षेत्र के लोगों की इस सड़क निर्माण की मांग थी, जो अब पूरी हो गई है।

इस सड़क के निर्माण से गढ़वा के लोगों को करकोमा, कजराठ, बिछियादामर, देवगाना, दतवनिया, डंडई एवं धुरकी जाना आसान हो जाएगा। मंत्री ने कहा कि जिस दिन से गढ़वा के लोगों ने उन्हें क्षेत्र की सेवा करने की जिम्मेदारी सौंपी है वे उसी दिन से लगातार दिन रात परिश्रम कर पूरे गढ़वा को सभी क्षेत्रों में चुस्त-दुरुस्त बनाने में लगे हुए हैं। आज उनके प्रयास एवं जनता के आशीर्वाद का ही परिणाम है कि गढ़वा की स्थिति में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि उनका प्रयास है कि गढ़वा का कोना-कोना सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त हो। इसके लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज गढ़वा सहित पूरे राज्य में हेमंत सरकार ने विकास की जो लंबी लकीर खींची है यही विरोधियों को पच नहीं रहा है। विपक्ष के लोग लगातार गरीब-गुरबों की आवाज दबाने एवं झारखंड का विकास बाधित करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। फिर भी हेमंत सरकार इन षड्यंत्र से बिना डरे हुए लगातार जनहित की बेहतर कार्य को कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की चाबी जनता के हाथ में होती है। झारखंड की जनता का आशीर्वाद हेमंत सरकार के साथ है। किसी भी राजनीतिक दल के षड्यंत्र का असर इस सरकार पर नहीं होने वाला है।

राम का ऐसा धाम, जहां मुर्दों में लौट आती है जान

भव्य कार्यक्रम की तैयारी में जुटी श्री रामलला मंदिर समिति

श्री रामलला मंदिर, इनसेट में बाल रूप में भगवान श्री राम व सचिव धनंजय सिंह।

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। सनातन धर्म के लिए सुखद मुहूर्त लेकर आने वाला है 22 जनवरी। 500 वर्षों के अनवरत संघर्ष और सतत प्रयास के बाद हिन्दू संस्कृति, सनातन धर्म और मर्यादा के आदर्श भगवान श्री राम अपने घर में वापस लौट रहे हैं। इस उपलक्ष्य में गढ़वा जिला मुख्यालय के सोनपुरवा में स्थित श्री रामलला मंदिर में भव्य कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गयी है। पांच एकड़ भूभाग में फैले यह मंदिर एनएच-75 से महज 100 मीटर दूर रेलवे स्टेशन रोड में स्थित है। रेलवे स्टेशन से 100 मीटर और मुख्य बस स्टैंड से 200 मीटर की दूरी पर यह मंदिर गढ़वा में हिन्दू धर्म की ध्वजा को आगे बढ़ा रहा है। कन्दन्तियों के अनुसार यह वह स्थान है जहां मुर्दों में प्राण लौट आती है। यही कारण है कि यहां भगवान राम के बाल स्वरूप श्री रामलला की प्रतिमा स्थापित की गयी। बताया जाता है कि लगभग 300 वर्ष पूर्व इस स्थान पर मरे बच्चों के शव को गाड़ा जाता था। वहीं एक फुस की कुटिया में एक साधु भी रहते थे। एक बार एक बच्चे की मौत के बाद परिजन उसे अंतिम क्रिया करने वहां पहुंचे थे। लोगों ने कुटिया के साधु से कुदाल की मांग की। साधु ने उसका कारण पूछा तो लोगों ने बताया कि रामलला की मौत हो गयी है। साधु ने कहा जो दूसरों को जीवन देते हैं भला उनकी मौत कैसे हो सकती है? उसके बाद साधु जी ने उस बच्चे को छू-छू कर देखा और कहा कि इस बच्चे को कुछ भी नहीं हुआ है। घर ले जाइए। अभिभावक भरे मन से उस बच्चे के साथ वापस लौट गए। घर पहुंचते ही उस बालक में न सिर्फ हलचल हुई बल्कि वह उठकर बैठ गया। उसके बाद गढ़वा पिछलागढ़ के बाबू कालीचरण सिंह ने साधु जी की उस कुटिया के समीप अष्टधातु की श्री रामलला जी की प्रतिमा स्थापित करायी। पांच एकड़ भूमि में स्थापित श्री रामलला मन्दिर परिसर के मालिक भी स्वयं भगवान श्री ठाकुर रामलला ही हैं।

अयोध्या की तरह मनेगा उत्सव, होगी भव्य सजावट : श्री रामलला मंदिर समिति ने 22 जनवरी 2024 को मंदिर परिसर में श्री राम तीर्थ नगरी अयोध्या की तरह कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है।

चिन्मय की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद को प्राण प्रतिष्ठा का मिला निमंत्रण

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। चिन्मय विद्यालय में विश्व हिन्दू परिषद आरएसएस एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने चिन्मय विद्यालय के प्रांगण में चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती को 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में आने का निमंत्रण देते हुए सम्मानित किया।

मौके पर स्वामिनी ने कहा कि मेरे प्रभु श्रीराम एवं परम पूज्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी का आशीर्वाद है कि प्रभु श्री रामजी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर मुझे आमंत्रित किया गया। मैं अपने आप को धन्य मानती हूं कि मुझे भी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है। समारोह में चिन्मय विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुभाष नेत्रगांवकर विश्व हिन्दू परिषद बोकारो के अध्यक्ष संतोष कुमार मंत्री संजीव कुमार विभागीय सह मंत्री राजेश दुबे कार्याध्यक्ष हरेराम पोद्दार विभागीय कार्यवाहक धीरेंद्र गोप संघ कार्यकर्ता रमन झा, अजीत पांडेय, संयोजक बजरंग दल पुनीत दोषी, सुप्रिया चौधरी, संजीव सिंह, रजनीश चौधरी, रणधीर नारायण, रागिनी मिश्रा अंजनी एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

मोहम्मदगंज स्टेशन पर गरीब रथ एक्सप्रेस के ठहराव पर सांसद को जताया आभार

कांडी। मोहम्मदगंज स्टेशन में गरीब रथ एक्सप्रेस संख्या-12877/12878 के ठहराव की दिशा में पहल के लिए भाजपा किसान मोर्चा के जिलायक्ष रामलला दुबे, विाायक प्रतिनिाि अजय सिंह ने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रति आभार जताया है। उन्होंने बताया कि सांसद ने शुक्रवार को धनबाद में रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक में मोहम्मदगंज में उक्त एक्सप्रेस के ठहराव देने की मांग को रखा है। इससे इस क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी खुशी मिली है। जो उनकी चिरप्रतीक्षित मांग है। मोहम्मदगंज में गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव मिलने से इस कांडी प्रखंड के अलावा भवनाथपुर, केतार, मझिआंव, बरडीहा के लोग लाभान्वित होंगे। इसके साथ पलामू जिला के मोहम्मदगंज, हैदरनगर प्रखंड के सभी गांव के लोगों को देश की राजाानी दिल्ली पहुंचने की सीधी सुविाा उपलब होगी।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। कृषि विज्ञान केंद्र गढ़वा में 18वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डीआरडीए डायरेक्टर दिनेश प्रसाद सुरीन, डीडीएम नाबार्ड, एलडीएम, जिला कृषि पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी, वैज्ञानिक डॉ. सीएस महतो, जेडआरएस के वैज्ञानिक व डायरेक्टर अखिलेश शाह, केवीके पलामू के सुधीर झा, रमेश कुमार, गढ़वा के वैज्ञानिक डॉ सुषमा ललिता बाखला, डॉ. अमरेश चंद्र पांडेय, डॉ. राजीव कुमार, प्रक्षेत्र प्रबंधक विंध्याचल राम आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

बैठक में वर्ष 2023 में कृषि विज्ञान केंद्र गढ़वा द्वारा किए गए कार्यकलापों की प्रस्तुति वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. अशोक कुमार द्वारा की गई।

साथ ही वर्ष 2024-25 के लिए कार्य योजना प्रस्तुत किया गया। ज्ञात हो कि वर्ष 2023 में कृषि विज्ञान केंद्र गढ़वा द्वारा कृषकों के लिए कुल 86 प्रशिक्षण

कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें 3520 किसानों ने प्रशिक्षण लिया।

ग्रामीण युवक युवतियों के कौशल विकास के लिए 19 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें 658 ग्रामीण युवक युवतियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम के तहत किसानों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, जैविक खेती, केंचुआ खाद उत्पादन, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली एवं समन्वित कृषि प्रणाली आदि विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मौके पर विंध्याचल राम, बृजेश तिवारी, शिवनाथ कुशवाहा, प्रदीप मेहता, ब्रजकिशोर महतो, कृष्णा ठाकुर, गणेश राम, शोभा तिवारी, दीपक कुमार, नवलेश कुमार, सियाराम पांडेय, राकेश रंजन चौबे, सुनील कुमार, कृष्ण चौबे, अनिल कुमार, चंदन कुमार एवं बृजभूषण पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

पेज एक का शेष

नींबू पहाड़ अवैध...

क्या है मामला : दरअसल, विजय हासदा ने पूर्व में पंकज मिश्रा एवं अन्य के द्वारा नींबू पहाड़ पर अवैध खनन किए जाने को लेकर जो शिकायत की थी, उसकी सीबीआइ जांच करने का आग्रह हाइकोर्ट से किया था। बाद में विजय हांसदा ने अपने उस याचिका को वापस लेने का अनुरोध कोर्ट से किया था। इसपर हाईकोर्ट ने विजय हांसदा आग्रह को नहीं मानते हुए जांच का आदेश सीबीआई को दिया। जांच का बिंदू था- आखिर विजय हांसदा ने किसके दबाव में याचिका वापस लेने का आग्रह किया और नींबू पहाड़ अवैध खनन की वस्तुस्थिति क्या है। इसकी प्रारंभिक जांच करने का आदेश सीबीआई को दिया था। सीबीआइ ने इसकी प्रारंभिक जांच में मिले तथ्यों के आधार पर हाई कोर्ट से साहिबगंज में नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले में एक संशोधित आदेश पारित करने का आग्रह किया। लेकिन हाई कोर्ट ने सीबीआई द्वारा नींबू पहाड़ में अवैध खनन को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने के आग्रह को निरस्त कर दिया। इसके बाद भी सीबीआई ने बिना हाइकोर्ट की अनुमति एवं राज्य सरकार की सहमति के नींबू पहाड़ पर अवैध खनन को लेकर कांड संख्या आरसी 024 2023 एस 0011 दिनांक 20 नवंबर 2023 दर्ज किया था।

रांची को मिला ...

पूरे क्षेत्र में कुल 3 लाख अलग अलग किस्म के पौधे लगाए गए हैं। मास्टर प्लान के हिसाब से 37 प्रतिशत क्षेत्र को ओपन स्पेस ओर ग्रिन एरिया के रुप में रखा गया है। सभी मुख्य मार्गों के दोनों तरफ सेफ और डेडीकेटेड साईकिल लेन और फूटपाथ बनाये गये हैं जो ननमोटराईज ट्रांसपोर्ट को प्रोत्साहित करेंगे।

परिचर्चा का हुआ आयोजन : सम्मान समारोह से पहले शुक्रवार को हीं पूर्वाह्न स्मार्ट सिटी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सफल स्मार्ट सिटी के लिए परियोजना का चयन और उसके क्रियान्वयन, स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं की सफलता और सफलता से सीखना,शहरों के विभिन्न योजनाओं से दूसरे शहरों की ओर से सीखनें की प्रक्रिया इत्यादि विषय पर कार्यक्रम में परिचर्चा हुयी।

भगवान श्रीराम और...

गुजरात के बड़ोदरा से राम मंदिर के लिए 108 फीट लंबी अगरबत्ती भगवान राम के मंदिर में जलाने के लिए आयी है। कृष्ण भगवान की जन्मभूमि मथुरा से राम मंदिर के लिए 200 किलो लड्डू का नजराना अयोध्या पहुंच रहा है। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के दिन देश भर में घी के दीपक जलाए जाएंगे, लेकिन सबसे बड़ा दीपक जलेगा राम की अयोध्या में। बड़ोदरा के किसान अरविंद भाई पटेल ने 1100 किलो का यह विशालकाय दीपक अयोध्या के लिए भेजा है। इस दीपक को एक बार में 850 लीटर घी डाला जा सकता है। भव्य राम मंदिर में 2100 किलो का घंटा लगाया जायेगा। इसे बनाने में 2 साल से अधिक का वक्त लगा है और इसे बनाने में विशेष अष्टधातु का प्रयोग किया गया है। इस घंटे की ऊंचाई 6 फीट और चौड़ाई 5 फीट है। इसकी कीमत 10 लाख रुपये है और इसकी आवाज कई किमी दूर तक सुनाई देगी। सोने की परत चढ़ा 56 इंच चौड़ा गुजरात के दरियापुर से आया नगाड़ा मंदिर में स्थापित किया जायेगा। माता सीता के लिए के लिए सूरत के कवड़ा व्यवसायी ने एक अनोखी साड़ी तैयार करवायी है जिसमें अयोध्या के मंदिरों की तस्वीरें और भगवान राम के जीवन का चित्रण किया गया है। इसके अलावा सूरत के ही एक हीरा व्यापारी ने 5,000 अमेरिकी डायमंड और 2 किलो चांदी का उपयोग करके राम मंदिर के लिए अनोखा हार भी भेजा है।

कब शुरू होगा पूजन : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त पर काशी के विद्वान और वाराणसी स्थित श्रीवल्लभराम शालिग्राम सांगवेद विद्यालय के गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में 6 पन्नों का ब्योरा जारी किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए 84 सेकेंड का सूक्ष्म मूहुर्त है। 22 जनवरी 2024 को मेषलग्न में वृश्चिकनवांश में अभिजिन्मुहूर्त में श्रीराम जन्मभूमि में राममूर्ति स्थापना का अतिसूक्ष्म मूहुर्त दोपहर 12 बजे 29 मिनट 8 सेकेंड से 12 बजे 30 मिनट 32 सेकेंड तक 84 सेकेंड का विशिष्ट मुहूर्त है। मुहूर्त में मकरसथ सूर्य में दिया गया है। अतः पौसमास का दोष नहीं है। इस दौरान मेषलग्न, वृश्चिकनवांश, अभिजित क्षण, मृगशीर्ष नक्षत्र, ऐंद्र योग, आनंद योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृतसिद्धि योग, पंचबाण से मुक्त होने से संजीवनी योग का निर्माण हो रहा है।

अयोध्या में अलर्ट जारी : अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पहले सुरक्षा चाक चौबंद कर दी गयी है। सभी एजेंसियों को पूरी तरह अलर्ट पर रखा गया है। सिक्योरिटी फोर्सेस की सहायता के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की सहायता ली जा रही है। साइबर सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साइबर खतरे पर भी हाईटेक एजेंसीज नजर बनाए हुए है। साइबर खतरे से निपटने के लिए एक उच्च स्तरीय साइबर विशेषज्ञ टीम को अयोध्या में तैनात है।

भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को ले कांडी में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

कांडी। अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को श्रीराम भगवान के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए थाना क्षेत्र में भी सुरक्षा का व्यापक व्यवस्था किया गया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम को देखते हुए थाना क्षेत्र में अगर कोई भी व्यक्ति शराब के नशे में पकड़ा जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। शराब के नशे में कोई भी व्यक्ति गलत हरकत या उपद्रव करते पाया जाता है तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। सुरक्षा को लेकर पूरे थाना क्षेत्र में पुलिस की सख्त पेट्रोलिंग रहेगी। सवेंदनशील जगहों पर पुलिस बल तैनात रहेगी। जहां-जहां कैमरा है वहां पर कैमरे के भी मदद से भी जांच पड़ताल की जायेगी।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हमारे लिए गर्व की बात : सांसद

बोकारो/तालगड़िया। चास प्रखंड के बिजुलिया पंचायत अंतर्गत सिंहडीह स्थित दामोदर नदी तट पर भाजपा की ओर से आयोजित वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन में धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह ने कहा कि 22 जनवरी को साढ़े पांच सौ साल के बाद ऐतिहासिक कार्य होना है। उस दिन अयोध्या में श्रीराम प्रभु के नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह क्षण हमलोगों के लिए गर्व की बात है। मौके पर झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राम के नाम से चिढ़ने वाले लोग आज हमें ज्ञान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राम को काल्पनिक कहा परंतु सच सामने है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिजुलिया मंडल अध्यक्ष राजीव चौबे ने की। श्री बाउरी ने अलकुशा में पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अम्बिका खवास जिला महामंत्री जयदेव राय गौर रजवार निमाई लाल माहथा राधेश्याम सिंह रजनीकांत महतो कालाचांद महतो डा लखन खवास संटू राय श्याम पैतण्डी बबलू चौबे गणेश प्रमाणिक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ डीडीसी ने की बैठक

बोकारो। समाहरणालय स्थित सभागार में डीडीसी कीर्ति श्री जी ने जिले में संचालित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में कंपनियों द्वारा सीएसआर के तहत जिले में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की गई। वर्तमान में जिले के सदर प्रखंड चास के 10 विद्यालयों में अध्ययनरत 04 हजार बच्चों को बीपीएससीएल द्वारा सीएसआर के तहत 200 मिली फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड दूध का पैकेट निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। अध्ययनरत बच्चों में एनीमिया का मामला काफी कम हो गया है। जिला प्रशासन ने बच्चों के संपूर्ण पोषण के मकसद से जिले के अन्य विद्यालय के बच्चों को भी फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड दूध का पैकेट निशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

11 वर्षीय मयंक शेखर ने ताइक्वांडो में अब तक जीते 18 मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। बोकारो जिले के सिवनडीह के 11 वर्षीय मयंक शेखर ताइक्वांडो में अब तक दो वर्ष के अंतराल में जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खेलों में अपना हुनर दिखाते हुए 18 गोल्ड व सिल्वर मेडल जीत चुका है। साथ ही उसने रेड ब्लैक बेल्ट की श्रेणी भी हासिल की है। राजस्थान के कोटा में नेशनल ऑफिशियल ताइक्वांडो में मयंक ने सिल्वर जीता। इससे पहले लोहरदगा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मयंक को सम्मानित करते हुए 60 हजार रुपये का चेक प्रदान किया।

मयंक ने बताया कि भविष्य में उसका मिशन आईएएस बनना तथा ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना है। मयंक ने अपना आदर्श माइक टायसन को बताया।

देवीपुर में पांच दिवसीय मकर संक्रांति मेला का हुआ भव्य समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/ललपनिया। बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के गोमिया प्रखण्ड के अंतर्गत होसिरपश्चिमी पंचायत के देवीपुर स्थित आस्था का केंद्र श्री श्री माँ खेलाचंडी मंदिर प्रांगण में मकरसंक्रांति के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय मेला सह महोत्सव समापन हो गया। यहां मेला समापन समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि ओएनजीसी मुख्य अभियंता प्रभाकर पंडित व विशिष्ट अतिथि अधीक्षक अभियंता अनीश जी मुखिया पार्वती देवी एवं मेला डाक अध्यक्ष रोहित साव, एएसआई संजय कुमार मंडल संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता प्रभाकर पंडित एवं विशिष्ट अतिथि अधीक्षक अभियंता अनीश जी ने सर्वप्रथम मेला डाक अध्यक्ष एवं कमिटी तथा सभी को मकरसंक्रांति की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ओएनजीसी के माध्यम से यहां समुचित विकास का प्रयास किया जायेगा। मुखिया पार्वती देवी

मेला समापन समारोह का उद्घाटन करते अतिथि।

ने मकरसंक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहाकी यह देवीपुर का ऐतिहासिक व सुप्रसिद्ध मेला है।

कहा की लोगों की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए श्री खेलायचंडी माता से प्रार्थना की जाती है, मन्नतें पूरी होने पर श्रद्धालुओं द्वारा बकरे की बलि एवं कबूतर तथा प्रसाद चढ़ाया जाता है। यहां विगत ढाई सौ वर्ष पूर्व से मेला का आयोजन होता आ रहा है।यहां मेला शांतिपूर्ण तरीके से समापन करानेपर उन्होंने मेला डाक अध्यक्ष रोहित साव एवं कमिटि सदस्यों तथा पुलिस प्रशासन को भी धन्यवाद दिया। आयोजित इस मेला सह महोत्सव में मुखिया पार्वती देवी वार्डप्रतिनिधियों ने लोगो से शांति व्यवस्था बनाकर मेले का आनंद लेने की अपील की।यहां संचालन कमेटीके उपाध्यक्ष सह सरस्वती शिशु निकेतन के डायरेक्टर राजेश्वर साव ने किया। इसके पूर्व सभी ने मेला का निरीक्षण किया।

मेले के अंतिम दिन भी मेला देखने उमड़ा जनसैलाब : मेला समापन के अंतिम दिन शुक्रवार को मेला में घूमने वाले लोगों का जनसैलाब उमड़ा। अनुमण्डल क्षेत्र के साथ-साथ आसपास ग्रामीण क्षेत्रके लोग मेला का भरपूर आंनद लिया।

इसके साथ ही यहां विराजमान माँ खेलायचंडी के दर्शन के लिए भी भक्त पहुंचे। दोपहर से ही श्रद्धालुओं का यहां पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। यहां माँ खेलायचंडी मन्दिर में पूजा अर्चना कर अपने सपरिवार व क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि एवं उन्नति की मंगलकामना की और मेले का आनंद उठाया। मेले में कई प्रकार की दुकानों को संचालित किया गया था। साथ ही कई प्रकार के झूला एवं बच्चों के लिए खेल-तमाशा लगाया गया था। घरेलू सामग्री खरीदने के लिए दुकानों पर महिलाएं देखी गईं। हजारों की संख्या में लोगों ने यहां पहुंचकर मेले का आनंद उठाया। भीड़ को देखते हुए पुलिस व्यवस्था की गई थी। यहां मौके पर वार्ड सदस्य राजेश्वर साव, समाजसेवी रंजीत कुमार, राजकुमार रविदास, संतोष जी आदि उपस्थित थे।

शीतलहर की वजह से स्कूलों में छुट्टी की मांग

बोकारो। झारखंड अभिभावक संघ ने राज्य में बढ़ रही ठंड को देखते हुए बोकारो जिला के स्कूलों में छुट्टी की मांग की है। संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र राय ने कहा कि कड़ाके की ठंड के साथ शीतलहर चल रही है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रधान सचिव शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार को एक ज्ञापन ई मेल के माध्यम से भेजा गया है। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। कई बच्चों की तबीयत खराब होने की भी सूचना आ रही है। बच्चें से लेकर बुजुर्गों तक इस ठंड का असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। स्वास्थ्य को देखते हुए कुछ दिनों तक स्कूलों को बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बोकारो सहित आसपास के जिलों में ठंड का असर अधिक है। इसलिए उन्होंने जूनियर विंग के स्कूल बंद करने और सीनियर विंग के स्कूल के टाइम टेबल में बदलाव की मांग रखी है। श्री राय ने कहा कि बोकारो के न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है।

गणतंत्र दिवस पर दो महिला पायलट उड़ायेंगी फाइटर जेट

सी-295 परिवहन विमान पहली बार परेड में होगा शामिल

- 29 लड़ाकू विमान और 13 हेलीकॉप्टर दिखायेंगे जलवा
- वायुसेना 1971 में पाक पर विजय के लिए प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को दिखायेगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड में इस बार वायु सेना के फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायु सेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिनमें 29 लड़ाकू, 8 परिवहन, 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि एलसीए तेजस फॉर्मेशन गणतंत्र दिवस परेड में अपनी शुरूआत करेगा, जिनमें से चार परेड में तेजस फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिसमें फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। इनमें सुखोई-30 को फ्लाइंग ऑफिसर अस्मा शेख और फ्लाइट लेफ्टिनेंट अनन्या शर्मा उड़ाएंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायुसेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। भारतीय वायुसेना के मुताबिक गणतंत्र दिवस परेड में 29 लड़ाकू विमान, 8 परिवहन और 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। चार विमान भारतीय सेना के और एक भारतीय नौसेना से होगा। परेड में 6 राफेल वज्रांग फॉर्मेशन इनवर्टेड वाइन ग्लास फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। फ्लाईपास्ट का दूसरा भाग परेड के बाद लगभग 11:50 बजे शुरू होगा और 12:05 बजे समाप्त होगा।

इस वर्ष गणतंत्र दिवस के लिए भारतीय वायुसेना की झांकी में सूडान से भारतीय निकासी प्रयास ऑपरेशन कावेरी को दिखाया गया है। झांकी को सक्षम, सशक्त और आत्मनिर्भर कैप्शन दिया गया है। इस बार 48 अग्निवीर वायु महिलाएं परेड में हिस्सा ले रही हैं। परेड में 144 सदस्यीय भारतीय वायुसेना के मार्चिंग दल का नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर रश्मि ठाकुर, स्क्वाड्रन लीडर सुनीता यादव, स्क्वाड्रन लीडर प्रतीति अहलूवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल करेंगी।

मार्चिंग दल का नेतृत्व करने वाली स्क्वाड्रन लीडर सुनीता यादव ने पिछले साल पेरिस में बैस्टिल डे' परेड में हिस्सा लिया था। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बैस्टिल दिवस' पर मुख्य अतिथि थे और इस साल इमैनुएल मैक्रॉन भारत के 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। उस समय भारतीय राफेल जेट और भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने पेरिस में चैंप्स-एलिसीस में मार्च किया था।

दिल्ली हवाई अड्डे से 26 जनवरी तक सुबह ढाई घंटे उड़ान पर रहेगा प्रतिबंध : गणतंत्र दिवस की तैयारियों को देखते हुए सुरक्षा कारणों की वजह से शुक्रवार से 26 जनवरी के दिन तक सुबह करीब ढाई घंटे तक उड़ान सेवाओं पर प्रतिबंध रहेगा। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक ट्वीट में कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर 19 से 26 जनवरी तक भारतीय समयानुसार सुबह 10:20 बजे से दोपहर 12:45 बजे के बीच दिल्ली हवाई अड्डे पर न कोई उड़ान आएगी और न ही प्रस्थान नहीं करेगी।

राष्ट्रीय ध्वज का न हो अनादर : गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों व केन्द्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसी भी कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज का अनादर न होने पाए। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को एक पत्र जारी किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेल आयोजनों के अवसरों पर जनता द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कागज से बने झंडों को फेंका न जाए।

परेड का आकर्षण होगा अनंत सूत्र राज्यों की साड़ियों का होगा प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली। कर्तव्य पथ पर होने वाले इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड का एक आकर्षण होगा अनंत सूत्र जिसके अंतर्गत भारत के विभिन्न प्रदेशों और केंद्र शासित प्रदेशों की साड़ियों का शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है। विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा तैयार की साड़ियों को दर्शक दीर्घा के पीछे प्रदर्शित किया जाएगा। यह भारत की नारी शक्ति और भारत के लाखों बुनकरों के प्रति पूरे देश की आदरांजलि है। शुक्रवार को संस्कृति मंत्रालय ने एक्स पर वीडियो और जानकारी साझा करते हुए बताया कि अनंत सूत्र के रूप में प्रस्तुत भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की साड़ियों और कपड़ों का प्रदर्शन 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का अनूठा अनुपम उदाहरण है। अनंत सूत्र के माध्यम से भारत की एकता, सद्भाव, समरसता और समावेशिकता का प्रदर्शन इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। अनंत सूत्र भारत के सांस्कृतिक वैभव और विरासत कि प्रतीक है, जिसमें अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उन लाखों बुनकरों की कला कि प्रदर्शन है, जिन्होंने पीढ़ियों से इस विरासत को संजो कर रखा है।

प्रधानमंत्री ने 15000 लाभार्थियों को सौंपी घर की चाबी, कहा

मोदी की गारंटी, पूरी रोटी खायेंगे

- आधी रोटी केवल नारा था पहले की सरकार में जनता तक नहीं पहुंचती थीं योजनाएं
- कुछ पल के लिए भावुक भी हुए प्रधानमंत्री, कहा- युवा अवस्था में ऐसे घरों में रहने का अवसर मिला होता
- 22 जनवरी को राम ज्योति जलाने की अपील की

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार पहले ही दिन से प्रयास कर रही है कि श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन और ईमानदारी का राज हो। उन्होंने लोगों से 22 जनवरी को राम ज्योति जलाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह उनके जीवन से गरीबी हटाने की प्रेरणा होगी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है गारंटी पूरी होने की गारंटी। भगवान राम ने हमें किए गए वादों का सम्मान करना सिखाया और हम गरीबों के कल्याण और उनके सशक्तीकरण के लिए निर्धारित सभी लक्ष्यों को पूरा कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के सोलापुर में राज्य में लगभग 2,000 करोड़ रुपये की आठ अमृत (कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन) परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आपका सपना मेरा संकल्प है और यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने कहा कि गरीबी हटाओ पहले सिर्फ एक नारा था क्योंकि योजनाएं लाभार्थियों तक नहीं पहुंचती थीं। आधी, रोटी खायेंगे के नारे को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी गारंटी के तहत आप पूरी रोटी खाएंगे। मोदी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की नीयत, नीति और निष्ठा स्पष्ट नहीं थी लेकिन उनकी सरकार की नीयत स्पष्ट है, जबकि नीति लोगों को सशक्त करने के लिए है और निष्ठा राष्ट्र के प्रति है। उन्होंने महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत पूरे किए गए 90,000 से अधिक घरों को भी लाभार्थियों को समर्पित किया।

प्रधानमंत्री ने सोलापुर में रायनगर हाउसिंग सोसाइटी के 15,000 घरों को समर्पित किया, जिनके लाभार्थियों में हजारों हथकरघा श्रमिक, विक्रेता, बिजली करघा श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, बीड़ी श्रमिक और चालक शामिल हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र में पीएम-स्वनिधि के 10,000 लाभार्थियों को पहली और दूसरी किस्त के वितरण की भी शुरूआत की। इस दौरान प्रधानमंत्री कुछ पल के लिए भावुक भी हो गए। उन्होंने रूंधे गले से कहा कि काश ! उन्हें युवा अवस्था में ऐसे घरों में रहने का अवसर मिला होता। उन्होंने कहा कि खुशी तब मिलती है जब लोगों के सपने सच होते हैं। उनका आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। जिन लोगों को मकान मिले हैं, उनसे 22 जनवरी को राम ज्योति जलाने की अपील करते हुए मोदी ने कहा कि यह उनके जीवन से गरीबी मिटाने की प्रेरणा होगी। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने वह काम किया जिससे उनके लोगों को खुशी मिली। मेरी सरकार गरीबों के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए समर्पित है। हमने उनकी कठिनाइयों को कम करने के लिए योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो गई है। मोदी ने कहा कि घरों और शौचालयों का निर्माण 10 वर्षों में हुआ है क्योंकि इन सुविधाओं की कमी गरीबों, विशेषकर महिलाओं के लिए अपमानजनक थी। उन्होंने कहा कि हमने महिलाओं के लिए मोदी की इज्जत की गारंटी वाले 10 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया है और अब तक चार करोड़ से ज्यादा पक्के घर उपलब्ध कराए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों का कल्याण और श्रमिकों की गरिमा पर उनकी सरकार का ध्यान रहा है। उन्होंने लोगों से बड़े सपने देखने की अपील करते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाना विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण है।

उप्र में सात सीटों पर चुनाव लड़ेगा रालोद

लखनऊ। लोकसभा के आगामी चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल के बीच सीट बंटवारे पर सहमति बन गई है। सपा अपने सहयोगी दल रालोद के लिए लोकसभा की सात सीटें छोड़ेगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के बीच शुक्रवार को हुई मुलाकात के दौरान सीट बंटवारे पर फैसला लिया गया। रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान सीट बंटवारे की पुष्टि की।

मिश्रा ने बताया कि सपा रालोद के लिए लोकसभा की सात सीटें छोड़ेगी। इसको लेकर दोनों दलों के बीच सहमति बन गई है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सपा कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

सूत्रों ने बताया कि यदि बात बनी तो आईएनडीआईए के प्रमुख घटक कांग्रेस एवं अन्य दलों के लिए भी सीटें छोड़ी जा सकती हैं। उल्लेखनीय है कि पिछला लोकसभा चुनाव रालोद ने सपा और बसपा के साथ मिलकर लड़ा था। उस समय रालोद के लिए सिर्फ तीन सीटें छोड़ी गई थीं। पार्टी तीनों सीटें हार गई थी।

एक नजर में

इजराइली सेना ने हमास की हथियार फैक्टरियों के नेटवर्क को किया ध्वस्त

तेल अवीव। इजराइली सेना ने सिविलिया में हमास की हथियार फैक्टरियों के एक नेटवर्क को नष्ट किया है। दरअसल सलाह अल-दीन रोड के किनारे गाजा के हाईवे के पास जमीन के ऊपर और नीचे हथियार कारखाने हैं, जहां रॉकेट, हथियार और गोला-बारूद का उत्पादन किया जाता था। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बताया कि उक्त स्थान पर दर्जनों सुरंग शाफ्टों से जुड़े हुए थे, जिन्हें नष्ट किया गया है। सेंट्रल गाजा के मगाजी रिफ्यूजी कैम्प में दर्जनों वर्कशॉप चल रहे थे, जहां हथियारों के निर्माण हो रहा था। इसमें बड़ी मात्रा में हथियार और उपकरणों को नष्ट किया गया। सैनिकों को नुसरत और बुरेजी शरणार्थी शिविरों के बीच मध्य गाजा में सैकड़ों बड़ी दूरी के रॉकेटों के साथ रासायनिक पदार्थों के उत्पादन के लिए मशीनें और कंटेनर भी मिले। इजराइल रक्षा बल ने कहा कि एक लड़ाकू टीम ने नागरिक भवनों और सरकारी संस्थानों में और उनके निकट स्थित हमास की ब्यूरिज बटालियन के बुनियादी ढांचे के खिलाफ ऑपरेशनल गतिविधि की जिसमें पैसे, नक्शे, हथियार और प्रचार सामग्री जब्त की गई।

महुआ मोइत्रा ने खाली किया बंगला

नयी दिल्ली। टीएमसी के पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा ने सरकारी बंगला नंबर 9 बी टेलीग्राफ लेन को शुक्रवार सुबह 10 बजे खाली कर दिया। मकान को संपदा निदेशालय को सौंप दिया गया है। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक मकान अधिकारियों के आने से पहले ही खाली कर दिया गया था और जबरन कोई निष्कासन नहीं हुआ। लोकसभा से सदस्यता जाने के बाद टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को आवंटित सरकारी बंगला खाली करने के लिए नोटिस भेजा गया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने संपदा निदेशालय के नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इसके बाद आज संपदा निदेशालय की टीम मोइत्रा का बंगला खाली करवाने के लिए पहुंची थी।

दलजीत चौधरी बने एसएसबी के महानिदेशक

नयी दिल्ली। केन्द्र सरकार ने वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक की कमान सौंपी है। केन्द्र सरकार ने एक आदेश जारी कर शुक्रवार को बताया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 30 नवंबर, 2025 तक के लिए दलजीत सिंह चौधरी को एसएसबी के महानिदेशक के तौर पर नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि दलजीत सिंह चौधरी उत्तर प्रदेश के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह वर्तमान में सीआरपीएफ के स्पेशल डायरेक्टर जनरल के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों का अवलोकन किया। इसके बाद योगी ने हनुमानगढ़ी और रामलला के टेंट में दर्शन-पूजन किया तथा सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की।

सीमावर्ती और पहाड़ी क्षेत्रों में दी जा रही विश्व स्तरीय सुविधाएं : राजनाथ

- उत्तराखंड के जोशीमठ में रक्षामंत्री ने 35 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

देहरादून। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को जोशीमठ के ढाक पहुंचे। रक्षा मंत्री ने यहां से भारत-चीन सीमा को जोड़ने वाले जोशीमठ-मलारी हाईवे पर बनाए गए पुल समेत सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित देश के विभिन्न जगहों की 35 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सीमावर्ती और पहाड़ी क्षेत्रों में विश्व स्तरीय सुविधा बहाल की जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की सोच अन्य सरकारों से अलग है। पहले की सरकारों के लिए बॉर्डर एरिया अंतिम होता था, लेकिन हमारी सरकार की सोच बॉर्डर एरिया चेहरा है। इसलिए हम सीमाओं पर भी विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहे हैं। आज देश में हर सीमावर्ती इलाकों में सड़कें, सुरंगों और पुलों के माध्यम से कनेक्टिविटी दी जा रही है। इसका सुरक्षा के साथ ही बॉर्डर एरिया पर रह रहे लोगों के विकास और

कल्याण से संबंध जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़े लोग किसी सिपाही से काम नहीं है यह हमारी सरकार की मान्यता है। उन्होंने कहा कि पहले के समय में सीमावर्ती इलाकों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था।

मांझी ने विधायकों को 25 तक पटना में रहने के दिये निर्देश

पटना। पूर्व मुख्यमंत्री और हम पार्टी के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर बड़े सियासी उलटफेर की अटकलों को हवा दिया है। उन्होंने लिखा है कि दिल्ली में रहने के बावजूद बिहार के वर्तमान राजनैतिक हालात पर मेरी नजर है। राज्य के राजनैतिक हालात को ध्यान में रखते हुए मैंने अपने सभी विधायकों को 25 जनवरी तक पटना में ही रहने का निर्देश दिया है। जो भी हो राज्यहित में होगा।

मांझी के इस बयान से माना जा रहा है कि शायद बिहार में सियासी उलटफेर का कोई खेल हो सकता है। इससे पूर्व गुरुवार को जीतन राम मांझी की दिल्ली में चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात हुई थी। तीनों नेताओं ने चिराग के घर में मुलाकात की और साथ ही रात का खाना खाया।

बिहार में सियासी सरगर्मी हुई तेज

एजेंसी

सीएम आवास में नीतीश से मिले लालू और तेजस्वी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार से शुक्रवार को मिले लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव। इस मुलाकात के बाद प्रदेश में जहां सियासत गर्म हो गई है, वहीं, इन नेताओं की मुलाकात के बाद कई तरह के कयास लगाए जाने लगे हैं। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार की सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर भेंट की। इन नेताओं के बीच करीब 45 मिनट की मुलाकात को लेकर माना जा रहा है कि नीतीश की नाराजगी को दूर करने लालू पहुंचे।

मुलाकात के बाद बाहर निकले लालू प्रसाद तो कुछ नहीं बोले, लेकिन, तेजस्वी ने इसे सामान्य मुलाकात बताया। तेजस्वी ने पत्रकारों के प्रश्न के उत्तर में कहा कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक है। हम लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि हम लोग सब लोग मजबूती के साथ आपस में मिलकर काम कर रहे हैं। एक-एक करके जितने वादे किए हैं, सारे पूरे कर रहे हैं। जब से लालू जी और नीतीश जी एक हुए हैं। तबसे भाजपा की पीड़ा बढ़ी हुई है। भाजपा का सूपड़ा साफ होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की राजनीति में नीतीश कुमार के फिर से भाजपा के साथ जाने की चर्चा है। ऐसे में लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव की मुलाकात के बाद कई तरह की चर्चा हो रही है।

शाह ने कभी नहीं कहा नीतीश के लिए भाजपा के दरवाजे बंद : चौधरी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए में जाने के कयासों के बीच जदयू के नेता और भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को दावा करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कभी नहीं कहा है कि नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे बंद हैं।

पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रस्ताव आएगा तो विचार किया जाएगा, लेकिन, उनके पास प्रस्ताव लेकर कौन जा रहा है? हम लोगों ने कोई प्रस्ताव नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि राजनीति में यह आम बातचीत है कि प्रस्ताव आएगा तो विचार किया जाएगा।

आठ मार्च को रिलीज होगी अजय देवगन की फिल्म 'शैतान'

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म शैतान आठ मार्च को रिलीज होगी। अजय देवगन की सुपरनैचुल थ्रिलर फिल्म शैतान गुजराती थ्रिलर फिल्म वश का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में अजय देवगन के साथ-साथ आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिकाओं में हैं। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउट से फिल्म शैतान की रिलीज डेट का अनाउंसमेंट की है।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar – II	₹ 120	English Grammar – II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

सबरी गीध सुसेवकनि सुगति दीन्हि रघुनाथ। नाम उधारे अमित खल बेद बिदित गुन गाथ॥

मनोज शर्मा

शबरी को आश्रम सौंपकर महर्षि मतंग जब देवलोक जाने लगे, तब शबरी भी साथ जाने की जिद करने लगीं। शबरी की उम्र दस वर्ष थी। वो महर्षि मतंग का हाथ पकड़ रोने लगीं। महर्षि शबरी को रोते देख व्याकुल हो उठे। शबरी को समझाया पुत्री इस आश्रम में भगवान आएंगे, तुम यहीं प्रतीक्षा करो। अबोध शबरी इतना अवश्य जानती थी कि गुरु का वाक्य सत्य होकर रहेगा, उसने फिर पूछा-कब आएंगे..?

महर्षि मतंग त्रिकालदर्शी थे। वे भूत भविष्य सब जानते थे, वे ब्रह्मर्षि थे। महर्षि शबरी के आगे घुटनों के बल बैठ गए और शबरी को नमन किया। आसपास उपस्थित सभी ऋषिगण असमंजस में डूब गए। ये उलट कैसे हुआ। गुरु यहां शिष्य को नमन करे, ये कैसे हुआ ?

महर्षि के तेज के आगे कोई बोल न सका। महर्षि मतंग बोले-

पुत्री अभी उनका जन्म नहीं हुआ।अभी दशरथ जी का लग्न भी नहीं हुआ।उनका कौशल्या से विवाह होगा। फिर भगवान की लम्बी प्रतीक्षा होगी। फिर दशरथ जी का विवाह सुमित्रा से होगा। फिर प्रतीक्षा..

फिर उनका विवाह कैकई से होगा। फिर प्रतीक्षा..

फिर वो जन्म लेंगे, फिर उनका विवाह माता जानकी से होगा। फिर उन्हें 14 वर्ष वनवास होगा और फिर वनवास के आखिरी वर्ष माता जानकी का हरण होगा। तब उनकी खोज में वे यहां आएंगे। तुम उन्हें कहना आप सुग्रीव से मित्रता कीजिये। उसे आतताई बाली के संताप से मुक्त कीजिये, आपका अभीष्ट सिद्ध होगा। और आप रावण पर अवश्य विजय प्राप्त करेंगे।

शबरी एक क्षण किंकर्तव्यविमूढ़ हो गई। अबोध शबरीर इतनी लंबी प्रतीक्षा के समय को माप भी नहीं पाई।

वह फिर अधीर होकर पूछने लगी- इतनी लम्बी प्रतीक्षा कैसे पूरी होगी गुरुदेव

महर्षि मतंग बोले- वे ईश्वर हैं, अवश्य ही आएंगे। यह भावी निश्चित है। लेकिन यदि उनकी इच्छा हुई तो काल दर्शन के इस विज्ञान को परे रखकर वे कभी भी आ सकते हैं। लेकिन आएंगे अवश्य...!

जन्म मरण से परे उन्हें जब जरूरत हुई तो प्रह्लाद के लिए खम्बे से भी निकल आये थे। इसलिए प्रतीक्षा करना। वे कभी भी आ सकते हैं। तीनों काल तुम्हारे गुरु के रूप में मुझे याद रखेंगे। शायद यही मेरे तप का फल है। शबरी गुरु के आदेश को मान वहीं आश्रम में रुक गईं। उसे हर दिन प्रभु श्रीराम की प्रतीक्षा रहती थीं। वह जानती थीं समय का चक्र उनकी उंगली पर नाचता है, वे कभी भी आ सकतें हैं।

हर रोज रास्ते में फूल बिछाती है और हर क्षण प्रतीक्षा करती। कभी भी आ सकतें हैं।

हर तरफ फूल बिछाकर हर क्षण प्रतीक्षा। शबरी बूढ़ी हो गई। लेकिन प्रतीक्षा उसी अबोध चित्त से करती रही। और एक दिन उसके बिछाए फूलों पर प्रभु श्रीराम के चरण पड़े। शबरी का कंठ अवरुद्ध हो गया। आंखों से अश्रुओं की धारा फूट पड़ी।गुरु का कथन सत्य हुआ। भगवान उसके घर आ गए। शबरी की प्रतीक्षा का फल ये रहा कि जिन राम को कभी तीनों माताओं ने जूठा नहीं खिलाया, उन्हीं राम ने शबरी का जूठा खाया। ऐसे पतित पावन मयार्दा, पुरुषोत्तम, दीन हितकारी श्री राम जी की जय हो। जय हो। वृद्धा भीलनी के मुंह से स्वर/बोल फूटे- कहो राम ! शबरी की कुटिया को ढूंढ़ने में अधिक कष्ट तो नहीं हुआ..? राम मुस्कुराए- यहां तो आना ही था मां, कष्ट का क्या मोल/मूल्य..?जानते हो राम ! तुम्हारी प्रतीक्षा तब से कर रही हूँ, जब तुम जन्मे भी नहीं थे, यह भी नहीं जानती थी कि तुम कौन हो ? कैसे दिखते हो ? क्यों आओगे मेरे पास ? बस इतना ज्ञात था कि कोई पुरुषोत्तम आएगा, जो मेरी प्रतीक्षा का अंत करेगा।



राम ने कहा- तभी तो मेरे जन्म के पूर्व ही तय हो चुका था कि राम को शबरी के आश्रम में जाना है। एक बात बताऊँ प्रभु ! भक्ति में दो प्रकार की शरणागति होती है। पहली वानरी भाव और दूसरी माजार्री भाव।

बन्दर का बच्चा अपनी पूरी शक्ति लगाकर अपनी माँ का पेट पकड़े रहता है, ताकि गिरे न... उसे सबसे अधिक भरोसा पर ही होता है और वह उसे पूरी शक्ति से पकड़े रहता है। यही भक्ति का भी एक भाव है, जिसमें भक्त अपने ईश्वर को पूरी शक्ति से पकड़े रहता है। दिन रात उसकी आराधना करता है...! (वानरी भाव)पर मैंने यह भाव नहीं अपनाया।ह्मैं तो उस बिल्ली के बच्चे की भाँति थी, जो अपनी माँ को पकड़ता ही नहीं, बल्कि निश्चिन्त बैठा रहता है कि माँ है न, वह स्वयं ही मेरी रक्षा करेगी, और माँ सचमुच उसे अपने मुँह में टांग कर घूमती है। मैं भी निश्चिन्त थी कि तुम आओगे ही, तुम्हें क्या पकड़ना...। (माजार्री भाव)

राम मुस्कुराकर रह गए..!!

भीलनी ने पुनः कहा- सोच रही हूँ बुराई में भी तनिक अच्छाई छिपी होती है न... कहां सुदूर उत्तर के तुम, कहाँ घोर दक्षिण में मैं ! तुम प्रतिष्ठित रघुकुल के भविष्य, मैं वन की भीलनी। यदि रावण का अंत नहीं करना होता तो तुम कहाँ से आते..?

राम गम्भीर हुए और कहा-

भ्रम में न पड़ो मां ! राम क्या रावण का वध करने आया है..? रावण का वध तो लक्ष्मण अपने पैर से बाण चलाकर भी कर सकता है।

राम हजारों कोस चलकर इस गहन वन में आया है, तो केवल तुमसे मिलने आया है माँ, ताकि सहस्त्रों वर्षों के बाद भी, जब कोई भारत के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा करे तो इतिहास चिल्ला कर उत्तर दे, कि इस राष्ट्र को क्षत्रिय राम और उसकी भीलनी माँ ने मिलकर गढ़ा था।जब कोई भारत की परम्पराओं पर उँगली उठाये तो काल उसका गला पकड़कर कहे कि नहीं ! यह एकमात्र ऐसी सभ्यता है जहाँ, एक राजपुत्र वन में प्रतीक्षा करती एक वनवासिनी से भेंट करने के लिए चौदह वर्ष का वनवास स्वीकार करता है।

राम वन में बस इसलिए आया है, ताकि जब युगों का इतिहास लिखा जाए, तो उसमें अंकित हो कि शासन/प्रशासन और सत्ता जब पैदल चलकर वन में रहने वाले समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, तभी वह रामराज्य है।राम वन में इसलिए आया है, ताकि भविष्य स्मरण रखे कि प्रतीक्षाएँ अवश्य पूरी होती हैं। राम रावण को मारने भर के लिए नहीं आया है माँ !माता शबरी एकटक राम को निहारती रहीं। राम ने फिर कहा-

राम की वन यात्रा रावण युद्ध के लिए नहीं है माता ! राम की यात्रा प्रारंभ हुई है, भविष्य के आदर्श की स्थापना के लिए।

राम राजमहल से निकला है, ताकि विश्व को संदेश दे सके कि एक माँ की अवांछनीय इच्छओं को भी पूरा करना ही 'राम' होना है। राम निकला है, ताकि भारत विश्व को सीख दे सके कि किसी सीता के अपमान का दण्ड असभ्य रावण के पूरे साम्राज्य के विध्वंस से पूरा होता है।

राम आया है, ताकि भारत विश्व को बता सके कि अन्याय और आतंक का अंत करना ही धर्म है। राम आया है, ताकि भारत विश्व को सदैव के लिए सीख दे सके कि विदेश में बैठे शत्रु की समाप्ति के लिए आवश्यक है कि पहले देश में बैठी उसकी समर्थक सूर्पणखाओं की नाक काटी जाए और खर-दूषणों का घमंड तोड़ा जाए।

औरराम आया है, ताकि ह्युगों को बता सके कि रावणों से युद्ध केवल राम की शक्ति से नहीं बल्कि वन में बैठी शबरी के आशीर्वाद से जीते जाते हैं।ह्व

शबरी की आँखों में जल भर आया था।उसने बात बदलकर कहा- बेर खाओगे राम..?राम मुस्कुराए, बिना खाये जाऊंगा भी नहीं माँ !शबरी अपनी कुटिया से झपोली में बेर लेकर आई और राम के समक्ष रख दिये। बेर मीठे हैं न प्रभु..?

यहाँ आकर मीठे और खट्टे का भेद भूल गया हूँ माँ ! बस इतना समझ रहा हूँ कि यही अमृत है।

शबरी मुस्कुराईं, बोली- सचमुच तुम मयार्दा पुरुषोत्तम हो, राम !

धनुष तीर लेकर खड़े हैं बाल रुप में भगवान श्रीराम

अयोध्या के गर्भगृह में स्थापित रामलला की मूर्ति मंत्रमुग्ध करने वाली है। रामलला की प्रतिमा को देखते से लगता है कि साक्षात श्री राम खड़े हैं। उनके चेहरे पर मधुर मुस्कान है। हाथों में धनुष हैं। एक हाथ में तीर है। श्रीराम के उन्नत और भव्य ललाट पर एक लाल टीका लगा है। जो मूर्ति को और भव्य बना रहा है।

बंदउ गुरु पद कंज, कृपा सिंधु नर रुप हरि, महा मोह तम पुंज, जासु बचन रवि कर निकर

रहिमन राम न उर धरै, रहत विषय लपटाय, पसु खर खात सवाद सों, गुर बुलियाए खाय, (दुर्जन को राम समझ में नहीं आयेंगे)

कविवर रहीम कहते है कि भगवान राम को ह्दय में धारण करने की बजाय लोग भोग और विलास में डूबे रहते है। पहले तो अपनी जीभ के स्वाद के लिए जानवरों की टांग खाते हैं और फिर उनको दवा भी लेनी पड़ती है।

रहिमन राम न उर धरै, रहत विषय लपटाय
पसु खर खात सवाद सों, गुर बुलियाए खाय

श्रीराम नाम के दो अक्षरों में रा तथा म ताली की आवाज की तरह हैं, जो संदेह के पंछियों को हमसे दूर ले जाती हैं। ये हमें देवत्व शक्ति के प्रति विश्वास से ओत-प्रोत करते हैं। इस प्रकार वेदांत वैद्य जिस अनंत सच्चिदानंद तत्व में योगिवृंद रमण करते हैं उसी को परम ब्रह्म श्रीराम कहते हैं- **गोस्वामी तुलसीदास**

राम मयार्दा पुरूषोत्तम हैं। करूणानिधि हैं। मनुष्य के आदर्श और सुंदरतम अभिव्यक्ति हैं। वे मनुष्य ही नहीं, प्राणीमात्र के मित्र हैं, अभिरक्षक हैं और विश्वसनीय हैं। वे दूसरों के दुख से द्रवित होनेवाले दयानिधि हैं। उनके स्वयं के जीवन में भी इतने दुख-दर्द हैं, फिर भी वे सत्य और आदर्श की प्रतिमूर्ति बने रहते हैं।

आदि **कवि वाल्मीकि** ने उनके संबंध में कहा है कि वे गाम्भीर्य में समुद्र के समान हैं।

समुद्र इव गाम्भीर्ये धैर्यण हिमवानिव।

राम के महान चरित्र-विषयक अनुभूति भी बराबर बदलती रही है। भवभूमि के राम ठीक वे नहीं हैं जो वाल्मीकि के राम हैं और तुलसी के राम वाल्मीकि तथा भवभूति, दोनों के रामों से भिन्न हैं -**रामधारी सिंह दिनकर**

राम आधारहीन सत्ता के ऐसे प्रत्युत्तर हैं कि उनकी याद इस जमाने में कुछ और सार्थक हो जाती है- **प्रख्यात विद्वान पं. विद्यानिवास मिश्र**

राष्ट्र कवि **मैथिलीशरण गुप्त** ने यशोधरा में राम के आदर्शमय महान जीवन के विषय में कितना सहज व सरस लिखा है- राम। तुम्हारा चरित्र स्वयं ही काव्य है। कोई कवि बन जाए सहज संभाव्य है॥

राम का उल्टा होता है म, अ, र अर्थात मार। मार बौद्ध धर्म का शब्द है। मार का अर्थ है- इंद्रियों के सुख में ही रत रहने वाला और दूसरा आंधी या तूफान। राम को छोड़कर जो व्यक्ति अन्य विषयों में मन को रमाता है, मार उसे वैसे ही गिरा देती है, जैसे सूखे वृक्षों को आंधियां।

कालिदास के महाकाव्य रघुवंश

रघुवंश में चाहे दिलीप हों अथवा रघु, गुरु के आज्ञापालक एवं धर्मपरायण है। महाराज दिलीप सर्वगुणसम्पन्न आदर्श राजा हैं।

रामचन्द्र का चित्रण कवि ने बड़ी सावधानी से किया है। उनके अन्दर दिलीप, रघु और अज के गुणों का समंवय है। रघुवंश के चतुर्दश सर्ग श्लोक में चित्रित, राजाराम के द्वारा परित्यक्ता जानकी का चित्र तथा उनका राम को भेजा गया सन्देश अत्यंत भावपूर्ण, गम्भीर तथा मर्मस्पर्शी है। राम के लिए ह्यराजाह्ण शब्द का प्रयोग विशुद्ध तथा पवित्र चरित्र धर्मपत्नी के परित्याग के अनौचित्य का मार्मिक अभिव्यञ्जक है।

महाकवि ने राम को हरि या विष्णु का ही पर्यायवाची माना है। राम प्रजारक्षक राजा हैं। लोकाराधन के लिए तथा अपने कुल को निष्कलंक रखने के लिए उनके द्वारा अपनी प्राणोपमा धर्मपत्नी सीता का निर्वासन आदर्श पात्र-सृष्टि का सुन्दर दृष्टांत है।

मैनेजमेंट गुरु हैं भगवान श्रीराम कवि और लेखक **डॉ. सुनील जोगी**

राम प्रतीक हैं- साधारण जन; मानवीय स्वतंत्रता-स्वायत्तता; लोक-तांत्रिक मूल्यवत्ता एंव सामूहिकता को समर्पित व्यक्तित्व के कवि **नरेश मेहता**

कहते हैं जो जपता है राम का नाम राम जपते हैं उसका नाम शतायु

राम देश की एकता के प्रतीक हैं- **डॉ राममनोहर लोहिया**

जन-जन के राम

डॉ. हाराधन कोईरी

सृष्टि के कण-कण में रमे राम की दिव्यता,भव्यता और शुभ्रता सबके ऊपर पड़ी है। राम सबके हैं। राम को मानने वालों को सबके लिए होना ही सच्चा रामादर्श है। राम मानवता और सामाजिक समरसता के शिखर पुरुष हैं। राम के आचरण से यह सिद्ध होता है कि मनुष्य वर्ण,जाति और गोत्र से श्रेष्ठ नहीं होते,बल्कि कर्म से,आचरण से,ज्ञान से और संस्कार से महान बनते हैं।

राम जब चौदह वर्ष के लिए वन को गये तब सबसे पहले उनके सहपाठी,मित्र और भक्त निषादराज गुह से मिले। मिलकर उनका आतिथ्य स्वीकार किये। निषादराज द्वारा लाये गये कंद,मूल और फल को उसी प्रकार खाये,जिस प्रकार कौशल्या आदि माताओं के द्वारा परोसे गये व्यंजन को रुचि पूर्वक खाते हैं। निषादराज के शूद्र होने पर भी राम ने कभी कोई भेदभाव नहीं किया। हमेशा उनको मान सम्मान दिये।

राम जब सीता,लक्ष्मण और मित्र निषादराज के साथ गंगा तट पर पहुँचे। पहुँच कर केवट से गंगा पार करने का आग्रह किया। तब-तक केवट अहल्या उद्धार की कथा सुन चुके थे। इसलिए केवट ने कहा कि मेरी आजीविका का साधन तो मेरी नाव है यदि आपके पांव रखते ही मेरी नाव मुझे छोड़कर चली जायेगी तो मेरा परिवार का क्या होगा? आपको गंगा पार तभी करा सकता हूँ जब आपके पांव को पखार कर परीक्षा न कर लूँ। तब राम ने कहा ठीक है, कर लो।

राम वन में अत्रि मुनि और अनुसूइया से मिले। वाल्मीकि के आश्रम को गये। उनसे रहने के लिए उपयुक्त जगह पूछे। तब वाल्मीकि ने पंचवटी में जाकर निवास करने की सलाह दी। राम पंचवटी में सुखपूर्वक रहने लगे। जब सीता का हरण हुआ तब राम- लक्ष्मण सीता की खोज करते हुए जटायु से मिले। जटायु का अंतिम संस्कार किये। फिर आगे बढ़ते हुए माता शबरी से मिले। शबरी राम के दर्शन पाकर भाव-विभोर हो गयीं। वे वन से बेर लायी थीं। उस बेर को चख- चखकर खट्टे को फेंक मीठे बेर को राम की ओर बढ़ाने लगीं। राम प्रेम के साथ उस बेर को खाने लगे। फिर शबरी के कहने पर राम उन्हें नवधा भक्ति का पाठ पढ़ाये। उस शबरी के आश्रम में राम ने कहा कि मैं भाव का भूखा हूँ। भक्ति के वश में रहता हूँ। भक्ति से हीन मनुष्य उसी प्रकार लगते हैं जिस प्रकार जलहीन बादल-

जाति पाँति कुल धर्म बड़ाई।
धन बल परिजन गुन चतुराई।।
भगति हीन नर सोहइ कैसा।
बिनु जल बारिद देखिअ जैसा।

इस प्रकार राम यदि जात-पात,ऊंच-नीच करते तो निषादराज का,शबरी का आतिथ्य कैसे स्वीकार करते ? हनुमान के कहने पर सुग्रीव से कैसे मित्रता करते ? यह राम का रामत्व ही है जो जटायु,सम्पाति,रीछ,वानर आदि से सस्नेह मिलते रहे। उन्हें अपनी करुणा का पाथेय बनाते रहे। परन्तु कुछ ऐसे भी लोग हुए जो राम के रामत्व को धूमिल करने लिए तुले हुए हैं। रामकथा में शंबूक वध तथा ढोल गवांर शूद्र पशु नारी जैसे प्रसंगों के माध्यम से राम के व्यक्तित्व को धूमिल करना चाहे,परन्तु कर नहीं पाये। वस्तुतः यह राम का रामत्व है। जब-तक धरती पर सूर्य,चन्द्र रहेगा तब-तक राम का रामत्व रहेगा। असल में राम जन-जन के हैं और जन-जन राम के हैं। (**सहायक प्रोफेसर स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग,गोस्सनर महाविद्यालय,राँची**)

पग-पग पर मयार्दा, त्याग, प्रेम और लोकव्यवहार के हमारे श्री राम

मनोज पाण्डेय

राम अगम हैं संसार के कण-कण में विराजते हैं। सगुण भी हैं निर्गुण भी। तभी कबीर कहते हैं निर्गुण राम जपहुं रे भाई।

आदिकवि ने उनके संबंध में लिखा है कि वे गाम्भीर्य में उदधि (सागर) के समान और धैर्य में हिमालय के समान हैं। राम के चरित्र में पग-पग पर मयार्दा, त्याग, प्रेम और लोकव्यवहार के दर्शन होते हैं। राम ने साक्षात परमात्मा होकर भी मानव जाति को मानवता का संदेश दिया। उनका पवित्र चरित्र लोकतंत्र का प्रहरी, उत्प्रेरक और निमार्ता भी है। इसीलिए तो भगवान राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव है और युगों-युगों तक रहेगा।

राम के जन्म का रहस्य

श्रीराम की असली जन्म दिनांक- जन्मतिथि को लेकर विद्वानों में मतभेद

सदियों से भगवान राम की कथा भारतीय संस्कृति में रची बसी है, मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम का जीवन चरित्र लोगों को सही राह पर चर्ढ्लिने की शिक्षा देता आ रहा है, लेकिन क्या भगवान राम से जुड़ी कहानी सिर्फ कथा है, क्या भगवान राम कल्पना हैं, आखिर हमारे पास भगवान राम के सच होने का क्या प्रमाण है?

कहा जाता है कि पांचवी से चौथी शताब्दी ईसा पूर्व जिस काल को ऋग्दवेद का काल कहा जाता है, तभी महर्षि वाल्मिकी ने रामायण की रचना की। लेकिन अब तक इस बात इतिहासकारों की राय बंटी हुई थी, लेकिन अब इस बात के सच होने का वैज्ञानिक प्रमाण मिल गया है।दिल्ली में स्थित एक संस्था इंस्टीट्यूट ऑफ साइंटिफिक रिसर्च ऑन वेदा यानी आई सर्व ने लंबे वैज्ञानिक शोध के बाद चौंकाने वाला दावा किया है। आई सर्व ने आधुनिक विज्ञान से जुड़ी 9 विधाओं, अंतरिक्ष विज्ञान, जेनेटिक्स, जियोलॉजी, एर्कियोलॉजी और स्पेस इमेजरी पर आधारित रिसर्च के आधार पर दावा किया है।

भारत में पिछले 10 हजार साल से सभ्यता लगातार विकसित हो रही है। वेद और रामायण में विभिन्न आकाशीय और खगोलीय स्थीतियों का जिक्र मिलता है, जिसे आधुनिक विज्ञान की मदद से 9 हजार साल ईसा पूर्व से लेकर 7 हजार साल ईसा पूर्व तक प्रमाणिक तरीके से क्रमानुसार सिद्ध किया जा सकता है।

पहली मान्यता- वाल्मीकि रामायण में भगवान राम के जन्म का क्या वर्णन है कि –

ततो य्रो समाप्ते तु ऋतुना षट् समत्युयः।
ततश्च द्वादशे मासे चैत्रे नावमिके तिथौ॥ नक्षत्रेऽदितिदैवत्ये स्वोच्चसंस्थेषु पंचसु।
ग्रहेषु कर्कटे लग्ने वाक्पताविन्दुना सह॥
प्रोद्यमाने जनन्नाथं सर्वलोकनमस्कृतम्।
कौसल्याजयद् रामं दिव्यलक्षसंयुतम्॥

भावार्थ- चैत्र मास के शुक्लपक्ष की नवमी तिथी को पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न में कौशल्यादेवी ने दिव्य लक्षणों से युक्त सर्वलोकवन्दित श्री राम को जन्म दिया। यानी जिस दिन भगवान राम का जन्म हुआ उस दिन अयोध्या के ऊपर तारों की सारी स्थिति का साफ-साफ जिक्र हैङ्ख अब अगर रामायण में जिक्र नक्षत्रों की इस स्थिति को नासा द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सॉफ्टवेयर प्लैनेटेरियम गोल्ड में उस वक्त की सितारों की स्थिती से मिलान और तुलना करें तो आईए जानते हैं कि क्या नतीजा मिलता है?

सूर्य मेष राशि (उच्च स्थान) में।

शुक्र मीन राशि (उच्च स्थान) में।

मंगल मकर राशि (उच्च स्थान) में।

शनि तुला राशि (उच्च स्थान) में।

बृहस्पति कर्क राशि (उच्च स्थान) में।

लगन कर्क के रूप में।

पुनर्वसु के पास चन्द्रमा मिथुन से कर्क राशि की ओर बढता हुआ।

शोध संस्था आई सर्व के मुताबिक वाल्मीकि रामायण में जिक्र श्री राम के जन्म के वक्त ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का सॉफ्टवेयर से मिलान करने पर जो दिन मिला, वो दिन है 10 जनवरी 5114 ईसा पूर्व। उस दिन दोपहर 12 बजे अयोध्या के आकाश पर सितारों की स्थिति वाल्मीकि रामायण और सॉफ्टवेयर दोनों में एक जैसी है। लिहाजा, रिसर्चर इस नतीजे पर पहुंचे कि रामलाला का जन्म 10 जनवरी 5114 ईसा पूर्व को हुआ।

आई सर्व के रिसर्चरों ने जब धार्मिक तिथियों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले चंद्र कैलेंडर की इस तिथि कोआधुनिक कैलेंडर की तारीख में बदला तो वो ये जान कर हैरान रह गए कि सदियों से भारतवर्ष में रामलला का बर्थ डे बिल्कुल सही तिथि पर मनाया जाता आया है।

आई-सर्व की दिल्ली शाखा की निदेशक सरोज बाला के मुताबिकङ्ख जो जन्मतिथि आती है वो है 10 जनवरी 5114 बीसी अब इसे लूनर कैलेंडर में कन्वर्ट कार वो चैत्र मास का शुक्ल पक्ष का नवमी निकला। अब हम सब जानते हैं कि चैत्र शुक्ल की नवमी को राम नवमी मनाते हैं, तो वही दोपहर को 12 से 2 बजे के बीच समान तिथि निकली है।

सॉफ्टवेयर की मदद से रिसर्चरों ने भी ये भी पता लगाया की रामलला के भाईयों का बर्थडे कब पड़ता है। इस मॉडल के मुताबिक भरत का जन्म पुष्य नक्षत्र तथा मीन लग्न में 11 जनवरी 5114 ईसा पूर्व को सुबह चार बजे लक्ष्मण और शत्रुध्न का जन्म अश्लेषा नक्षत्र एंव कर्क लग्न में 11 जनवरी 5114 ईसा पूर्व को 11 बज कर 30 मिनट पर हुआ।

राम अगम है संसार के कण-कण में विराजते हैं, हर्ष और विषाद में भी

स्पीड न्यूज

डीडीसी ने किया गोला प्रखंड का दौरा

रामगढ़। उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने गोला प्रखंड का दौरा किया। उन्होंने राकुवा सहित अन्य क्षेत्रों में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा बिरसा कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, ट्रेंच कम बंड सहित अन्य योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों का लिया जायजा। उप विकास आयुक्त ने लाभुकों से भी योजनाओं के माध्यम से मिल रहे लाभ की जानकारी ली एवं अधिकारियों को योजनाओं के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया । उन्होंने लाभुकों को भी अपने-अपने क्षेत्र में अन्य लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर लाभ लेने हेतु प्रेरित करने की अपील की। योजनाओं के निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा एरिया ऑफिसर एप के माध्यम से कई योजनाओं से संबंधित जानकारियां सत्यापित करते हुए पोर्टल पर अपलोड किया गया। उप विकास आयुक्त ने विभिन्न योजनाओं को पूरा करने एवं लाभुकों को लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

विद्यालय में काता प्रतियोगिता संपन्न

प्रधानाध्यापक, प्रशिक्षक व शिक्षकों के साथ सफल कराटेकार।

भुरकुंडा (रामगढ़)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा में चल रहे तीन दिवसीय काता प्रतियोगिता शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। इसमें 40 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ट कराटेकार मुस्कान कुमारी को प्रधानाध्यापक डमरू महतो ने गोल्ड मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं सफल प्रतिभागी सुहाना परवीन, खुशी कुमारी, आसरा कुमारी को गोल्ड मेडल दिया गया। जबकि मेघा कुमारी, सोनी कुमारी, अनीता मुंडा को सिल्वर मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं आरती कुमारी, दीपिका कुमारी, निहारिका कुमारी को स्कूल के प्रधानाध्यापक डमरू महतो, शिक्षक सतीश कुमार और अशोक कुमार ब्रांज मेडल देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके पर कराटे प्रशिक्षक कंचन दास ने बताया की मेरे देखरेख में आस्था सिंह द्वारा बालिकाओं को कराटे का गुर सिखाया गया है। प्रधानाध्यापक डमरू महतो ने बताया की आस्था सिंह ब्लैक बेल्ट सेकंड डान द्वारा कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आस्था बच्चियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शिविर को सफल बनाने में विकास कुमार, जान्हवी कुमारी का विशेष योगदान रहा।

अयोध्या महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न

टाटीझरिया। झरपो देवी मंडप प्रांगण में अयोध्या में रामलला की महोत्सव को लेकर बैठक रामबिलास साव की अध्यक्षता में किया गया जिसका संचालन छोटन कुमार ने किया बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की 21 जनवरी 2024 को कलश यात्रा निकाला जाएगा 22 जनवरी 2024 देवी मंडप में पूजा अर्चना हवन प्रसाद वितरण किया जाएगा ग्रामीणों द्वारा पूजा तक 20 जनवरी से लेकर 22 जनवरी 2024 तो पूरे ग्राम में मांस ,दारू बेचने और लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है । बैठक में उपप्रमुख रवि वर्नवावाल , उपमुखिया राजेंद्र कुमार उर्फ राजा दयाल प्रसाद सुरेंद्र राणा, रामलखन पांडेय, सोनू पंडा, सुबोध पंडा, महेंद्र पंडा, बढ़न पासवान, रघुनंदन प्रसाद, छोटी महतो, गणेश राम, परमेश्वर महतो, सिकंदर प्रसाद, प्रभु माली, प्रबील महतो सहित ग्रामीण उपस्थित थे ।

चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

चरही। चुरचू प्रखंड के चरही प्लस टू उच्च विद्यालय में सहायक आयकर आयुक्त, अंचल -१ हजारीबाग कार्यालय के द्वारा शुक्रवार को आयकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मंच का संचालन आयकर निरीक्षक अमनदीप जबकि मुख्य वक्ता के रूप में वीरेन्द्र केरकेट्टा ,सहायक आयकर आयुक्त एवं अनुज कुमार सिंह तथा वरीय कर सहायक ने अपनी बातें रखी । वही कार्यक्रम में विभाग की ओर से परेश मेहरा आयकर नीरज लाल ने संयुक्त रूप से विद्यालय के छात्रों को आयकर से संबंधित होने वाले फायदे और नुकसान के बारे में कई जानकारी दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य पारसनाथ महतो सहित विद्यालय के कई शिक्षक थे।

जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र को ले सीओ को सौंपा ज्ञापन

बरही। प्रखंड अंतर्गत खोडाहार पंचायत के उपमुखिया रोहित यादव ने बरही अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो को एक लिखित ज्ञापन सौंपते हुए जानकारी दिया कि पंचायत के अधिकतम रैयतो के पास डीवीसी का खतियान, पर्चा, भूदान, वन पट्टा एवं अन्य प्रकार की ऑफलाइन भूमि के कागजात है, जिससे ग्रामीणों के पढ़ने लिखने वाले बच्चो को आय, जाति, आवासीय एवं अन्य प्रकार के प्रमाण पत्रों को बनाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कागजातो के प्रमाणिकता की जांच कर अनुसंशा किया जाता था और उनका प्रमाण पत्र आसानी से बन जाता था। विगत कुछ दिनों से उक्त प्रमाण पत्रों को बनाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उपमुखिया रोहित यादव ने अंचलाधिकारी से उक्त विषय को संज्ञान में लेकर समस्या का समाधान करने की बात कही।

कांग्रेस सेवा दल का सम्मेलन संपन्न

पदमा। प्रखंड अंतर्गत पदमा पंचायत भवन में शुक्रवार कांग्रेस सेवा दल का एकदिवसीय लोकसभा स्तरीय सम्मेलन किया गया। सम्मेलन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की अध्यक्ष नेली लाथन, बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल प्रभारी कांग्रेस सेवा दल भरत रावत, प्रदेश महासचिव छोटू सिंह, जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता उपस्थित हुए। इस अवसर पर विधायक ने कांग्रेस सेवा दल कार्यकताओं से निस्वार्थ भाव से काम करते हुई कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करने का आग्रह किया। कहा कि घर-घर जाकर कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं की बताएं एवं कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत करें। वही प्रदेश अध्यक्ष नेली लाथन ने कहा कि बहुत जल्दी कांग्रेस सेवा दल का प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। सम्मेलन में नए कांग्रेस सेवा दल बनाए गए प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ पासवान, जिला महासचिव बबीता देवी, जिला सह सचिव सोनम कुमारी मेहता, सचिव दीपक गुप्ता को माला बनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पदमा मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता , कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता, बीस सुत्री अध्यक्ष संजय यादव पूर्व प्रखंड विधायक प्रतिनिधि विजय रविदास, ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, कांग्रेस पार्टी के राजकुमार रविदास, मोहम्मद लतीफ, संजय मेहता, कुलदीप रविदास, राजेश मेहता अशोक राणा, चौबेराम, दीपक कुमार, भुनेश्वर प्रसाद मेहता, रामचंद्र मेहता, मुकेश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कुजू में प्रकाशोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा

शोभा यात्रा के आगे चलते पंच प्यारे।

करतब दिखाते गतका पार्टी।

शोभा यात्रा का स्वागत करते प्रतिनिधि।

खबर मन्त्र संवाददाता

कुजू। सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव को लेकर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ने निकाला भव्य शोभायात्रा। इस दौरान गुरुद्वारा प्रधान अरविन्दर सिंह बग्गा के कुंदरिया बांध, डटमामोड़ स्थित आवास से फूलों से सुसज्जित वाहन पर सवार पवित्र श्री गुरुग्रंथ साहिब के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा के आगे भगवा वस्त्र धारण किए पंज प्यारे अरविन्दर सिंह बंटी, हरजीत सिंह विपल, हरबिंदर सिंह बंटी, विशाल सिंह,रंजीत सिंह व निशान साहिब लिए चरणजीत कौर, साहिबा, जगप्रीत, रबनीक व सिमरजीत कौर अगुवाई कर रहे थे। वहीं गुरु के वाहन के पीछे चल रही महिलाएं गुरु का गुणगान कर रहे थे। इधर बेरमो,बोकारो के प्रसिद्ध गायक दलजीत सिंह दीवाना व गायिका सिमरन कौर ने गुरु गुणगान कर शोभायात्रा में चार चांद लगा दिए। वहीं टाटा नगर से आए गतका पार्टी के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाया। शोभायात्रा का डटमामोड़ में मुखिया जयकुमार ओझा उर्फ बुच बाबा, मुखिया राकेश मेहता, जिप सदस्य दयामन्ति देवी, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, पूर्व मुखिया अशोक कुमार आदि द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। जबकि कई स्थानों पर मार्केट के दुकानदारों द्वारा चाय-पानी आदि की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा के समापन के बाद संगत ने गुरु के अटूट लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। शोभा यात्रा में जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल, वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरू जी की फतेह के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। शोभायात्रा में प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, कुलदीप प्रसाद, शंकर प्रसाद, संदीपा केशरी, मेघलाल राम, जमुना पांडेय, अखिलेश सिंह, आनंद साहनी, आकाश ओझा, प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा,मंजीत सिंह पप्पू,सुरजीत सिंह छाबड़ा, पाले गिल, गुरदीप सिंह गुंडे, रिक्की छाबड़ा,अरविंदर सिंह होरा, गुरमीत सिंह सलूजा,मंजीत सिंह शम्मी, दीपक सलूजा, गुरमीत सिंह बग्गा, अमरजीत सिंह बग्गा, सन्नी देओल, पप्पू सिंह, रामदयाल चोपड़ा, अमरजीत सिंह छाबड़ा, अंकित, रिंकल, सिरत, वर्षिप, देव बाबू, रश्मित, राजवीर, प्रीत सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

श्री अग्रसेन स्कूल ने बच्चों ने बनाया राम दरबार

- 400 बच्चों ने 15 हजार वर्गफीट की रंगोली, रंगोली देखने के लिए लगा तांता, लोगों ने की बच्चों की प्रशंसा

रंगोली बनाते विद्यार्थी।

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के अयोध्या आगमन पर श्री अग्रसेन स्कूल के बच्चों ने शुक्रवार को राम दरबार सजाया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न रंगों से राम दरबार की करीब 15 हजार वर्गफीट की भव्य रंगोली बनाई। छोटे-बड़े करीब 400 बच्चों की टोली ने कला शिक्षक कुंदन विश्वकर्मा के नेतृत्व में यह रंगोली तैयार की। रंगोली तैयार करने में करीब 8 घंटे का समय लगा। राम दरबार की रंगोली बनाने में विभिन्न रंगों, फूलों और पत्तियों का इस्तेमाल किया गया था। रंगोली जैसे-जैसे आकार लेती जा रही थी, बच्चों का उत्साह और बढ़ता जा रहा था। पूरी तरह तैयार होने के बाद राम दरबार रंगोली की खूबसूरती और भव्यता को देखने के लिए अभिभावक और क्षेत्र के लोग आने लगे। शाम तक लोगों का तांता लगा रहा। सभी आगंतुकों ने बच्चों की मेहनत की सराहना की। स्कूल के सभी बच्चे बारी-बारी से छत के ऊपर से इस भव्य रंगोली का अवलोकन कर मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि देश और काल के मुद्दों के साथ तारतम्यता बनाए रखना बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। अयोध्या में राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा देश के इतिहास का एक खास मोड़ है। इस पल के साथ बच्चों को जोड़ने और श्री राम के स्वागत के इस पल को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरा देश तैयारी में जुटा है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा की इस अभूतपूर्व आयोजन का उद्देश्य उत्सव को यादगार बनाने के साथ साथ बच्चों को अपनी संस्कृति से जुड़ते हुए कला के क्षेत्र में आगे बढ़ाना था। विद्यालय परिवार ने भी अपने आयोजन से इस अवसर को यादगार बनाने का प्रयास किया है।

मरकच्चो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

कोई भी पर्व खुशी और आनंद बांटने के लिए होते हैं: थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

मरकच्चो (कोडरमा)। थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक की गयी। वहीं बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विजय सिंह व संचालन थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित हुए। वहीं निर्णय लिया गया कि अगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा एवं गणतंत्र दिवस सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि कोई भी पर्व खुशी और आनंद बांटने के लिए होते हैं। 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रमों को शांति से मनाये, ऐसा कोई काम ना करें, जिससे किसी दूसरे को परेशानी हो। आयोजन होने वाले कार्यक्रमों से पहले प्रशासन से अनुमति लेनी होगी, ध्वनि विस्तारक यंत्रों को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार ही बजायें, सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले कार्यक्रमों की सूचना प्रशासन को दें, हिंदू-मुस्लिम आपस में पर्वों को मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण बनाने की मिसाल को कायम रखे। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दे। मौके पर बीडीओ सह सीओ सना उस्मानी, इंस्पेक्टर अवधेश कुमार, रंजीत सिंह, राजकुमार यादव, रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, नूर आलम, सुनील यादव, रविंद्र पांडेय, नकुल यादव, मनोज मोदी, दिवाकर तिवारी, मो खलील, राजेश पासवान, अबुल रजा, मिन्हाज अंसारी, मो. जमिल अहमद, अफजल मियां, उपेंद्र यादव, तोकीर अहमद, अशोक दास, जाकीर अंसारी, दशरथ यादव उर्फ संजू, मुखलाल वर्मा, सकलदेव सिंह, नसीम अंसारी, मकबूल आलम समेत दोनों समुदाय के दर्जनों लोग मौजूद थे।

रतवे में श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ आज से

हनुमान मंदिर।

कुजू। रतवे पंचायत अंतर्गत ग्राम काचाडाडी में श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 जनवरी से प्रारंभ किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजनाथ महतो ने जानकारी ने दी उन्होंने बताया कि 20 जनवरी शनिवार से जल यात्रा समेत कई कार्यक्रम, 21 जनवरी को नगर भ्रमण और 22 जनवरी को प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा पूणार्हुति समेत कई कार्यक्रम किए जाएंगे। इधर, महायज्ञ को लेकर मंदिर का साथ साज सज्जा, यज्ञ मंडप एवं प्रवचन कार्यक्रम स्थल की तैयारी पूरी कर ली गई है। 20 एवं 21 जनवरी को संध्या बेला में धनबाद के प्रवचनकर्ता मोहन बाबा द्वारा प्रवचन कार्यक्रम एवं 22 जनवरी को रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को वाराणसी से आये यज्ञाचार्य आचार्य पंडित वीरेंद्र पांडेय द्वारा विधिवत एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।

भुरकुंडा : काली मंदिर में भव्य भंडारा

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। श्रीश्री काली पूजा समिति के तत्वावधान में भुकुंडा थाना मैदान स्थित काली मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ काली पूजा समिति के अध्यक्ष पप्पू सिंह, भुरकुंडा माइन अ के मैनेजर बबलू कुमार और भुरकुंडा माइन बी के खान प्रबंधक रवि रंजन कुमार, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य शशि भूषण सिंह, कोल फील्ड मजदूर यूनियन के एरिया अध्यक्ष रमाकांत दुबे व सचिव अशोक गुप्ता द्वारा श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण कर किया गया। भंडारा में सैंकड़ो महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बच्चों के बीच पप्पू सिंह द्वारा बिस्किट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभास दास, उदय स्वर्णकार, कामेश्वर मेहता, रोशन सोनी, पप्पू सिंह, अनिल पासवान, पप्पू यादव, विकास गोस्वामी, घनश्याम, रामश्रेष्ठ, श्रवण कुमार, दयानंद प्रसाद केसरी, सत्येंद्र राम, शांति देवी, तारा वर्मा, किरण देवी, राजेश मिश्रा, अशोक कुमार, निखिल कुमार, राजू प्रसाद, अजीत सिन्हा, मनोज करमाली, रविंद्र शाह, योगेश दांगी, किशुन नायक, मनोज कुमार, राज करमाली, दिनकर सिंह, दिनकर सिन्हा, जसवंत शर्मा, उमेंद्र कुमार,विशाल महतो आदि का विशेष योगदान रहा। मौके पर भुरकुंडा प्रोजेक्ट इंजीनियर अंकुर विश्वनाथ, भुरकुंडा के खान प्रबंधक बबलू कुमार, रवि रंजन कुमार, पंकज कुमार सिंह, अविनाश चंद्रा, धीरेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, रिशु कुमार, राम कुंजल महतो मौजूद थें।

भंडारा में सीसीएल के अधिकारी व काली पूजा समिति के लोग।

अज्ञात चोरों ने तीन सोलर उड़ा ले गए

कुंदा (चतरा)। थाना क्षेत्र के बेसरा गांव मे मुख्य मंत्री जनजल योजना के द्वारा लगाई गई सोलर प्लेट ,अज्ञात चोरों ने गुरुवार के मध्यरात्रि 3 सोलर प्लेट, पैनल से निकाल कर उडा ले गए। इसकी सूचना ग्रामीण ने दिया उन्होंने बताया कि ये योजना मुख्यमंत्री जनजल योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति बहुमूल्य टोला में लगाई गई थी जिससे लगभग 50 घर लाभान्वित थे।। हालांकि इस मामले को लेकर कुंडा थाना को ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग किया है।

अयोध्या मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

चंदवारा (कोडरमा)। थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ अशोक कुमार भारती व संचालन थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को नवनिर्मित अयोध्या मंदिर के लोकार्पण व प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन है। अमन एवं शांति बनी रही तथा सभी धर्म के लोगों के बीच भाईचारा बना रहे इसके लिए कोई भी व्यक्ति ऐसा काम नहीं करेंगे, जिससे समाज की शांति भंग हो और अप्रिय स्थिति निर्मित होती हो। सभी लोग एक-दूसरे के धार्मिक त्यौहारों एवं उत्सवों का सम्मान करेंगे और साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखेंगे। वहीं थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि कोई भी समस्या हो व किसी भी प्रकार से कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो बिना देर किए पुलिस को सूचित करें। साथ ही सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबरें को ना फैलाएं, जिससे क्षेत्र में अशांति का माहौल बने। सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बीडीओ कनक, पुष्पा देवी, लक्ष्मण यादव, प्रमोद बर्णवाल, लीलावती देवी, राजू यादव, अशोक सिंह, रामप्रसाद यादव, महेंद्र यादव, मो कुदुश, गौतम कुमार आदि मौजूद थे।

लतबेधवा के विद्यार्थियों ने ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन का किया शैक्षणिक भ्रमण

कोडरमा। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लतबेधवा जयनगर के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान का व्यावसायिक शैक्षिक भ्रमण किया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब, बायोलॉजी लैब, मैथ्स लैब, केमिस्ट्री लैब, साइकोलॉजी लैब, स्मार्ट क्लास व हर्बल गार्डन का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को स्मार्ट बोर्ड के द्वारा कुछ प्रेरणादायक वीडियो भी दिखाई गए एवं महाविद्यालय की आधारभूत संरचना के बारे में बताया गया, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए एवं उत्साहवर्धन किया। वहीं उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि यदि हमें अपने जीवन में सफल होना है तो हमें अपने जीवन में लक्ष्य का निर्धारण अवश्य करना चाहिए। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम उद्गर यादव ने शैक्षिक भ्रमण व्यवस्था के लिए महाविद्यालय का धन्यवाद किया। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत, शिक्षक प्रदीप कुमार, अभय नारायण, अमित मिश्रा, नीरज कुमार वर्मा, मनीष कुमार पासवान, खुशबू कुमारी सिन्हा, मनीष कुमार सिन्हा, सीताराम यादव एवं महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं बीएड सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु आदि मौजूद थे।

हाथियों का झुंड ने किसानों का फसल नष्ट किया

हथियों द्वारा धवस्त घर।

खबर मन्त्र संवाददाता

- कई ग्रामीण किसानों का घर और बाउंड्री वॉल हाथियों ने किया ध्वस्त

मांडू। मांडू चट्टी और मांडू डी दोनो पंचायत में शुक्रवार अहले सुबह 3:30 बजे बड़की गरगाली में ग्रामीण किसान कार्तिक गंझु,मोहन गंझू के बाउंड्री वॉल तोड़कर हाथियों का झुंड कई घरों का खिड़की दरवाजा तोड़कर घर का खान सामग्री आलू चावल को खाया गया। साथ ही चारों तरफ बिखेर दिया और बारी में लगा फसल राहर, गोभी केला, बैगन, टमाटर, आलू फसलों को रौंद कर नष्ट कर दिया। मांडू डी निवासी संजय साव के घर के पीछे वाला बाउंड्री वॉल तोड़ के अंदर घुसकर हजारों रूपया का लगाया हुआ फल नष्ट कर दिया। हाथियों की संख्या 35 बताया जा रही है। जिसमें चार छोटा बच्चा हाथी भी शामिल है रेस्क्यू टीम ने हाथियों के झुंड को मसाल जलाकर चारों तरफ से दिखाते हुए आगे बढ़ते हुए सिमरा जंगल की ओर ले गई जहां हाथियों के झुंड ने खेराजरा सिमरा स्थित जंगल नालों के बीच बैठ गए रेस्क्यू टीम ने इस कार्य को बिहार के पटना और लातेहार, पलामू, सिमडेगा के कई बन क्षेत्रों से जाकर जान जोखिम में डालकर रात दिन मेहनत करके ग्रामीणों के सेवा में कार्य कर रहे हैं हर क्षेत्र से वन विभाग को जानकारी देकर सहयोग लिया जा रहा है रेस्क्यू टीम संचालित करता विनोद मुर्मू ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताएं कि कभी भी जंगली हाथियों का गांव तरफ आकर उत्पाद तोड़ फोड़ करने लगे तो जान बचाने के लिए कभी भी सीधा रास्ता में सीधा नहीं भागना चाहिए. तिरछा सांप की तरह टेढ़ा-मेढ़ा भागने से बचा जा सकता है साथ ही साथ ढालू वाले निचले स्तर रास्ते या भूमि में जाने के लिए हाथियों को अधिक बल लगाना पड़ता है वजन शरीर होने के कारण गिर जाने का भय बना होता है। इसलिए किसी भी व्यक्तियों को हाथी से बचने के लिए नीचे वाले स्टार भूमि में दौड़ना चाहिए क्योंकि ऊंचे अस्तर चढ़ाई में जाने से हाथियों को दौड़ने में आसानी होता है बल मिलता है इस तरह से हाथियों से बचा जा सकता है रेस्क्यू टीम में मुख्य रूप से विनोद मुर्मू, लालधन मुर्मू, सूरज लाल मुर्मू, सुनील मुर्मू, रामनाथ मुर्मू, जागेश्वर मुर्मू, रामकुमार गुलाब मुर्मू शामिल हैं।

सेक्रेड हार्ट स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। सेक्रेड हार्ट स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक विद्यालय के मीटिंग हॉल में की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा एवं संचालन निर्देशक प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था, सीबीएसई द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर की बोर्ड परीक्षा का सेंटर सेक्रेड हार्ट स्कूल में दिया गया है, जिसे सफलतापूर्वक संचालित करने, अपने विद्यालय की वार्षिक परीक्षा के सफल संचालन समेत अन्य बातों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा दिल्ली में आयोजित जी-20 शिक्षा शिखर सम्मेलन में सेक्रेड हार्ट स्कूल को राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आठवां स्थान मिलने तथा जिला स्तर पर पहला स्थान मिलने पर हर्ष जताया गया। वहीं जापान ऑन कैनवस परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय की दो छात्राओं हंसिका रानी और स्वीटी कुमारी का चयन होने पर दोनों को बधाई दी गई और खुशी का इजहार किया गया। इस दौरान जी-20 शिक्षा शिखर सम्मेलन में विद्यालय की बड़ी उपलब्धि पर प्रबंधन समिति के द्वारा निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य प्रमोद शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने समिति के प्रति आभार जताया और कहा कि विद्यालय का प्रयास छात्रों के उज्वल भविष्य को लेकर हमेशा से रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र में नई शिक्षा नीति के तहत एनसीएफ के आधार पर शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में समिति के पदाधिकारी और सदस्यों की ओर से भी कई सुझाव आए, जिस पर अमल किए जाने की बात कही गई। बैठक में मो. आरिफ अंसारी, पिंकी जैन, सुरेंद्र मिस्त्री, फखरुद्दीन अली, मो. परवेज, ममता वर्मा, मौसमी विश्वास, मो. असित, अजीत कुमार, अंशिका सिंह, प्रवीण कुमार, सुभय कुमार, मनोज कुमार पांडेय समेत विद्यालय प्रबंधन समिति आदि मौजूद थे।